राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-326
लखनऊ, मंगलवार 16 जुलाई 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com




हर व्यक्ति की समस्या का होगा निदान : केशव प्रसाद मौर्य 03

वेविन ने रोहित शर्मा को बनाया ब्रांड एम्बेसडर 12

## संक्षिप्त समाचार

### बीएसएफ ने तीन बांग्लादेशी घुसपैठियों को किया गिरफ्तार

**किशनगंज ।** भारत-बांग्लादेश सीमा पर तारबंदी के बावजूद अवैध तरीके से भारत में घुसपैठ की कोशिश बांग्लादेशी घुसपैठियों की तरफ से लगातार किया जा रहा है। सोमवार अहले सुबह तीन बांग्लादेशी घुसपैठिए को बीएसएफ के जवानों ने अवैध तरीके से भारतीय सीमा से बंग्लादेश की सीमा में प्रवेश कर रहे तीन बंग्लादेशियों को गिरफ्तार कर लिया। किशनगंज सेक्टर के तहत 72वीं बटालियन बीएसएफ के बीओपी बोर्रा के सतर्क जवानों ने तीनों को उस वक्त गिरफ्तार किया जब वो भारतीय सीमा से बांग्लादेश में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। गिरफ्तार लोगों से जब पूछताछ की गई तो तीनो बांग्लादेशी नागरिक निकले।

### मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 22 तक बढ़ाई गई

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को शराब घोटाला मामले में आप नेता और पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 22 जुलाई तक बढ़ा दी। राउज एवेन्यू कोर्ट की जज कावेरी बावेजा ने ये फैसला सुनाया। इससे पहले पिछले सप्ताह सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस न्यायमूर्ति संजय कुमार ने सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था। तीन जजों की पीठ का नेतृत्व कर रहे न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने सिसोदिया का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी को जस्टिस संजय कुमार के सुनवाई से अलग होने के बारे में सूचित किया था। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा, ष्डॉ. सिंघवी, जस्टिस कुमार व्यक्तिगत कारणों से इस मामले की सुनवाई नहीं करना चाहेंगे।

### उप्र : चार दिन कमजोर रहेगा मानसून, बढ़ेगा तापमान

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश से मानसून एक बार फिर रुठ गया और आगामी चार दिन अधिक बारिश की संभावना नहीं है। हालांकि स्थानीय स्तर पर बूंदाबांदी के आसार बने हुए हैं। इसके साथ ही गंगा के तराई क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश बंगाल की खाड़ी से आ रही नम हवाओं के कारण होती रहेगी। इस बीच आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रहेगी। मौसम विभाग ने चार दिन बाद तेज बारिश की संभावना जताई है। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने सोमवार को बताया कि मानसून की जो अक्षीय रेखा यूपी में टिकी थी वह अब द. भारत की ओर खिसक गई है। वेधशाला से जो जानकारी मिल रही है 20 जुलाई को मानसून की अक्षीय रेखा उत्तर भारत की ओर आ सकती है।

### इमरान की पार्टी पीटीआई पर प्रतिबंध लगाने का ऐलान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पर प्रतिबंध लगाने का ऐलान किया है। सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने सोमवार को यह घोषणा ऐसे समय में की है, जब कुछ दिन पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने पीटीआई को राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभाओं में आरक्षित सीटों के हिस्से के लिए योग्य घोषित कर दिया था। सरकार ने सभी उपलब्ध सबूतों को देखने के बाद पीटीआई पर प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया है।

मुख्यमंत्री योगी ने ऊर्जा विभाग के मंत्री की उपस्थिति में सभी डिस्कॉम के वरिष्ठ अधिकारियों और अभियन्ताओं के साथ की बैठक

# हर गांव-हर मजरे तक पहुंचाई बिजली

▸ बिलिंग व कलेक्शन बढ़ाना चुनौती, मिलकर करें प्रयास

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को ऊर्जा विभाग के मंत्री की उपस्थिति में प्रदेश में बिजली उत्पादन, पारेषण और वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। बैठक में उत्तर प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ-साथ सभी डिस्कॉम के वरिष्ठ अधिकारियों और अभियन्ताओं की भी सहभागिता रही।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में बीते 07 वर्षों में प्रदेश में सबको बिजली-निर्बाध बिजली का संकल्प पूरा हो रहा है। हर गांव-हर मजरे तक बिजली उपलब्ध कराई गई है। यह सुखद है कि आज बिना किसी भेदभाव अथवा वीआईपी कल्चर के आपूर्ति की जा रही है। इस बार भीषण गर्मी के बीच आम जन की सुविधा के लिए अतिरिक्त प्रयास करते हुए 15 मार्च से 30 जून तक पूरे प्रदेश में 24 घंटे बिजली आपूर्ति की गई। विभिन्न हाइड्रो पॉवर प्रोजेक्ट के अतिरिक्त आज प्रदेश में अनपरा, हरदुआगंज, ओबरा, पारीछा और जवाहरपुर में 22 थर्मल परियोजनाएं सफलतापूर्वक चल रही हैं। घाटमपुर, पनकी, ओबरा-सी और जवाहरपुर में निर्माणाधीन इकाइयों का कार्य तेजी के साथ पूरा करा लिया जाए। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी के साथ संयुक्त उपक्रम के रूप में स्थापित हो रही ओबरा डी, अनपरा ई और मेजा तापीय परियोजना-द्वितीय चरण के अलावा, टीएचडीसी के साथ निर्माणाधीन खुर्जा तापीय परियोजना का कार्य तेज किये जाने की अपेक्षा है। इन प्रयासों से प्रदेश की विद्युत उत्पादन क्षमता में बढ़ोतरी होगी। रिहंद बांध, ओबरा जलाशय तथा इसके आस पास के क्षेत्र में पम्प स्टोरेज प्लांट स्थापित किये जाने की संभावना का अध्ययन कराया जाए। बिजली की मांग तेजी से बढ़ रही है। वर्ष 2018-19 में एक दिन में सर्वाधिक 20062 मेगावॉट की मांग रही, जो इस सत्र में 13 जून को 30618 मेगावॉट तक पहुंच गई थी। मांग के सापेक्ष पर्याप्त बिजली आपूर्ति कराया जाना सुनिश्चित कराएं। सीएम योगी ने कहा कि हर घर बिजली-निर्बाध बिजली के संकल्प की पूर्ति में विद्युत पारेषण तंत्र को और बेहतर किया जाना आवश्यक है। नए सब स्टेशन स्थापित करने से पूर्व वहां की आवश्यकता का अध्ययन जरूर किया जाए। अगले पांच वर्ष की आवश्यकता के अनुरूप लक्ष्य निर्धारित करते हुए नए सब स्टेशनों की स्थापना कराई जाए। गांव हो या नगरीय क्षेत्र, ट्रांसफार्मर खराब हो तो बिना विलंब तत्काल सुधार होना चाहिए।

**एक भी उपभोक्ता को न मिले गलत बिजली बिल**

मुख्यमंत्री ने कहा कि पॉवर कॉर्पोरेशन के सामने सबसे बड़ी चुनौती है सही बिल और समय पर बिल उपलब्ध कराना तथा सभी उपभोक्ताओं से बिल की राशि का संग्रह करना। प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित किया जाए कि एक भी उपभोक्ता को गलत बिजली बिल न मिले और सभी को समय से बिल मिल जाए। ओवरबिलिंग अथवा विलंब से बिल दिया जाना उपभोक्ता को परेशान तो करती ही है, व्यवस्था के प्रति निराश भी करती है। वह बिल जमा करने के प्रति उत्साहित नहीं होता। ऐसे में समय से बिल और सही बिल दिया जाना सुनिश्चित करें। उपभोक्ताओं से संवाद बनाएं। इसके लिए डिस्कॉम से लेकर फीडर तक सभी को ठोस प्रयास करना होगा। नियोजित प्रयासों से लाइन लॉस में लगातार कमी आ रही है। बिजली चोरी को रोकें। मीटर रीडर के काम की मॉनीटरिंग की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि बिजली मीटर जांच/बिल बकाया के नाम पर किसी उपभोक्ता का उत्पीड़न नहीं होगा। हर उपभोक्ता के साथ हमारा व्यवहार सद्भावनापूर्ण होना चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रति लोगों में उत्साह है। अब तक 18 लाख से अधिक लोगों ने इस योजना से जुड़ने के लिए पंजीयन कराया है। उचित होगा कि इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। अधिकाधिक लोगों को इस योजना से परिचित कराएं। अयोध्या के साथ-साथ सभी नगर निगमों को %सोलर सिटी% के रूप में विकसित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि झांसी, ललितपुर, कानपुर नगर, कानपुर देहात, चित्रकूट और जालौन में प्रस्तावित सोलर पार्क के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेजी से पूरी करें। इसी प्रकार, जैव ऊर्जा नीति के अनुरूप, सीबीजी, बायो कोल और बायो डीजल प्लांट की स्थापना की कार्यवाही को भी आगे बढ़ाया जाए।

## उन्नाव बस दुर्घटना प्रकरण में यात्री व मालकर अधिकारी हुए सस्पेंड

▸ ट्रांसपोर्ट कमिश्नर ने पकड़ी धांधली

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने आज उन्नाव बस दुर्घटना प्रकरण में कार्रवाई करते हुए रविचन्द्र त्यागी यात्री, मालकर अधिकारी, बाराबंकी को उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक अनुशासन एवं अपील नियमावली, 1999 के नियम-7 के अन्तर्गत अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित करते हुए तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है। निलम्बन अवधि में रविचन्द्र त्यागी कार्यालय परिवहन आयुक्त मुख्यालय से सम्बद्ध रहेंगे। प्रकरण में 10 जुलाई को उन्नाव में वाहन संख्या-यूपी 95 टी-4729 एवं टैंकर के मध्य हुयी सडक दुर्घटना में कतिपय यात्रियों की आकस्मिक मृत्यु हो गयी तथा कुछ घायल हो गये।

मुख्यालय स्तर से गठित 03 सदस्यीय समिति ने आख्या में स्पष्ट किया कि बस प्रायः बिहार से कुशीनगर होते हुए गोरखपुर, बस्ती, अयोध्या, लखनऊ, कानपुर आगरा नोएडा व गाजियाबाद के रास्ते संचालित हो रही थी। बस प्रदेश की सीमा में प्रवेश करते हुए कुशीनगर, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, अयोध्या, बाराबंकी, लखनऊ होते हुए उन्नाव में दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। वाहन एएसआई 119 के मानक के अनुरूप नहीं पायी गयी। नेशनल वाहन पोर्टल से प्राप्त सूचनानुसार श्री त्यागी ने यात्रीकर अधिकारी गोरखपुर के पद पर रहते हुये प्रश्नगत वाहन के 07 चालान किये। 07 चालान दिन के समय में किये गये। चालान संख्या यूपी 99322122110251O जो 21 दिसंबर 2022 को प्रातः 10 बजकर 25 मिनट पर जीरो प्वाइण्ट, कालेसर पर किया गया है, वहां से सहजनवां थाना की दूरी लगभग 02 किमी है, परन्तु श्री त्यागी द्वारा वाहनों के प्रपत्रों की वैधता की समाप्ति के दृष्टिगत गम्भीर विमर्श नहीं करते हुये प्रवर्तन अधिकारी के रूप में दृढ इच्छाशक्ति की कमी एवं पूर्ण मनोयोग से प्रवर्तन कार्य नहीं किये जाने के कारण वाहन का फिटनेस समाप्त होने के बावजूद वाहन को थाने में निरुद्ध न करके चालान करके जाने दिया गया।

## कायाकल्प पुरस्कार के लिए प्रदेश के 125 सरकारी अस्पतालों का मूल्यांकन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** कायाकल्प पुरस्कार के लिए प्रदेश में पहली बार एक दिन में एक साथ 125 सरकारी अस्पतालों का मूल्यांकन हुआ है। हर अस्पताल के मूल्यांकन के लिए दो-दो असेसर नियुक्त किए गए थे। अब योग्य अस्पतालों का बाहरी मूल्यांकन किया जाएगा और फिर उन्हें कायाकल्प अवार्ड मिलेगा।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के महाप्रबंधक डॉ निशांत जायसवाल के अनुसार कायाकल्प अवार्ड पाने के लिए किसी सरकारी अस्पताल को तीन चरण के मूल्यांकन से गुजरना होता है। पहला चरण-इंटरनल एसेसमेंट, दूसरा चरण-पियर एसेसमेंट और तीसरा-एक्सटर्नल एसेसमेंट। ये 125 अस्पताल पहले चरण को पार कर चुके हैं। दूसरे चरण यानि पीयर एसेसमेंट का बारी कल थी। मिशन निदेशक डॉ पिंकी जोवल के निर्देश पर प्रदेश के 75 जनपदों के 125 अस्पतालों ने एक ही दिन एक साथ मूल्यांकन कराया। इनमें जिला महिला अस्पताल भी शामिल हैं। महाप्रबंधक डॉ निशांत जायसवाल ने बताया कि दूसरा चरण पास करने पर इन सभी अस्पतालों को एक्सटर्नल एसेसमेंट से गुजरना पड़ेगा। उसके बाद इनको कायाकल्प अवार्ड मिल जाएगा।

### महाराष्ट्र के नासिक में फोर्ट पर फंसे पर्यटकों का रेस्क्यू

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में तेज बारिश के कारण कई नदियां उफान पर हैं। नासिक के अंजनेरी फोर्ट में 10 से ज्यादा पर्यटक सीढ़ियों पर पानी के तेज बहाव में फंस गए। हालांकि कुछ घंटों के बाद उन्हें वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू किया। इसके अलावा रत्नागिरी और चंद्रपुर में देर रात और सुबह तेज बारिश हुई। इससे इन जिलों में सड़कों और निचले इलाकों में पानी भर गया। खेड में दीवानखावटी स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर मलबे के कारण रेल सेवा बाधित हुई है। कई ट्रेनें अलग-अलग स्टेशनों पर चार से पांच घंटे लेट हैं। उधर, नेपाल से सटे इलाकों में तेज बारिश के कारण गंगा नदी उत्तर प्रदेश और बिहार के कुछ जिलों में खतरे के निशान के करीब बह रही है।

## तालाब में डूबकर हुई चार बच्चों की दर्दनाक मौत

▸ मौके पर पहुंचे अधिकारी व जनप्रतिनिधि, बंधाया ढांढस

समृद्धि न्यूज



मौके पर पुलिस बल सहित मौजूद लोगों की भीड़

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** उमस भरी गर्मी से निजात पाने के लिए तालाब में नहाते समय चार बच्चों की डूबनें से दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुंचे डीएम, एसपी सहित प्रभारी निरीक्षक ने शवों का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए कहा समाचार लिखे जानें तक परिजन पोस्टमार्टम करवाने के लिए तैयार नहीं थे।

सोमवार की दोपहर समधन के मोहल्ला गर्दा बाद निवासी 13 वर्षीय जुनैद पुत्र मुबीन उसी मोहल्ले के ही 12 वर्षीय हसन पुत्र तनवीर, 11 वर्षीय शादान पुत्र सुहेल, 11 वर्षीय अब्दुल्ला पुत्र समीम गर्मी से राहत पाने के लिए गोरीनवादा स्थित तालाब में नहाने गए थे। जहां नहाते समय चारों बच्चे तालाब की गहराई में डूब गए। बताया जाता है कि बच्चे घर से बिना बताये गये थे। ग्रामीणों ने तालाब किनारे पडे कपडों से अंदेशा लगाया। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया मौके पर सैकडों की संख्या में भीड़ एकत्रित हो गई। ग्रामीण गोताखोरों द्वारा चारों बच्चों के शवो को तालाब से बाहर निकाला गया। मौके पर पहुंचे डीएम सुभ्रांत कुमार शुक्ला, एसपी अमित कुमार आनन्द, छिबरामऊ एसडीएम उमाकान्त तिवारी, अपर पुलिस अधीक्षक डा. संसार सिंह, सीओ सदर कमलेश कुमार सहित प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुबे ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कोशिश की। लेकिन परिजनों ने मनाकर दिया। उधर पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी, चेयरमैन प्रतिनिधि अखलाक हुसैन सिद्दीकी, पूर्व अध्यक्ष नकीम खान, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि मुस्ताक अहमद भुट्टो, भाकियू जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने दुखी परिजनों से शोक संवेदना व्यक्त की है।

## खरीफ फसल की बुआई 575 लाख हेक्टेयर के पार, दलहन व तिलहन का रकबा बढ़ा

एजेंसी



**नई दिल्ली।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने 15 जुलाई तक खरीफ फसलों के अंतर्गत बुआई क्षेत्र कवरेज की प्रगति जारी की है। खरीफ फसल की बुआई 575 लाख हेक्टेयर के पार पहुंच गई है।

पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 49.50 लाख हेक्टेयर की तुलना में इस वर्ष लगभग 62.32 लाख हेक्टेयर में दलहन की खेती की गई। वहीं पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 115.08 लाख हेक्टेयर की तुलना में इस वर्ष लगभग 140.43 लाख हेक्टेयर में तिलहन की खेती की गई। कुल बुआई क्षेत्र 575.13 (पिछले वर्ष 521.25) हेक्टेयर है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अनुसार इस वर्ष चावल 115.64 हेक्टेयर (पिछले वर्ष 95.78) हेक्टेयर, दाल 62.32 (पिछले वर्ष 49.50) हेक्टेयर, श्रीअन्न सह मोटे अनाज 97.64 (पिछले वर्ष 104.99)हेक्टेयर, तिलहन 140.43 (पिछले वर्ष 115.08 ) हेक्टेयर, गन्ना 57.68 (पिछले वर्ष 56.86 ) हेक्टेयर, जूट एवं रेशे वाली(मेस्टा) फसलें 5.63 (पिछले वर्ष 6.02 ) हेक्टेयर और कपास 95.79 (पिछले वर्ष 93.02 ) हेक्टेयर में उगाया गया है। दालों में में अरहर 28.14 (पिछले वर्ष 9.66), उड़द दाल 13.90 (पिछले वर्ष 12.75) हेक्टेयर, मूंगदाल 15.79 (पिछले वर्ष 19.57) हेक्टेयर, कुल्थी 0.12 (पिछले वर्ष 0.12) हेक्टेयर और अन्य दालें 4.37 (पिछले वर्ष 7.40) हेक्टेयर में उगाई गई हैं।श्री अन्न ज्वार 7.39 (पिछले वर्ष 8.64) हेक्टेयर, बाजरा 28.32 (पिछले वर्ष 50.09 ) हेक्टेयर, रागी 1.20 (पिछले वर्ष 1.17 ) हेक्टेयर, छोटा बाजरा 1.87 (पिछले वर्ष 1.27 ) हेक्टेयर और मक्का 58.86 (पिछले वर्ष 43.84) हेक्टेयर में उगाया गया है।

### सड़क हादसे में उपनिरीक्षक की मौत, आरक्षी घायल

**अमेठी।** जिले में बांदा टांडा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित जायस कोतवाली क्षेत्र गांधीनगर के पास अनियंत्रित एलपीजी गैस टैंकर ने कार में टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार एक उपनिरीक्षक की मौके पर ही मौत हो गई और आरक्षी घायल हो गया। टकराने के बाद गैस टैंकर सड़क के बीचो-बीच पलट गया, जिसमें से गैस का रीसाव होने से से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। रायबरेली की ओर से कर से गौरीगंज अपनी ड्यूटी पर जा रहे प्रयागराज निवासी उपनिरीक्षक बृजभूषण चतुर्वेदी (58) की सड़क हादसे में मौत हो गई। आरक्षी घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार ने बताया कि सुबह एक टैंकर जिसमें गैस भरी हुई थी वह गौरीगंज से रायबरेली की ओर जा रहा था।

## कार्रवाई : उत्तर प्रदेश में बंद होंगे दो सौ से ज्यादा स्कूल

▸ गैर-मान्यता प्राप्त स्कूलों के विरूद्ध कार्रवाई की तैयारी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार राज्य में संचालित गैर-मान्यता प्राप्त स्कूलों के विरूद्ध कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। ये निर्णय लखीमपुर खीरी और संभल के साथ साथ कई जिलों में ऐसे स्कूलों के खिलाफ मिली शिकायतों के बाद लिया गया है।

राज्य की शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने शिकायत मिलने पर इन स्कूलों के संचालन के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसी शिकायतों को फिर से आने से रोकने के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे। अकेले गुलाब देवी के गृह जिले संभल में 200 से अधिक गैर-मान्यता प्राप्त स्कूल चल रहे हैं। इसके जवाब में मंत्री ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश जारी किए। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने भी जनहित याचिका दायर होने के बाद 24 जुलाई को सुनवाई करते हुए इन स्कूलों के खिलाफकी गई कार्रवाई के बारे में उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा है।बीते कई सालों में ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जहां इन गैर-मान्यता प्राप्त स्कूलों में दाखिले ने बच्चों के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है।

### केजरीवाल को मिली जमानत को ईडी की चुनौती पर 7 अगस्त को सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ट्रायल कोर्ट से मिली जमानत को चुनौती देने वाली ईडी की याचिका पर सोमवार को सुनवाई टाल दी है। हाई कोर्ट ने 7 अगस्त को इस मामले पर अगली सुनवाई करने का आदेश दिया। आज केजरीवाल के वकील विक्रम चौधरी ने कहा कि कल देर रात ईडी ने अपना जवाब दाखिल किया, जिसे हम पढ़ नहीं सके हैं। चौधरी ने सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम जमानत पर रिहा करने के आदेश को भी हाई कोर्ट के सामने रखा। इस मामले में ट्रायल कोर्ट ने संज्ञान भी लिया है। इसलिए हमें जवाब देने के लिए समय दिया जाए।

तारीफ

केंद्रीय जलशक्ति मंत्री ने उत्तर प्रदेश के जल जीवन मिशन की प्रगति का लिया जायजा

## केंद्र सरकार ने यूपी में नल से जल पहुंचाने की मुहिम को सराहा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में जल जीवन मिशन की प्रगति की स्थिति पर केंद्र सरकार ने योगी सरकार की तारीफ की है। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने सोमवार को नई दिल्ली में यूपी में जल जीवन मिशन की प्रगति का जायजा लिया।

केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने उत्तर प्रदेश की तारीफ करते हुए कहा कि हर घर में नल से पानी पहुंचाने की मुहिम को यूपी ने शानदार तरीके से अंजाम दिया है। अब बारी है लोगों को जागरूक करने की। ग्रामीणों को इस बात के लिए जागरूक किया जाना चाहिए कि पानी की एक-एक बूंद बेहद अनमोल है। इसका संरक्षण जरूरी है। उन्होंने यूपी को इसके लिए अलग से अभियान चलाने को कहा है। योगी सरकार की तरफ से नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने बताया कि कैसे तमाम चुनौतियों को पीछे छोड़ते हुए यूपी ने विंध्य और बुंदेलखंड के ज्यादातर परिवारों में पानी के कनेक्शन उपलब्ध करवाया गया है। उन्होंने पूर्वांचल, पश्चिम उत्तर प्रदेश और प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में भी योजना की प्रगति का ब्योरा केंद्र सरकार के सामने रखा। केंद्रीय मंत्री ने इस पर यूपी की प्रगति की सराहना की। उन्होंने कहा कि किसी ने सोचा तक नहीं था कि बुंदेलखंड जैसे क्षेत्र की महिलाओं को पानी ढोने की समस्या से छुटकारा मिल जाएगा।

**2,23,86,760 परिवारों तक पहुंचा दिया टैप कनेक्शन**

यूपी सरकार ने अपने प्रेजेंटेशन में बताया कि हर घर नल से जल योजना में सोमवार तक 2,23,86,760 (84.19 प्रतिशत) ग्रामीण परिवारों तक टैप कनेक्शन पहुंचा दिया गया है। 13,43,20,560 ग्रामीणों को इस योजना का सीधा लाभ मिला है। साल 2019 से पहले 5,16,221 ग्रामीण परिवारों को ही नल से जल मिल रहा था।

**बुंदेलखंड में प्रगति की स्थिति**

| जिला | प्रतिशत |
|---|---|
| महोबा | 99.64 |
| झांसी | 98.92 |
| ललितपुर | 99.4 |
| चित्रकूट | 98.76 |
| बांदा | 99.01 |
| जालौन | 94.37 |
| हमरीपुर | 98.75 |

**विंध्य में प्रगति की स्थिति**

| जिला | प्रतिशत |
|---|---|
| मिर्जापुर | 97.43 |
| सोनभद्र | 77.11 |



### आगरा में 109 शिक्षकों ने दिया सामूहिक इस्तीफा

**आगरा ।** उत्तर प्रदेश के आगरा में परिषदीय विद्यालयों में ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में सातवें दिन भी विरोध प्रदर्शन रहा है। यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन के नेतृत्व में 109 संकुल शिक्षकों ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। यूटा के जिलाध्यक्ष केशव दीक्षित ने बताया कि शिक्षक लगातार विभागीय व्हाट्सअप ग्रुप से लेफ्ट हो रहे हैं। जनपद के करीब दो हजार शिक्षकों ने अपने आपको विभागीय व्हाट्सअप ग्रुप से बाहर कर लिया है। मंगलवार से सभी शिक्षक अपने प्रतिनिधियों का घेराव कर अपनी मांग रखेंगे। डिजिटल उपस्थिति के विरोध में आज सातवें दिन भी शिक्षकों का विरोध प्रदर्शन व बहिष्कार जारी रहा। सोमवार को ब्लॉक एत्मादपुर के 40, फतेहाबाद के 44 व बाह के 25 संकुल शिक्षकों ने अपना इस्तीफा खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा।

## नियुक्ति : उपेन्द्र चन्द्र जोशी बनें उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक

समृद्धि न्यूज



**प्रयागराज।** भारतीय रेल यातायात सेवा के अधिकारी उपेन्द्र चन्द्र जोशी ने उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण किया। इससे पहले वे प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक, उत्तर रेलवे के पद पर कार्यरत थे। नए नवागत महाप्रबंधक 1988 बैच के अधिकारी हैं और उन्होंने भारतीय रेल में विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दी हैं।

अपने व्यापक अनुभव के अलावा, उन्हें सामान्य प्रशासन में भी व्यापक अनुभव है। श्री जोशी ने अपनी रेल सेवा की शुरुआत सहायक परिचालन प्रबंधक, समस्तीपुर के रूप में की, उसके बाद डीओएम और डीसीएम लखनऊ के रूप में कार्य किया और उसके बाद क्रमशः सीनियर डीओएम वाराणसी और इज्जतनगर मंडलों के रूप में पदस्थापित हुए। उन्होंने पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे में उप मुख्य परिचालन प्रबंधक और उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के रूप में भी कार्य किया है। फिर उन्होंने उत्तर पश्चिम मुख्यालय में उप मुख्य परिचालन प्रबंधक और सीनियर डीसीएम जोधपुर के रूप में भी काम किया। जोशी ने उत्तर रेलवे में सीसीएम/आईटी के पद पर कार्य किया तथा क्रिस में भी कार्य किया, जहां उन्होंने परियोजना प्रमुख के रूप में नियंत्रण कार्यालय एप्लीकेशन के कार्यान्वयन एवं एकीकरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# साड़ी से लटकता मिला विवाहिता का शव

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**



संदिग्ध परिस्थितियों में अपने ही घर के कमरे में एक विवाहिता का शव साड़ी के सहारे लटकता पाया गया है, मृतका के मायके वालों ने पांच ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पी एम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सूचना मिलते ही सीओ मितौली तथा अपराध निरीक्षक सन्तोष कुमार घटनास्थल स्थल का जायजा लिया है। मितौली कस्बे के रहने वाले सानू गुप्ता की पत्नी नन्दनी गुप्ता का शव अपने घर के कमरे में सन्दिग्ध परिस्थितियों में लटकता पाया गया। मृतका के ससुरालियों ने शव को नीचे उतार कर पुलिस व मायके पक्ष के लोगों को सूचना दी। वहीं मृतका के मायके वालों ने विवाहिता की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए पति, सास, ननद व देवर के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। मृतका के भाई सचिन कुमार निवासी परसेहिया थाना हैदराबाद ने तहरीर में बताया कि उसने अपनी बहन नन्दनी गुप्ता का विवाह हिन्दू रीति रिवाज व अपनी हैसियत से बढ़चढ़ कर 21 जून 2020 को मितौली कस्बे के रहने वाले स्वर्गीय हरिकिशोर गुप्ता के बेटे सानू गुप्ता के साथ किया था। विवाह के कुछ ही महीने बाद बहन के पति सानू गुप्ता, सास देववती गुप्ता, देवर पीयूष गुप्ता, ननद संजना गुप्ता, व प्राची गुप्ता एक राय होकर अतिरिक्त दहेज में चार पहिया वाहन व एक लाख रुपये की मांग करने लगे। जब हम लोगों ने असमर्थता जताई तो बहन के पति सानू शराब पीकर आये दिन बहन के साथ मारपीट करने लगे मायके पक्ष का आरोप है कि ससुरालियों ने फोन के माध्यम से सूचना दी कि नन्दनी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है लेकिन जब मायके पक्ष के लोग पहुचे तो शव बेड पर पड़ा था और शरीर पर चोट के निशान थे। मायके पक्ष के लोगों ने पांच लोगों को नामजद करते हुए आरोपितों के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की मांग की है। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पी एम के लिए, जिला मुख्यालय भेज दिया है। मृतका के एक 3 वर्ष की बेटी व एक डेढ़ वर्ष का बेटा बताया जाता है।

# तालाब में डूबने से युवक की मौत



**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

भीरा कोतवाली क्षेत्र के गांव देवरिया अलीगंज में बने तालब में पैर फिसलने कमता 44 वर्ष पुत्र सोबरन डूब गया जिससे उसकी मौत हो गई। थाना भीरा क्षेत्र की ग्राम पंचायत पिपरिया गंगा के मजरा देवरिया अलीगंज में बने तालाब में सोमवार को गांव निवासी कामता 44 की डूबने से मौत हो गई। सूचना पर राजस्व कर्मचारी लेखपाल सिमरन शाक्य, कानूनगो अरूणेश मिश्रा और मौके पर पहुंचे बिजुआ चौकी इंचार्ज चेतन तोमर ने गोताखोर की मदद से काफी खोजबीन के बाद शव को तालाब से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भिजवा दिया।

# नदी में समाए चार मकान व स्कूल विलीन होने की कगार पर पहुंचे कई घर

### घटते जलस्तर से बढ़ा कटान, नदी में विलीन हुए कई आशियाने



**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

तराई क्षेत्र में शारदा नदी का जलस्तर घट रहा है लेकिन कटान में तेजी आ रही है ग्रामीण परेशानियों से गुजर रहे हैं। अब तक कई घर शारदा नदी की गोद में समा चुके हैं। दर्जनों घर नदी में विलीन होने की कगार पर खड़े हैं। प्रशासन द्वारा पहुंचाई जा रही राहत सामग्री बाढ़ पीड़ितों को नाकाफी साबित हो रही है। विकास खंड बिजुआ की ग्राम पंचायत गुजारा के मजरा गांव सिंघिया में शारदा के जलस्तर से कटान तेज हो गया है। शारदा नदी की डरावनी लहरें लोगों को आशंकित कर रही हैं। ग्रामीणों के घर प्रतिदिन शारदा नदी में विलीन हो रहे हैं कटान की स्थिति को देखकर ग्रामीण गांव से सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर रहे हैं। स्थानीय कटान पीड़ितों ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय सिंघिया फॉर्म सहित चार मकान शनिवार तक शारदा में विलीन हो चुके हैं। तराई क्षेत्र के गांवो में दर्जनों मकान शारदा नदी में समाहित होने की कगार पर खड़े हैं। ग्रामीणों ने बताया कि नदी के तेज बहाव में फसलें पहले ही बर्बाद हो चुकी हैं अब घरों का अस्तित्व खतरे में है।

# आक्रोशित वकीलों ने ज्ञापन सौंप मुकदमा वापस लेने की उठाई मांग



**भीरा खीरी, समृद्धि न्यूज।**

तहसील के एक वकील पर मुकदमा दर्ज होने के बाद वकीलों में आक्रोश दिखाई दिया। सोमवार को वकीलों ने डीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को देकर वकील पर दर्ज मुकदमें को वापस लेने की मांग की। पलिया बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रीष द्विवेदी के नेतृत्व में वकीलों ने तहसीलदार आरती यादव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि बाढ़ से भूमि कट जाने के साथ किसानों की फसलें भी बर्बाद हो गई हैं। शारदा नदी से किए गए अवैध खनन से शारदा अपने मूल धारा से हटकर पलिया शहर की ओर बह रही है जबकि पूर्व से ही पलिया के लोग इसका विरोध करते रहे हैं। इसके बाद भी अवैध खनन को रोका नहीं गया। वकीलों ने कहा कि पलिया के वकील रामचंद्र गौतम ने जब आवाज उठाई तो उनकी आवाज को दबाने का काम करते हुए उन पर पलिया कोतवाली में मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। जिसकी बार एसोसिएशन निंदा करता है और वकील साथी के खिलाफ मुकदमा वापस लेने की मांग करता है। मुकदमा वापस न होने पर अन्य संगठन के साथ एसोसिएशन आंदोलन करेगा। इस दौरान महामंत्री अरूण अवस्थी, राजाराम वर्मा, कमला इदरीशी, उपेंद्र कुमार राणा, कमलेश कुमार समेत भारी संख्या में वकील मौजूद रहे।



## इनरव्हील क्लब ऑफ लखीमपुर का पद ग्रहण समारोह संपन्न, गौरी गुप्ता बनी अध्यक्षा

**लखीमपुर खीरी।** इनरव्हील क्लब ऑफ लखीमपुर नवदीशा सत्र 2024-25 का पद ग्रहण समारोह कुंवर खुशवत राय विद्यालय में संपन हुआ जिसमे पूर्व अध्यक्ष कुमकुम गुप्ता ने 2024-25 की अध्यक्षा गौरी गुप्ता को कॉलर पहनाया और पिन लगाई गई साथ ही क्लब का चार्टर उनको सौंपा गया। अध्यक्षा गौरी गुप्ता ने अपनी टीम का सदन से परिचय कराया। 2024-25 आई पी पी कुमकुम गुप्ता, सचिव गुंजन गुप्ता, उपाध्यक्ष दीपाली गुप्ता , कोषाध्यक्ष नीतू अग्रवाल, आई एस ओ कनक बरनवाल व एडिटर का कार्यभार प्रीति सिंह ने संभाला। इस अवसर पर पी डी सरोज गुप्ता व छाया गुप्ता मौजूद रहीं और सभा की शोभा बढ़ाई । कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित व इनरव्हील प्रार्थना से हुई। गणेश वंदना कौशीवी टंडन ने प्रस्तुत की। संस्था की तरफ से चैरिटी स्वरूप दो बालिकाओं को शिक्षा हेतु स्कूल फीस प्रदान की गई। सत्र 2023-24 की अध्यक्षा कुमकुम गुप्ता जी ने वर्ष भर विशेष सहयोग देने वाले सदस्यों को स्मृति चिन्ह एवं उपहार देकर सम्मानित किया और डिस्ट्रिक्ट से क्लब को मिले हुए स्मृति चिन्ह के बारे मे जानकारी दी। अतिथियों के रूप में रोटरी क्लब से पधारे रो. संदीप गुप्ता, रो. पंकज अग्रवाल, रो. सुरेश अग्रवाल, रो. शैलेंद्र सिंह को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन लता अग्रवाल के द्वारा किया गया।

# क्षतिग्रस्त अलीगंज बस्तौला मार्ग पर गिरकर चोटिल हो रहे लोग



**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

22 जुलाई से प्रारंभ हो रहे पवित्र श्रावण मास को लेकर जहां तैयारियां चल रही हैं। वहीं बस्तौला अलीगंज मार्ग काफी क्षतिग्रस्त हो गया है। श्रावण माह में इस मार्ग से होकर काफी संख्या में कांवड़िए छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ तक पैदल नंगे पैर मंदिर में जलाभिषेक को जाते हैं। ऐसे में क्षतिग्रस्त मार्ग कांवड़ियों के लिए दिक्कतों भरा रहेगा। अलीगंज तिकुनिया से बस्तौला तक मार्ग में इतने गड्ढे हैं कि राहगीरों को गड्ढों में सड़क ढूंढनी पड़ती है। एक ओर जहां सरकार हर गांव में सड़कों का जाल बिछाने की बात कह रही है वहीं दूसरी ओर इस मार्ग पर निकलने वाले राहगीर गड्ढों में सड़क तलाशने को विवश हैं। मार्ग छतिग्रस्त होने के कारण राहगीरों एवं स्कूली बच्चों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए काफी समय लग जाता है। टूटी सड़क पर बिखरी गिट्टी से फिसलकर सड़क पर कई बार बाइक सवार गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं।

अनदेखी के कारण यह सड़क कई वर्षों से उपेक्षा का दंश झेल रही है। श्रावण माह नजदीक है इस मार्ग से काफी संख्या में कावड़िया शारदा नदी से जल लेकर छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ के मंदिर में पैदल जाकर जलाभिषेक करते हैं ऐसे में कांवड़ियों को इस मार्ग पर परेशानियां होना तय है।

### राजमार्ग घोषित हो चुका है मार्ग

सड़क पतली होने के कारण छोटी काशी गोला पहुंचने के लिए बिजुआ पलिया जाने का एकमात्र संपर्क मार्ग है जो पीएमजीएसवाई के स्वामित्व में है। क्षेत्रवासियों की मांग और विधायक के प्रयास से अलीगंज तिकुनिया से बस्तौला मार्ग 22 मार्च 2023 को स्वीकृत हो चुका है। वर्तमान समय में इस सड़क की चौड़ाई 3.75 मीटर है जो चौड़ीकरण होने के बाद 7.30 मीटर हो जाएगी। तिकुनिया से बस्तौला मार्ग तक निर्माण और चौड़ीकरण होने से क्षेत्रीय जनता को काफी सुगमता होगी लेकिन तब तक सड़क पर निकलने वाले वाहन हिचकोले खाते हुए चलेंगे।

### कांवड़ियों के लिए मुसीबत भरा रहेगा सफर

## इनरव्हील क्लब ऑफ लखीमपुर का पद ग्रहण समारोह संपन्न गौरी गुप्ता बनी अध्यक्षा

**लखीमपुर खीरी।** इनरव्हील क्लब ऑफ लखीमपुर नवदीशा सत्र 2024-25 का पद ग्रहण समारोह कुंवर खुशवत राय विद्यालय में संपन हुआ जिसमे पूर्व अध्यक्ष कुमकुम गुप्ता ने 2024-25 की अध्यक्षा गौरी गुप्ता को कॉलर पहनाया और पिन लगाई गई साथ ही क्लब का चार्टर उनको सौंपा गया। अध्यक्षा गौरी गुप्ता ने अपनी टीम का सदन से परिचय कराया। 2024-25 आई पी पी कुमकुम गुप्ता, सचिव गुंजन गुप्ता, उपाध्यक्ष दीपाली गुप्ता , कोषाध्यक्ष नीतू अग्रवाल, आई एस ओ कनक बरनवाल व एडिटर का कार्यभार प्रीति सिंह ने संभाला। इस अवसर पर पी डी सरोज गुप्ता व छाया गुप्ता मौजूद रहीं और सभा की शोभा बढ़ाई कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित व इनरव्हील प्रार्थना से हुई।

# पलिया भीरा रोड पर शुरू हुआ निर्माण का काम

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



शारदा नदी की बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित पलिया भीरा राष्ट्रीय राजमार्ग और कटी पुलिया की मरम्मत का कार्य सोमवार को शुरू कर दिया गया। जेसीबी की मदद से बाढ़ से कटी पुलिया में प्लास्टिक की बोरियों में रा मटेरियल डालकर पानी की धार को बंद करने का कार्य किया गया।

लेकिन रेल लाइन कटी होने के चलते अभी भी पुलिया पर बाढ़ का पानी चल रहा है। रोड के सही निर्माण के लिए कटी रेल लाइन की मरम्मत का कार्य शुरू होना आवश्यक है। रोड की मरम्मत के कार्य में बड़ी संख्या में कर्मचारियों को लगाया गया है। बता दें कि बाढ़ आने के एक सप्ताह बाद भी पलिया भीरा रोड पर यातायात का संचालन नहीं हो सका है। रविवार को तत्काल मरम्मत के निर्देश डीएम ने राष्ट्रीय राजमार्ग अधिकारियों को दिए थे। डीएम के निर्देश के बाद रविवार को कर्मचारी उपकरणों के साथ पहुंच गए थे और निरीक्षण के बाद सोमवार से रोड के मरम्मत का कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया। पहले दिन शारदा नदी की बाढ़ से कटी पुलिया में जेसीबी की मदद से प्लास्टिक की बोरियों में रा मटेरियल भरकर बाढ़ से कटी पुलिया में डालने का कार्य किया गया। निर्माण कार्य शुरू होने की सूचना पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ मौके पर जा पहुंची जिन्हें पुलिस प्रशासन ने हटाते हुए भीड़ न लगाए जाने का निवेदन किया। बता दें कि पलिया से भीरा के बीच करीब छह स्थानों पर बाढ़ के पानी से रोड बुरी तरह प्रभावित हुई है।

अतरिया के पास तो रोड हवा में झूल सी रही है। निर्माण कार्य शुरू होने से आमजन ने राहत की सांस ली है। संभावना जताई जा रही है कि अभी इस रोड पर और कई दिन यातायात बाधित रह सकता है।

## पलिया पहुंचे सांसद ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर जानी समस्याएं

**पलियाकलां-खीरी।** इंडिया गठबंधन से समाजवादी पार्टी खीरी लोकसभा क्षेत्र के सांसद उत्कर्ष वर्मा ने पलिया विधानसभा क्षेत्र में पहुंचकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ पीड़ित ग्रामीणों से वार्ता भी की। पलिया विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांव अभी भी बाढ़ प्रभावित हैं। प्रशासन से लेकर विधायक और सोशल संगठनों के सदस्यों द्वारा बाढ़ पीड़ितों की मदद करने का कार्य किया जा रहा है। उधर बाढ़ की विभीषिका का हाल जानने के लिए इंडिया गठबंधन व सपा सांसद उत्कर्ष वर्मा ने स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ पलिया विधानसभा क्षेत्र के थारू क्षेत्र के गांव परसिया, रामगढ़, बरबटा, चंदन चौकी, सौनहा, देवराही, नझौटा, बिरिया खेड़ा, सूड़ा, कीरतपुर सहित कई बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुंचे और बाढ़ पीड़ित ग्रामीणों से वार्ता करते हुए उनका हाल लिया। सांसद उत्कर्ष वर्मा ने क्षेत्र वासियों की समस्याओं के निदान के लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इस दौरान कांग्रेस के प्रदेश सचिव बलराम गुप्ता, सपा के प्रदेश सचिव व पूर्व ब्लॉक प्रमुख गुरप्रीत सिंह जार्जी, पूर्व विधायक आरएस कुशवाहा, पूर्व विधान परिषद सदस्य शशांक यादव, फुरकान अंसारी, जावेद अख्तर सहित इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल रहे।

# अंतरराज्यीय गैंग के दो लुटेरे गिरफ्तार



**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने डेढ़ माह पूर्व हुई दिन दहाड़े लूट का पर्दाफाश कर अंतरराज्यीय गैंग के दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर कब्जे से एक मोटर साइकिल, दो लाख पन्द्रह हजार रुपये बरामद किए।

पुलिस अधीक्षक खीरी ने लुटेरे पकड़ने वाली टीम को 25,000 रुपये पुरुष्कार देने की घोषणा की है। प्रभारी निरीक्षक चन्द्रशेखरसिंह ने बताया कि डेढ़ माह पूर्व गुरुद्वारा के पीछे बैंक से निकाल कर ला रहे 160000 रुपये उक्त लुटेरों ने छीन लिए थे। किन्तु कस्बा इंचार्ज बाबूराम टीम के साथ सी0सी टीवी फुटेज बैंक से लेकर आने जाने वाले को खंगालने लगे। कई अन्य जगहों से इनके फुटेज प्राप्त हुए और कई जगहों से जानकारी की गई। गत रात्रि कस्बा इंचार्ज बाबूराम, एस आई संजीत तिवारी, एस आई अरविन्द तिवारी, सर्विलांस गोमती पुल के पास मनोज कुमार उर्फ राहुल पुत्र मनोहर उर्फ रामलाल निवासी करवल कालोनी थाना मुंडेरवा जिला बस्ती हाल पता भटपुरवा कालोनी गोला दूसरा किशोर पुत्र गनेश ग्वाला निवासी थाना रौहतरा जिला कटिहार (विहार)हाल पता भटपुरवा कालोनी गोला को गिरफ्तार कर कब्जे नई हांडा मोटर साइकिल एक अदद 12 बोर तमंचा 215000 रुपये बरामद किए है। प्रभारी निरीक्षक ने यह भी बताया कि उक्त दोनों अभियुक्त बैंको में जाकर बृद्ध कमजोर व्यक्ति को चिन्हित करते थे और बैंक में घुसते समय इनमे एक पास थैले में पासबुक रखी रहती थी ताकि पूछने पर बता सके हम पैसे निकालने आये है पैसे निकाल कमजोर व्यक्ति जैसे ही बाहर निकलता दोनों उसका पीछा करते मोटर साइकिल से होते तो डिग्गी तोड़कर पैदल होता थैला छीनकर फरार हो जाते थे। मनोज के विरुद्ध बहराइच कुशीनगर बस्ती अयोध्या बनारस मऊ बरेली विभिन्न जनपदों में 31 मुकदमा पंजिकृत है। यह मुंडेरवा थाना में हिस्ट्रीशीटर है। इसकी मां के विरुद्ध गैंगेस्टर आदि के मुकदमे है तथा किशोर शातिर किस्म का अपराधी है।

## पुलिस चौकी नीलकण्ठ मैदान के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** नीलकण्ठ मैदान मो. तीर्थ में छोटी काशी पुलिस चौकी का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा, नगरपालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, पुलिस उपाधीक्षक अजेन्द्र यादव, कोतवाल रमेशचंद्र पाण्डेय ने किया। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा ने कहा, शीघ्र ही इस पुलिस चौकी के लिए महिला पुलिस एवं चौकी प्रभारी की नियुक्ति कर श्रद्धालुओं व नागरिक को सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा छोटी काशी पुलिस चौकी के उद्घाटन से मंदिर की सुरक्षा तथा तीर्थ क्षेत्र में अराजक तत्वों पर अंकुश लगेगा। इसके साथ ही गतवर्ष सावन माह में वालेंटियर के रुप में निष्ठापूर्वक कार्य करने वाले एन सी सी कैडर, युवा, पूर्व सैनिकों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर समाजसेवी सत्यप्रकाश अग्रवाल, नगर अध्यक्ष भाजपा शत्रोहन मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष कुम्भी रविन्द्र कटियार, गौरव ज्ञान त्रिपाठी, लवकुश अवस्थी, विमलेश वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# ओवरलोडिंग व अवैध वसूली के चलते मोटर वोट को प्रशासन ने किया जब्त

**पलियाकलां खीरी, समृद्धि न्यूज।**



अतरिया क्रॉसिंग के पास बाढ़ के पानी में चल रहे एक मोटर बोट को ओवरलोडिंग और अवैध वसूली के चलते प्रशासन द्वारा जप्त करने की कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। एसडीएम कार्तिकेय सिंह की इस कार्रवाई से अवैध वसूली करने वाले नाव संचालकों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। बता दें कि सोमवार को शारदा नदी से आई बाढ़ के बाद से पलिया भीरा रोड पर वाहनों का संचालन बंद कर दिया गया है। बाढ़ का पानी तो रोडों से करीब करीब उतर गया लेकिन अतरिया के पास निर्माणाधीन पुलिया बाढ़ के पानी से बुरी तरह प्रभावित तो गई और नदी का पानी अभी भी पुलिया पर चल रहा है। लगातार छह दिनों से इस रोड पर यातायात पूरी तरह से बंद है। इस दौरान लोग नावों का सहारा लेकर पलिया से भीरा और भीरा से पलिया की ओर पहुंच रहे हैं। लोगों की मजबूरी का फायदा उठाते हुए नाविक प्रत्येक व्यक्ति से दो सौ रुपए वसूल रहे थे जिसकी शिकायत शनिवार को किसानों ने एसडीएम कार्तिकेय सिंह से की थी। एसडीएम ने नाविकों को वसूली न करने के लिए आगाह भी किया था। साथ ही नाव में पांच लोगों से अधिक न बैठाए जाने के निर्देश दिए थे। एसडीएम के निर्देशों को अनसुना करते हुए नाविक लगातार वसूली और नाव में सवारियों की जान जोखिम में डालकर अधिक सवारी ढो रहे थे। शनिवार को एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने बाढ़ के पानी में चल रहे एक मोटर बोट को ओवरलोडिंग व अवैध वसूली के चलते प्रशासन द्वारा जप्त करने की कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

### पलिया एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने कार्यवाही को दिया अंजाम

# पॉलिथीन के उपयोग को कम करने को लेकर शुरू की पहल



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

इनर व्हील क्लब लखीमपुर खीरी ने नव दिशा द्वार कुंवर खुशवंत राय बालिका इंटर कॉलेज में एक महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत की। इस कार्यक्रम में बच्चों को पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। नवदिशा की सदास्याओं ने बच्चों को पेपर से पेपर बैग बनाना सिखाया, जो एक सराहनीय प्रयास था। इन बैगों को बच्चों ने अपने आस-पास के फल और सब्जी विक्रेताओं को बांटा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य पॉलिथीन के उपयोग को कम करना और उसके दुष्प्रभावों से बचाव करना था। पॉलिथीन के बैग न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि उन्हें जानवरों द्वारा निगल जाने पर उनकी जान के लिए खतरा भी बन जाते हैं। इस अवसर पर इनर व्हील क्लब ऑफ नवदिशा की अध्यक्षा और अन्य सदस्यों ने बच्चों की प्रशंसा की और उन्हें प्रोत्साहित किया कि वे आगे भी ऐसे प्रयास करते रहें।

## भू माफियाओं जंगल की जमीन बेचकर कर रहे प्लाटिंग

**उचौलिया खीरी।** एक ओर देश प्रदेश की सरकार व सर्वोच्च न्यायालय लम्वित करोड़ों विवादों के निपटारों को लेकर चिंतित हैं वहीं कुछ स्वार्थी और मौकापरस्त तथाकथित भू-माफिया अवैध रूप से प्लाटिंग करके भोले-भाले ग्राहकों को गुमराह करके लूटने और उन्हें विवादों में उलझा निकल लेने के दुष्कृत्य में लगे हुए दिखाई पड़ रहे हैं। जबकि अभी यहीं नहीं पता इस भूमि का असली मालिक कौन और नकली कौन? ताजा मामला उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर ग्रांट के मोहनपुर का है। ग्रामीणों का आरोप है कि राजस्व अभिलेखों में गाटा संख्या 252 में एक हेक्टेयर रकवा जंगल झाड़ी के नाम पर दर्ज था। जिसको राजस्व कर्मियों और उच्च अधिकारियों की मदद से भूमाफियाओं ने अपने नाम दर्ज करा लिया। और उसको हरियाणा के रामकिशुन पुत्र फूलाराम निवासी अल्लपुर पानीपत हरियाणा के नाम बेच दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त जमीन को रामकिशन ने जनपद शाहजहांपुर के एक व्यक्ति को बेच दिया जिस पर वह लगभग 2 साल से अवैध प्लाटिंग कर रहा है। कई बार शिकायत करने के बावजूद नहीं हुई कोई भी कार्यवाही।

**वर्जन:** इस संबंध में एसडीएम मोहम्मदी अवनीश कुमार से जानकारी लेने पर उन्होंने प्रकरण में जांच करने की बात कही।


## कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3 जलकल विभाग नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक-655/ई.ई.-3/जीएल-7/24-25 दिनांक- 15.07.2024

### अति अल्पकालिक निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदा दिनांक 22.07.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायंकाल 04:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 22.07.2024 को समय 02:00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ.डी.आर./सी.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में अधिशासी अभियन्ता जोन-3 के पदनाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक,जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | डालीगंज निरालानगर वार्ड तथा मनकामेश्वर मन्दिर वार्ड में 3 स्थानों पर समरसेबिल पम्प मरम्मत एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 2000.00 | 200 | 07 दिवस |
| 2. | त्रिवेणीनगर वार्ड में 04 स्थानों पर समरसेबिल पम्प मरम्मत एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 2300.00 | 200 | 07 दिवस |
| 3. | फैज्जुलागंज द्वितीय वार्ड तथा फैज्जुलागंज तृतीय वार्ड में 03 स्थानों पर समरसेबिल पम्प मरम्मत एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 2100.00 | 200 | 07 दिवस |
| 4. | कदम रसूल वार्ड तथा मनकामेश्वर मन्दिर वार्ड में 07 स्थानों पर समरसेबिल पम्प की मरम्मत एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 3500.00 | 200 | 07 दिवस |

**निविदा प्राप्त करने की शर्तें- 1. निविदादाता का सेल टैक्स एवं आयकर तथा जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन होना चाहिए।**

**अधिशासी अभियन्ता जोन-3**
**जलकल विभाग, नगर निगम,**
**लखनऊ**

# योगी सरकार ने वर्ष 2024-25 में 36.50 करोड़ पौध रोपण का रखा लक्ष्य : योगेन्द्र

**उच्च शिक्षा मंत्री ने पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ अभियान की समीक्षा की**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने सोमवार को लखनऊ स्थित अपने मंत्री कार्यालय में पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ जन अभियान-2024 के तहत आगामी वृक्षारोपण लक्ष्य की प्राप्ति के संबंध में विभागीय अधिकारियों के साथ एक वर्चुअल बैठक की। बैठक में उन्होंने बताया कि योगी सरकार ने वर्ष 2024-25 में जनसहभागिता से 36.50 करोड़ पौध रोपण का लक्ष्य रखा है। इसमें से उच्च शिक्षा विभाग को 22.54 लाख पौधे इस वर्ष लगाए जाने हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी आवश्यक तैयारियां समय पर सुनिश्चित कर ली जाएं और अभियान के तहत लगाए जा रहे पौधों का संरक्षण का भी ध्यान रखा जाए। पौधरोपण के लिए विश्वविद्यालयों एवं कालेजों के लिए निर्धारित लक्ष्य से अधिक पौधरोपण पर कार्य किया जाय। उच्च शिक्षा मंत्री ने इस अभियान की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के लिए यह पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसहभागिता को बढ़ावा देने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जनजागृति के अभियान चलाये जाए और जनता को वृक्षारोपण के लाभों के बारे में जागरूक किया जाए।

# बदलते परिवेश के अनुसार अपने हुनर को अपडेट करते रहें युवा

## कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने विश्व युवा कौशल दिवस पर आईटीओटी, आईटीआई के प्रशिक्षणार्थियों को किया पुरस्कृत

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** हुनरमंद युवाओं की हर क्षेत्र में अपार सम्भावनाएं है। हुनरमंद युवा अपने हुनर के माध्यम से स्वरोजगार शुरू कर अन्य लोगों को रोजगार उपलब्ध करा सकता है।

युवाओं को बदलते परिवेश के अनुसार अपने हुनर को अपडेट करने की आवश्यकता है, जिससे उसके हुनर को सही पहचान मिल सके। उक्त बातें प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहीं। कौशल विकास मंत्री सोमवार को विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलन कर शुभारम्भ किया। कौशल विकास मंत्री ने युवाओं को विश्व युवा कौशल दिवस की बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही महत्वपूर्ण योजनाओं के फलस्वरूप उत्पन्न होने वाले रोजगार के विभिन्न अवसरों के सापेक्ष कार्यकुशल युवा उपलब्ध कराने हेतु कौशल प्रशिक्षण पर विशेष बल दिया जा रहा है। उन्होंने कृषि प्रधान प्रदेश होने के कारण गन्ना उत्पादन के क्षेत्र में उपलब्ध होने वाले रोजगारों तथा ट्रांसलेटर दुभाषीये के रूप में विदेशी भाषाओं के जानकारों की बाजार में बड़ी मांग होने के बारे में युवाओं को अवगत कराया। इस अवसर पर कौशल विकास मंत्री सहित उपस्थित अन्य अतिथियों व मिशन के अधिकारियों द्वारा मिशन परिसर में पौधरोपण भी किया गया।

**विभिन्न प्रकार के कोर्स संचालित कर रही है सरकार**

उन्होंने युवाओं से यह भी अपील की कि वे जो भी कार्य करें उसे पूर्ण समर्पण के साथ करें जिससे अपने जीवन में उच्च आर्थिक उपलब्धियों को प्राप्त कर सकते हैं। योगी सरकार युवाओं को हुनरमंद बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के कोर्स संचालित कर रही है। इन कोर्स मे प्रवेश लेकर अपने हुनर को निखारने का कार्य करें। युवाओं को स्कील्ड बनाने, युवाओं के स्कील को बेहतर करने तथा युवाओं के स्कील को अपग्रेड करने का कार्य किया जा रहा है। कौशल प्रतियोगिताओं तथा अन्य महत्वपूर्ण परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आईटीओटी, आईटीआई के प्रशिक्षणार्थियों को कौशल विकास मंत्री द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।

प्रमुख सचिव एम. देवराज ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को शिक्षा के साथ रोजगार से जोड़ने का कार्य कर रही है। इसी उद्देश्य से बच्चों को शिक्षा के साथ ही उन्हें कौशलपरक प्रशिक्षण भी प्रदान किये जा रहे है। उन्होंने युवाओं से कहा कि अपनी शिक्षा में कौशलपरक कोर्सों को भी स्थान दे। कौशलपरक कोर्स करने से मिले प्रमाण पत्र से रोजगार व स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हो सकेंगे।

# खबरें एक नजर में

### नवविवाहिता ने लगाई फांसी, मौके पर पहुंची पुलिस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के पीजीआई कोतवाली क्षेत्र में एक नव विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाल और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। आत्महत्या करने का कारण पति-पत्नी में आपसी विवाद बताया जा रहा है। कानपुर देहात का रहने वाला शिवम पत्नी अर्पिता उर्फजुली (20) के साथ पीजीआई थाना क्षेत्र के लौंगा खेड़ा, तेलीबाग में किराए पर रहता था। शिवम फ्लॉवर डेकोरेशन का काम करता है। रविवार रात अर्पिता और शिवम में मामूली बात को लेकर विवाद हो गया, जिसके बाद अर्पित ने शिवम को एक कमरे में बंद कर दिया। दूसरे कमरे में जाकर दुपट्टे का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पति के चिल्लाने पर पड़ोसियों ने दरवाजा खोला। शिवम ने खिड़की से देखा तो अर्पिता फांसी पर लटकी थी। पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला। पुलिस ने पति-पत्नी का मोबाइल फोन जांच के लिए लिया है। पुलिस का कहना है कि किसी ने कोई तहरीर नहीं दी है। मृतका के परिजनों ने आने से मना कर दिया है। दोनों ने 25 मार्च को कोर्ट मैरिज की थी।

### युवक ने फांसी लगाई, पेड़ से लटकता मिला शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के नगराम थाना क्षेत्र के दलपतखेड़ा गांव में युवक ने फांसी लगा ली। मंदिर के पास पेड़ से शव लटकता देख गांव वालों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया, नगराम के दलपतखेड़ा गांव में बरातीलाल अपने पांच बेटों विक्रम पाल, उदयराज, गोविंद, सुमित, अमित के साथ रहते हैं। बड़ा बेटा विक्रम पाल (30) रोजाना की तरह रविवार को खाना खाकर घर से बिना बताए कहीं चला गया। सोमवार सुबह ग्रामीणों ने घर वालों को बताया कि गांव के बाहर मंदिर के पास नीम के पेड़ से विक्रम का शव लटका है। घर वाले मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने अभी तक किसी पर कोई आरोप नहीं लगाए हैं। विक्रम की मौत की खबर सुनते ही उसकी पत्नी कुशुमा बेसुध हो गई, इनके कोई संतान नहीं थी। मृतक डाला चलाकर परिवार का पालन पोषण करता था।


### लखनऊ यूनिवर्सिटी में हंगामा, नाराज छात्र धरने पर बैठे

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** 42 दिन की गर्मी की छुट्टी के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय सोमवार को खुला। पहले दिन ही स्टूडेंट्स और प्रॉक्टोरियल बोर्ड के बीच माहौल गर्माया गया। स्टूडेंट्स ने कुलपति कार्यालय का रुख किया तो पुलिस ने जाने से रोक दिया। इससे नाराज छात्र कैंपस में ही धरने पर बैठ गए। एनएसयूआई समर्थित छात्र संगठन के एक गुट ने अपनी मांगों को लेकर 12 बजे के करीब प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान छात्र नारेबाजी करने लगे। थोड़ी देर बाद जब प्रॉक्टोरियल बोर्ड कैंपस का राउंड लेकर वापस लौटा तो सरस्वती प्रतिमा के सामने धरना दे रहे छात्रों से बात करने पहुंचे। इस बीच प्रॉक्टोरियल बोर्ड के एक सदस्य की किसी बात पर स्टूडेंट्स भड़क गए और छात्रों का हंगामा बढ़ गया। दरअसल, छात्रों का आरोप था कि 13 जुलाई को बीए एलएलबी प्रवेश परीक्षा में विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाही के कारण जो क्वेश्चन पेपर बांटा गया, उसमें तमाम गलतियां थीं। बाद में वॉट्सऐप के जरिए प्रश्नों को परीक्षा कक्ष में भेजा गया, जो मानकों के खिलाफ और किसी एग्जाम की शुचिता का भी उल्लंघन है। छात्रों ने मांग की रिटायर्ड प्रोफेसर की अध्यक्षता में जांच कमेटी गठित की जाए, जो पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करे और एक सप्ताह में रिपोर्ट पेश करे। परीक्षा समन्वयक को बर्खास्त किया जाए और उनकी जांच कराई जाए।

### भाजपा सरकार की गलत नीतियों से लोग दुखी : मायावती

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने उत्तराखंड उपचुनाव के नतीजों को लेकर कहा कि राज्य में भाजपा सरकार की गलत नीतियों और द्वेषपूर्ण कार्यशैली से लोग दु:खी हैं। उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म शएक्सश् पर लिखा, उत्तराखंड में पार्टी संगठन के कार्यों, पार्टी के जनाधार को बढ़ाने तथा बीएसपी पार्टी व मूवमेंट से जुड़े खास मुद्दों के साथ ही राज्य में हाल में हुए विधानसभा उपचुनाव आदि पर पार्टी के वरिष्ठ व जिम्मेदार लोगों के साथ नई दिल्ली में आयोजित बैठक में गहन समीक्षा। उन्होंने आगे लिखा, उत्तराखंड में भाजपा सरकार की गलत नीतियों व द्वेषपूर्ण कार्यशैली आदि से लोग दु:खी हैं, जिसको लेकर जनता को जागरुक करना है कि कांग्रेस भी उनकी गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई, असुरक्षा आदि से त्रस्त जीवन का समाधान नहीं है बल्कि बहुजनों को खुद अपने पैरों पर खड़ा होना है। उत्तराखंड में दो सीटों पर हुए उपचुनाव में मायावती की बहुजन समाज पार्टी (बसपा) को भी झटका लगा है।

### कांग्रेस में शामिल हुए पत्रकार श्रीप्रकाश विश्वकर्मा



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की सफलता के बाद जहां सपा में उत्साह बढ़ा है वहीं यूपी कांग्रेस की बंजर धरती मे भी हरियाली दिखने लगी है। यूपी में भाजपा की बादशाहत को धराशाही करने वाले इंडिया गठबंधन के मुख्य राजनीतिक दल कांग्रेस के यूपी अध्यक्ष अजय राय को बड़ा श्रेय जाता है। इनके प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद लम्बे समय बाद पार्टी को सफलता मिली और यहां एक से 6 लोकसभा सीटें जीतने की बड़ी उपलब्धि हासिल हुई। साथ ही श्री राय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे लोकप्रिय नेता को वाराणसी जैसी धर्म नगरी में लोकसभा चुनाव में करारी चुनौती देते हुए मोदी की जीत का अंतर लाखों में कम कर दिया। इन उपलब्धियों के बाद विभिन्न वर्गों और क्षेत्रों की हस्तियों का कांग्रेस में शामिल होने का सिलसिला तेज हो गया है।

**उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनता दर्शन में सुनी जन समस्याएं, कहा**

# हर व्यक्ति की समस्या का होगा निदान

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति को हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा।उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज कैम्प कार्यालय -7 कालीदास मार्ग पर विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया।

उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु अफसरों को निर्देश दिए। अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार -बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांग जनो, बुजुर्गों की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद, दुर्घटनाओं से संबंधित ,अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, स्कूल निर्माण, भूमि पट्टा, कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने,सड़क बनवाने, विद्युत, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और हर व्यक्ति की समस्या को सीधे रू-ब-रू होकर सुना।जनता दर्शन मे लगभग 3 दर्जन जिलों से कई सैकड़ा लोगों ने आकर अपनी समस्याएं रखी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बावत सम्बन्धित जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता भी की।

**डिप्टी सीएम से मिले संजय निषाद, अधिकारी हमारे कार्यकर्ताओं की नहीं सुनते**

**लखनऊ।** यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य से मुलाकात की। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश के अधिकारी हमारे कार्यकर्ताओं की नहीं सुनते, जिससे चुनाव में नुकसान हुआ। संजय निषाद ने संगठन बनाम सरकार वाले बयान को लेकर केशव मौर्य का समर्थन किया। उन्होंने बुलडोजर की कार्रवाई पर भी सवाल उठाए हैं। निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद ने प्रशासन के खिलाफ सीधा मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने यूपी भाजपा कार्यसमिति की लखनऊ में हुई बैठक में दिए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के उस बयान का समर्थन किया है, जिसमें उन्होंने कहा, संगठन सरकार से बड़ा है, संगठन से बड़ा कोई नहीं है। हर एक कार्यकर्ता हमारा गौरव है। संजय निषाद ने कहा कि संगठन सरकार से बड़ा है, चाहे कुछ भी हो जाए। लोकसभा चुनाव के दौरान कहीं-कहीं प्रशासन की वजह से नुकसान हुआ है। यूपी के कैबिनेट मंत्री ने आने वाले उपचुनावों में प्रदेश की दो विधानसभा सीटों का दावा भी किया है। निषाद पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद ने अधिकारियों के मनमाने रवैये को लेकर कहा कि कई अधिकारी ऐसे हैं, जिन्होंने हमारे कार्यकर्ताओं और नेताओं को सम्मान नहीं दिया, रंगबाज हैं। निषाद पार्टी प्रमुख ने कहा कि मौका आने पर ऐसे अधिकारियों को सबक सिखाएंगे।

# संविधान हत्या दिवस का विरोध कर पार्टी के विचारों से विमुख हो गए अखिलेश

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ ।** संविधान हत्या दिवस की अधिसूचना जारी होने पर समाजवादी पार्टी सहित कुछ विपक्षी दल काफी हो-हल्ला कर रहे हैं। सपा तो आज यह भी भूल गयी कि उसकी बुनियाद ही आपात काल के विरोध में पड़ी थी। अखिलेश को सबसे पहले आगे आकर संविधान हत्या दिवस का समर्थन करना चाहिए। इससे उनके पिता की आत्मा खुश होती। ये बातें प्रदेश सरकार की पूर्व मंत्री और भाजपा नेत्री स्वाती सिंह ने कही।

स्वाती सिंह ने सोमवार को एक बयान जारी कर कहा कि मुलायम सिंह यादव आपातकाल के समय 19 माह जेल में रहे थे। मुलायम सिंह जब तक जिंदा रहे, आपातकाल की निंदा करते रहे। नौ सितंबर 2006 को पहली बार मुलायम सिंह ने ही पूरे प्रदेश के लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को लखनऊ बुलाया था और परिवहन सुविधा की स्वीकृति दी थी। भाजपा के शासनकाल में अब उनके सम्मान को बढ़ाते हुए 15000 प्रतिमाह से अधिक भत्ता कर दिया। उन्होंने कहा कि लालू, मुलायम सहित तमाम नेता कांग्रेस के धुर विरोधी लोहिया का नाम लेकर आज भी राजनीति करते हैं। आज वे ही कांग्रेस का समर्थन कर रहे हैं, जबकि इनका जन्म ही कांग्रेस के विरोध में हुआ था। पूर्व मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के कुछ लोग कह रहे हैं कि पचास साल बाद इसे याद करने की क्या जरूरत है। यदि स्वतंत्रता के 78 साल बाद भी कांग्रेस कुछ लोगों को नाम लेकर वोट मांग सकती है तो लोकतंत्र की हत्या जब हुई थी, तो उसको क्यों नहीं याद किया जाय। इसको आज विस्तार से घर-घर बताने की जरूरत है। आपातकाल में अंग्रेजों के शासनकाल से ज्यादा अत्याचार हुए थे। 42वां संशोधन कर संविधान की मूल भावना के साथ छेड़छाड़ किया गया। स्वाती सिंह ने कहा कि दरअसल कांग्रेस ने संविधान को सबसे ज्यादा ठेस पहुंचाया है। कांग्रेस ने हर समय मनमानी की है। कांग्रेस ने केंद्र में रहते हुए 80 बार विधानसभाओं में चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाया है।

# बाढ़ग्रस्त जनपदों में प्राथमिकता पर हो, निराश्रित गोवंश संरक्षण : धर्मपाल

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्र धर्मपाल सिंह ने कहा कि बाढ़ग्रस्त जनपदों में निराश्रित गोवंश के संरक्षण का कार्य प्राथमिकता पर सुनिश्चित किया जाये। बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों से गोवंश के बचाव हेतु गोशालाओं की समुचित व्यवस्था की जाये। गोशालाओं में मृत गोवंश के शव का तत्काल समुचित निस्तारण होना चाहिए, ताकि अन्य गोवंश में कोई संक्रमण न फैलने पाये।

उन्होंने कहा कि गोवंश को बीमारियों से बचाव हेतु टीकाकरण कार्य को प्राथमिकता दी जाये और इसकी सूचना पोर्टल पर अपलोड कराई जाये। टीकाकरण में कम प्रगति वाले जनपदों के अधिकारी के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। धर्मपाल सिंह आज विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में निराश्रित गोवंश को गो-आश्रय स्थल तक पहुंचाने एवं वर्षा से बचाव हेतु गोशालाओं की समुचित व्यवस्था हेतु आयोजित बैठक में अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि अपर्याप्त गोवंश संरक्षण वाले जनपदों में संरक्षण स्थल का प्राथमिकता से निर्माण कराया जाये। गौशालाओं में वृक्षारोपण का कार्य कराया जाये। गोचर भूमि को कब्जा मुक्त कराते हुए भूमि पर गोवंश के लिए चारा उगाने का कार्य किया जाये। साथ ही कब्जामुक्त 20 हजार हेक्टेयर गोचर भूमि पर आगामी 15 अगस्त तक हरा चारा बुवाई कराये जाने के सख्त निर्देश दिये।

**कार्यों में लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर होगी सख्त कार्रवाई**

बैठक में प्रमुख सचिव रविन्द्र ने मंत्री को आश्वस्त किया कि मंत्री द्वारा दिए गये सभी दिशा-निर्देशों का पालन पूर्ण रूप से सुनिश्चित कराया जायेगा। गौवंश के टीकाकरण का कार्य यथाशीघ्र पूरा कराने के सख्त निर्देश अधिकारियों को दिये गये हैं। बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों गोवंश के बचाव का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है और पर्याप्त चारा, भूसा, दवाईयों आदि की पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है। कार्यों में लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जनपदों के अधिकारियों द्वारा वर्षाकाल के दृष्टिगत पशुधन की सुरक्षा हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

### लखनऊ एयरपोर्ट पर यात्रियों का फिर हंगामा

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर यात्रियों ने फिर हंगामा किया है। एयर इंडिया की मुंबई की फ्लाइट कैंसिल होने से यात्री नाराज हैं। वहीं एयरपोर्ट प्रशासन का कहना है कि यात्रियों को दूसरी फ्लाइट से भेजा गया है। जो रह गए हैं आज उन्हें भी रवाना कर दिया जाएगा। बता दें, रविवार को एयर इंडिया की मुंबई जाने वाली फ्लाइट कैंसिल हो गई थी। करीब 6 घंटे इंतजार करने के बाद यात्रियों ने हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद एयरपोर्ट प्रशासन ने यात्रियों को होटल में रोका था। सोमवार को जब यात्री एयरपोर्ट पहुंचे और फ्लाइट के बारे में जानकारी ली तो कुछ नहीं बताया गया। यात्री अपनी फ्लाइट के लिए सुबह से लगातार इंक्वायरी में लगे थे। जब कोई जानकारी नहीं मिली तो यात्रियों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। यात्रियों ने कहा कि हमारी मीटिंग है, अगर समय से नहीं पहुंचे तो बड़ा नुकसान हो जाएगा। वहीं कुछ लोगों ने कहा कि उन्हें विदेश जाना है, उनकी आज शाम को फ्लाइट है। लेकिन यहां से कब जाएंगे कुछ नहीं पता है। लखनऊ एयरपोर्ट से सुबह 6 बजे दिल्ली जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6 ई 5082 निरस्त रही।

# नगर निगम में निर्विरोध हुआ चुनाव, बीजेपी से पांच व सपा से एक कार्यकारिणी सदस्य बने

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** लखनऊ नगर निगम कार्यकारिणी के 6 सदस्यों का चुनाव हो गया है। इसमें बीजेपी से 5 और सपा से एक सदस्य का चुनाव हुआ। कांग्रेस का कोई भी सदस्य इस बार भी कार्यकारिणी का सदस्य नहीं है। सोमवार को सभी 6 सदस्यों का चुनाव निर्विरोध किया गया। भाजपा की ओर से 5 पदों के लिए चार पुरुष पार्षद अनुराग मिश्रा अन्नू, केएन सिंह, भृगुनाथ शुक्ला, चरणजीत गांधी, महिला पार्षद गौरी सांवरिया का चयन किया। जबकि सपा की तरफ से सबा एहसन का चुनाव किया गया।

हालांकि इससे पहले बीजेपी के पार्षद राम नरेश रावत ने रक्षामंत्री को पत्र लिखकर खलबली मचा दी थी। उन्होंने लिखा था कि कार्यकारिणी में दलितों को मौका नहीं दिया जा रहा है। उनका आरोप था कि दलितों को केवल वोट दिया जा रहा है। उधर, समाजवादी पार्टी की ओर से एक सीट के लिए देर रात तक माथापच्ची जारी रही। हालांकि पार्टी की ओर से महिला पार्षद सबा एहसन व दो पुरुष पार्षद जीतू यादव और राम नरेश चौरसिया के बीच रस्साकस्सी चल रही थी। लेकिन आखिरी में सबा एहसन के नाम पर सहमति बनी। दो सदस्यों वाली कांग्रेस ने अपनी ओर से कोई भी प्रत्याशी मैदान में नहीं उतारा। चुनाव के दौरान मौजूदा कार्यकारिणी उपाध्यक्ष गिरीश गुप्ता के मंच पर बैठने को लेकर विवाद भी हुआ। सपा के यावद हुसैन रेशू ने सवाल किया कि अभी अगर कार्यकारिणी पूर्ण नहीं है तो यह किस अधिकार के साथ मंच पर बैठ रहे हैं। मेयर ने सवाल पर वहां मौजूद लोगों से राय ली। इतना होते ही गिरीश गुप्ता मंच से उतर गए। बीजेपी ने इसका विरोध किया। कुछ देर हंगामा चलने के बाद गिरीश गुप्ता को फिर से मंच पर बैठाने की सहमति बनी। हालांकि वह मंच पर नहीं गए। कुछ देर बाद बीजेपी के पार्षदों ने उनको मनाया और मंच पर बैठाया। नगर निगम सदन में सदस्यों की संख्या 131 है। जिसमें भाजपा के 83 पार्षदों व महापौर सुषमा खर्कवाल समेत 18 पदेन सदस्य मिलाकर कुल 101 सदस्य के साथ सबसे बड़ी पार्टी के रूप में है। वहीं समाजवादी पार्टी के 22 पार्षद व 3 पदेन सदस्यों के साथ दूसरे नंबर पर है।

इसके अतिरिक्त कांग्रेस के मात्र दो पार्षद हैं। बसपा का नेतृत्व तक करने वाला कोई नहीं है। इस बार सदन में मात्र एक पार्षद अमित चौधरी बसपा से चुनाव जीत कर सदन पहुंचे थे, लेकिन बाद में उन्होंने भी भाजपा का दामन थाम लिया था। जिसके बाद एक भी पदेन सदस्य न होने व पार्षदों की संख्या भी न होने से पार्टी का नेतृत्व करने वाला कोई नहीं है।

# मां चंद्रिका देवी मंदिर के नजदीक आठ करोड़ से बनेगी मल्टीलेबल पार्किंग

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ के बख्शी तालाब स्थित मां चन्द्रिका देवी मंदिर के समीप श्रद्धालु एवं आगन्तुकों को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पर्यटन विभाग द्वारा 08 करोड़ रूपये की धनराशि से मल्टीलेबल पार्किंग बनाने की योजना है। इस धनराशि से पर्यटक सुविधाओं का विकास किया जायेगा। चंद्रिका देवी प्राचीन एवं ऐतिहासिक मंदिर है, जो धार्मिक स्थलों में प्रमुख स्थान रखता है।

विभिन्न अवसरों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस मंदिर में दर्शन एवं पूजन करने के लिये पार्किंग की जरुरत पड़ती है। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि बख्शी का तालाब विकासखंड में कठवारा गांव स्थित मां चंद्रिका देवी का अत्यंत प्राचीन और भव्य मंदिर है। इस शक्तिपीठ का अपना अलग महत्व है। यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। अमावस्या पर बड़ा मेला लगता है। इसमें स्थानीय लोगों के अलावा बाहर से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। बड़ी संख्या में ऐसे भी श्रद्धालु आते हैं जो यहां पूजा-अर्चना करने के बाद बड़ा इमामबाड़ा, छोटा इमामबाड़ा और रूमी दरवाजा आदि जगह भ्रमण करते हैं। बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के दृष्टिगत मल्टीलेवल पार्किंग की आवश्यकता महसूस की जा रही है। प्रस्ताव के मुताबिक मल्टीलेवल पार्किंग के अलावा यहां यात्री सुविधाओं का विकास भी किया जाएगा। उत्तर प्रदेश को विश्व पर्यटन के मानचित्र पर लाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए पर्यटन स्थलों का विकास कराया जा रहा है।


### वाहन स्वामियों को मोबाइल पर दी जाए फिटनेस व परमिट समाप्ति नोटिस : दयाशंकर

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने निर्देश दिए है कि वाहनों के फिटनेस व परमिट समाप्ति संबंधी नोटिस वाहन स्वामियों को उनके मोबाइल फोन पर पीडीएफ फार्मेट में लिंक के माध्यम से प्रेषित किया जाय। उन्होंने कहा कि परिवहन कार्यालयों द्वारा ऐसे वाहनों को मैनुअल तरीके से नोटिस निर्गत की जाती है, जिसमें अत्यधिक समय लगने के साथ-साथ पंजीकृत डाक से नोटिस पते पर भेजने में धनराशि का व्यय भी होता है। परिवहन मंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में यह व्यवस्था एनआईसी के माध्यम से लागू किये जाने हेतु परिवहन आयुक्त ने अपर परिवहन आयुक्त प्रवर्तन अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में समिति का गठन किया है।

**सौगात** | **पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने किया 12 नवीन गोसंरक्षण केन्द्रों का लोकार्पण**

# पशुपालकों-किसानों की आय में बढ़ोत्तरी राज्य सरकार का उद्देश्य

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज पशुपालन निदेशालय में आयोजित एक कार्यक्रम में वर्चुअली रूप से प्रदेश के निराश्रित गोवंश के संरक्षण हेतु 06 जनपदों के 12 वृहद गो संरक्षण केन्द्रों का लोकार्पण किया। प्रदेश के जनपद मुरादाबाद में 03, बागपत में 03 जालौन में 01 मथुरा में 02, उन्नाव में 01 तथा अमेठी में 02 वृहद गो संरक्षण केंद्रों का शत प्रतिशत निर्माण पूर्ण हो चुका है। इन केंद्रों के निर्माण में राज्य सरकार द्वारा प्रति केंद्र रु 160.12 लाख अर्थात रु 1921.44 लाख की धनराशि व्यय की गई है। प्रति केंद्र में लगभग 400 गोवंश को संरक्षित किया जा सकता है। इस अवसर पर पशुधन मंत्री ने संबंधित जनपदों के मुख्य पशु चिकित्साधिकारियों से वार्ता की और निर्देशित किया कि गौ वंश संरक्षण के कार्यों को पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ किया जाए और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए।

श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के दिशानिर्देशन में निराश्रित गौवंश का संरक्षण एवं संवर्धन निरंतर किया जा रहा है। पशुपालकों एवं किसानों की आय में बढ़ोत्तरी करना हमारा मुख्य उद्देश्य है और इस दिशा में विभाग द्वारा निरन्तर सार्थक एवं सराहनीय कार्य किया जा है। निराश्रित गोवंश का संरक्षण योगी सरकार की प्राथमिकता है। किसानों की आय में पशुपालन की अहम भूमिका है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ कर पशुपालकों का जीवन बेहतर बनाने में गोवंश का अहम योगदान भी है। कृषि कार्य के साथ पशुपालन से बढ़ेगी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विभाग की योजनाओं का लाभ किसानों और पशुपालकों को पहुचाया जाए और योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।इस अवसर पर प्रमुख सचिव पशुधन एवं दुग्ध विकास रविन्द्र ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व और पशुधन विकास मंत्री धर्मपाल सिंह के मार्गदर्शन में विभाग द्वारा निराश्रित गोवंश का गो आश्रय स्थलों में निरंतर संरक्षण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पशुधन के स्वास्थ्य एवं उत्पादकता के दृष्टिगत टीकाकरण कार्य नियमित रूप से सम्पादित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि विभाग की सभी योजनाओं का लाभ किसानों और पशुपालकों को पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में पशुधन विभाग के विशेष सचिव देवेन्द्र पांडे, पशुपालन विभाग के निदेशक, प्रशासन एवं विकास डॉ रघुनाथ सिंह, निदेशक रोग नियंत्रण प्रक्षेत्र डॉ पीएन सिंह, अपर निदेशक डॉ जयकेश कुमार पाण्डेय तथा अपर निदेशक डॉ अरविन्द कुमार सिंह तथा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## ऑनलाइन हाज़िरी की राह में अनेको समस्याएं

शंकर कुमार सक्सेना, अधिवक्ता, बरेली बार एसोसिएशन



प्रदेश भर में बेसिक शिक्षा में कार्यरत शिक्षक व सरकार में ऑनलाइन हाज़िरी को लेके रार है। हालांकि शिक्षकों की तरफ से डिजिटल कारण को लेकर कोई आपत्ति नहीं है वे तो पहले से ही नन प्रकार से काम डिजिटल माध्यम से ही कर रहे है चाहे वो डीबीटी के माध्यम से अभिभावकों का बैंक अकाउंट व आधार सत्यापित करना हो जिससे स्कूल की ड्रेस मोजा , जूता का पैसा सीधे उनके खाते में जा सके। मिशन प्रेरणा लक्ष्य में डिजिटल माध्यम से बच्चो को पढ़ना हो या स्मार्ट बोर्ड के जरिये बच्चो को पढ़ना । समय समय पे प्रशासन द्वारा मांगी गई रिपोर्ट जिसको जमा भी पीडीएफ फाइल के रूप में या ऑनलाइन पोर्टल पे ही जमा करना हो जिसके डेटा में भी विभाग ने कभी कोई दिक्कत नही पाई।मगर डिजिटल हाज़री की बात करे तो इसके कुछ पहलू बेहद गंभीर है जिसका शासन या प्रशासन स्तर पर कोई हल नही निकाला गया है। आज भी शिक्षकों की पोस्टिंग अपने निवास स्थान से 50 या 60 किलोमीटर दूर होती है जहाँ पहुँचना भी बेहद दुर्गम रास्तो से होता है जिसमे अमूमन 2 या 4 मिनट की देरी हो जाती है आब डिजिटल माध्यम से उसकी नहीं लग पाएगी। ऐसे में जरूरी है कि इन सभी शिक्षकों की पोस्टिंग अपने निवास स्थान के आस पास ही हो या 10 से 15 किलोमीटर के दायरे वाले स्कूलों में जिससे यह सिरदर्दी खत्म हो। आज भी गाँव में इंटरनेट कनेक्शन में समस्या रहती है ऐसे में टेबलेट से डिजिटल हाज़री देने के दौरान यदि वह हैंग हो जाये या कोई और मशीनी या तकनीकी समस्या आये तो उस स्थिति में शिक्षक को ही गैर हाज़िर माना जायेगा इसके अलावा आज भी स्कूलों भी माली हालत बहुत खराब है बारिश के मौसम में छत का टपकना हो या सांप का निकलना शिक्षक अपनी जान हतेली पे रख के परेशानियो का सामना करते है वही दूसरी और समस्त जिलो की शिक्षा इकाई जिला शिक्षक अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी व डाइट के समस्त कार्यालय में अधिकारियों की हाज़री ऑनलाइन लगाने का प्रावधान सरकार लाये। शिक्षा से के अलावा अनेको तरह के गैर शैक्षणिक जो स्वस्थ विभाग व आंगनवाड़ी के कार्यक्षेत्र के काम भी शिक्षक ही करते है इतना ही नही वे अन्य अनेको तरीके के काम भी करते है जिनको माननीय हाई कोर्ट व सुप्रीम कोर्ट ने भी मान किआ है वे भी शिक्षक ही करते है। शिक्षक को केवल शिक्षा संबंधित कार्यों को ही करवाया जाए जिससे शिक्षा की गुडवत्ता में सुधार आये।

# उपराज्यपाल को शक्ति मतलब चुनी हुई सरकार कमजोर

शकील अख्तर




**जम्मू-कश्मीर राजनीति की जगह नहीं है। भाजपा जब विपक्ष में थी तो कश्मीर पर खूब राजनीति करती थी। मगर 1999 में केन्द्र में सरकार बनाने के बाद उसकी समझ में आ गया कि कश्मीर राजनीति का विषय नहीं है। अटल बिहारी वाजपेयी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद कहा कि कश्मीर में जो नार्मलसी (सामान्य स्थिति) लौटी है वह वहां की अवाम की वजह से है। उसने आतंकवाद के खिलाफलड़ाई जीती है। और यह सच भी है कोई सेना, सुरक्षा बल बिना जनता के सहयोग के आतंकवाद पर काबू नहीं पा सकती। सेना ने वहां स्थानीय जनता के साथ मिलकर कई सफल आतंकवादी विरोधी अभियान चलाए। प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के समय समर्पित आतंकवादी कूका परे के साथ सेना ने उत्तरी कश्मीर में कई सफल आपरेशन किए। पाकिस्तान उत्तरी सीमा कूपवाड़ा से ही आतंकवादियों की घुसपैठ करवाता था।**

चुनी हुई सरकार! जम्मू कश्मीर की जनता द्वारा चुनी हुई सरकार! इस वाक्य का प्रयोग केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, संयुक्त राष्ट्र में जाने वाले भारत के प्रतिनिधि और हम पत्रकार लोग सब कश्मीर पर बात करने, लिखने में सबसे ज्यादा करते रहे हैं। पाकिस्तान, चीन, अमेरिका, युरोप सब इस चुनी हुई सरकार से डरते थे। चुनी हुई सरकार मतलब जीवित लोकतंत्र। जम्मू-कश्मीर की जनता की इच्छा का प्रतीक। यह चुनी हुई सरकार की शक्ति ही थी कि 75 साल से पाकिस्तान के सीधे हस्तक्षेप और चीन, अमेरिका, यूरोप के कई देशों की नजर के बाद भी कश्मीर हमारा उतना ही अविभाज्य अंग रहा जैसे देश के दूसरे हिस्से। मगर अब पिछले 6 साल से वहां चुनी हुई सरकार नहीं है। पहले की तरह राज्य भी नहीं है। केन्द्र शासित प्रदेश है और अब वहां उपराज्यपाल को और अधिक शक्तियां देकर चुनी हुई सरकार, जो जाने कब होगी को और ज्यादा कमजोर कर दिया गया है। इसका असर अन्तरराष्ट्रीय पर पड़ता है। भारत का कश्मीर पर हमेशा एक मजबूत स्टेंड रहा है। जब भी पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र में जनमत संग्रह की बात करता है। हम कहते हैं यह विधानसभा चुनाव जनता की इच्छा का प्रतिनिधित्व ही करते हैं। और इन विधानसभा चुनावों ने जम्मू-कश्मीर में हर दल को सरकार में रखा है। आखिरी बार दस साल पहले 2014 में जो विधानसभा चुनाव हुए थे उसमें बीजेपी ने पीडीपी के साथ मिलकर सरकार बनाई थी। आज बीजेपी चुनी हुई सरकार की शक्तियां कम करने का बचाव यह कहकर कर रही है कि वहां चुनी हुई सरकारें दो ही परिवारों की थीं। मगर यह बताना भूल गई कि उन दोनों परिवारों के साथ वह मिलजुली सरकार चला चुकी है। गठबंधन कर चुकी है। फारुक अब्दुल्ला की एनसी के साथ वाजपेयी ने केन्द्र में सरकार चलाई थी। उमर अब्दुल्ला वाजपेयी सरकार में विदेश राज्य मंत्री थे। और फिर जम्मू-कश्मीर में प्रधानमंत्री मोदी ने मुफ्ती मोहम्मद सईद और महबूबा मुफ्ती की पीडीपी के साथ मिलकर सरकार बनाई। जम्मू-कश्मीर राजनीति की जगह नहीं है। भाजपा जब विपक्ष में थी तो कश्मीर पर खूब राजनीति करती थी। मगर 1999 में केन्द्र में सरकार बनाने के बाद उसकी समझ में आ गया कि कश्मीर राजनीति का विषय नहीं है। अटल बिहारी वाजपेयी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद कहा कि कश्मीर में जो नार्मलसी (सामान्य स्थिति) लौटी है वह वहां की अवाम की वजह से है। उसने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई जीती है। और यह सच भी है कोई सेना, सुरक्षा बल बिना जनता के सहयोग के आतंकवाद पर काबू नहीं पा सकती। सेना ने वहां स्थानीय जनता के साथ मिलकर कई सफल आतंकवादी विरोधी अभियान चलाए। प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के समय समर्पित आतंकवादी कूका परे के साथ सेना ने उत्तरी कश्मीर में कई सफल आपरेशन किए। पाकिस्तान उत्तरी सीमा कूपवाड़ा से ही आतंकवादियों की घुसपैठ करवाता था। वहां के स्थानीय लोगों ने गुजर बकरवाल के साथ मिलकर सेना ने घुसपैठ पर नियंत्रण किया। उस समय के आंतरिक सुरक्षा राज्य मंत्री राजेश पायलट पहले नेता थे जो उस दुर्गम उत्तरी सीमा के दौरे पर गए थे। हम भी उनके साथ थे। बारह महीने बर्फ से ढंकी पहाड़ियों पर चापर ( हैलिकाप्टर) का लेंड होना भी बहुत मुश्किल होता था। वहीं से बर्फ कम होने गर्मियों में पाकिस्तान आतंकवादी भेजता था। उनके आने के दर्रे रास्ते पूर्व आतंकवादियों को और वहां के स्थानीय निवासी गुजर बकरवाल को मालूम होते थे। वे सेना की मदद करते थे। वे बहादुर लोग सिर्फ खबर ही नहीं देते थे। सेना के साथ रास्ता बताते हुए भी चलते थे। इसलिए 1996 में नरसिनम्हा राव सरकार वहां 9 साल बाद विधानसभा चुनाव करवा पाई। आतंकवाद का वह पीक समय था। सबसे मुश्किल दौर। इन पंक्तियों का लेखक इस पूरे दौर में वहीं रहा। श्रीनगर सहित पूरे कश्मीर में चौबीस घंटे का कर्फ्यू लगता था। चुनाव करवाना बड़ी चुनौती थी। पाकिस्तान का प्रचार था कि लोग चुनाव नहीं चाहते। मगर कांग्रेस की केन्द्र सरकार ने हिम्मत दिखाई। और 1996 में विधानसभा चुनाव करवा के वहां चुनी हुई सरकार बनवा दी। यह पाकिस्तान को कड़ा जवाब था।

भाजपा कहती है वहां लोकतंत्र नहीं था! आतंकवाद के दौर में दूसरा विधानसभा चुनाव 2002 में वाजपेयी ने करवाया। और अगर लोकतंत्र न होता तो वहां सरकार बदलती नहीं। फारुक अब्दुला की सरकार हार गई और मुफ्ती मोहम्मद सईद मुख्यमंत्री बने। भारतीय लोकतंत्र की विविधता और परिपक्वता का इससे बड़ा उदाहरण क्या होगा कि राज्य में मुफ्ती और कांग्रेस की मिलजुली सरकार और केन्द्र में भाजपा और एनसी की मिलीजुली सरकार। और दोनों सरकारों केन्द्र और राज्य ने इतना शानदार मिलजुल कर काम किया कि जम्मू-कश्मीर में वाजपेयी और मुफ्ती का वह तालमेल हमेशा याद किया जाता है। आतंकवाद को खत्म करने और जनता में विश्वास जगाने का सर्वोत्तम समय। अब जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद फिर नियंत्रण के बाहर हो रहा है। दरअसल आंतरिक सुरक्षा, आतंकवाद, हिंसा ऐसी चीजें हैं जो बातों से खत्म नहीं होतीं। काम करना पड़ता है। बाकी देश में तो यह कह देते हैं कि इतने करोड़ रोजगार सृजित हुए हैं, महंगाई कहां है? अंबानी की शादी देखो! कहीं लगता है कि महंगाई है? यहां तो कुछ भी कह दो। मणिपुर में बता दो कि स्थिति सुधर रही है। यह सुनकर विपक्ष के नेता राहुल गांधी तीसरी बार वहां गए। और वहां पत्रकारों से दुख के साथ बोले कि मैं समझ रहा था कि हालत वाकई सुधर गए होंगे। मगर हालत और ज्यादा खराब हो गई है। तो बातों से न मणिपुर की स्थिति सुधर सकती है और न जम्मू-कश्मीर की। जम्मू-कश्मीर में चुनाव करवाने की जरूरत थी। दस साल हो गए विधानसभा चुनाव हुए। रिकार्ड बन गया। इससे पहले जब वाकई हालत बहुत खराब थे तब 9 साल चुनाव नहीं हुए थे। 1987 से 1996 तक। मगर अब तो मोदी सरकार रोज वहां स्थिति सुधरने का दावा कर रही है। लेकिन चुनाव की अभी भी उम्मीद नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल सितंबर तक चुनाव करवाने को कहा था। परिसीमन हो चुका है। भाजपा के अनुकूल जम्मू में सीटें बढ़ चुकी हैं। पहले जम्मू में 37 विधानसभा सीटें थीं। जो अब बढ़ाकर 43 कर दी गई हैं। 90 सदस्यीय विधानसभा में बिल्कुल बहुमत के पास। कश्मीर में गुलामनबी आजाद और दूसरे कुछ और नेताओं की पार्टियां खड़ी कर ली गई हैं। जिनसे कुछ सीटें मिल सकें।

## विचार

# अमेरिका में हड़कंप, किसके निशाने पर थे डोनाल्ड ट्रंप?

किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया



**डोनाल्ड ट्रंप एक स्थान पर आए चुनाव प्रचार की सभा कर रहे थे कि उन पर हमला हो गया, कई राउंड फायरिंग हुई, जिसमें एक गोली उनके कान को छुते हुई निकली, जिससे खून फोटोस में देख रहा है। यह सब जानकारी मीडिया में आई है। अब सवाल उठता है कि आखिर राजनीति और लोकतंत्र में ऐसी हिंसा क्यों होती है। दुनियां में अनेकों लोकतांत्रिक देश हैं, हालांकि हिंसा वहां भी होती है परंतु मैंने जब अमेरिका का इतिहास खंगाला तो पता चला कि, इसके पूर्व भी ऐसी 9 घटनाएं हुई है जिसमें प्रत्याशी या राष्ट्रपति यातो मारे गए**

वैश्विक स्तरपर दुनियां के सबसे पुराने लोकतंत्र के गढ़ अमेरिका में जहां एक ओर लंबे समय से 5 नवंबर 2024 को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव की प्रक्रिया चल रही है, जिसमें तीन मूल भारतीय भी इस प्रक्रिया का हिस्सा बने थे और अंत में निक्की हेलन भी बाहर हो गई।

सिर्फ दो उम्मीदवार बचे हैंडोनाल्ड ट्रंप और जो बाईडेन अभी इन्हीं दो प्रत्याशियों में प्रक्रिया शुरू है। पिछले दिनों दोनों के बीच डिबेट को भी सारी दुनिया ने देखा था जिसमें ट्रंप का पलड़ा अपेक्षाकृत भारी होने का अनुमान दुनियां की मीडिया ने लगाया था और अंदाजा लगाया जा रहा था कि यदि पार्टी जो बिडेन को उम्मीदवारी में बदलती है तो कमला हैरिस का नाम सामने आ सकता है फिर बाईडेन के एक बयान से इसकी संभावना काम हो गई। कुछ दिनों से दोनों प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार जोरों पर है, पूरा विश्व भी इस चुनाव पर नजर लगाए हुए है। इसी क्रम में डोनाल्ड ट्रंप एक स्थान पर आए चुनाव प्रचार की सभा कर रहे थे कि उन पर हमला हो गया, कई राउंड फायरिंग हुई, जिसमें एक गोली उनके कान को छुते हुई निकली, जिससे खून फोटोस में देख रहा है। यह सब जानकारी मीडिया में आई है। अब सवाल उठता है कि आखिर राजनीति और लोकतंत्र में ऐसी हिंसा क्यों होती है। दुनियां में अनेकों लोकतांत्रिक देश हैं, हालांकि हिंसा वहां भी होती है परंतु मैंने जब अमेरिका का इतिहास खंगाला तो पता चला कि, इसके पूर्व भी ऐसी 9 घटनाएं हुई है जिसमें प्रत्याशी या राष्ट्रपति यातो मारे गए हैं या घायल हुए हैं, जो बड़ी हैरानी वाली बात है। वैसे भी हम अनेकों बार मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर अमेरिका की गोली संस्कृति के बारे में सुनते रहते हैं कि स्कूलों, चौराहा रोडो या सिनेमाघरों में अक्सर फायरिंग की घटनाएं होती रहती है,इसलिए यह ट्रंप की घटना से जानकारों को कोई भारी आश्चर्य नहीं हुआ होगा, परंतु पूरी दुनियां सदमे में है कि ऐसे सबसे बड़े पूर्ण विकसित देश में लोकतंत्र में हिंसा हो रही है तो, उनका स्थान कहां होगाब्रिटेन फ्रांस भारत इजराइल आस्ट्रेलिया सहित पूरी दुनियां के शासको विपक्ष ने बयान जारी कर इस घटना पर दुख जाहिर किया है।ट्रंप के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। भारतीय पीएम ने भी कहा है की राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं है। हालांकि भारत में भी इस तरह की घटना हुई है जिसकी चर्चा हम नीचे पैरा में करेंगे। चूंकि अमेरिका के चुनावी माहौल के बीच ट्रंप पर हमले ने पूरी दुनिया को वहां हुई राजनीतिक हत्याओं की फिर से याद ताजा कर दी है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, विश्व ने अमेरिका के राष्ट्रपति उम्मीदवार पर हमले की कड़ी निंदा की है, राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं है।

साथियों बात अगर हम दिनांक 14 जुलाई 2024 को अमेरिकी राष्ट्रपति उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले की करें तो,उन्हें एक चुनावी रैली में गोली मारी गई है। अगले ही दिन रिपब्लिकन पार्टी औपचारिक रूप से उन्हें व्हाइट हाउस के लिए अपना उम्मीदवार घोषित करने वाली थी। उससे ठीक एक दिन पहले उन पर हत्या का प्रयास किया गया। गोली लगने के बाद ट्रंप ने अपने चेहरे के दाहिने हिस्से को टच किया और फिर जमीन पर गिर पड़े। पूर्व राष्ट्रपति के चेहरे के दाहिने हिस्से से खून बहता हुआ दिखाई दिया। सीक्रेट सर्विस के एजेंटों ने उन्हें बचाने के लिए खुद को उन पर झोंक दिया। जब वे उठे, तो एजेंट उन्हें अंदर ले गए। ऐसा पहली बार नहीं है जब इतने बड़े नेताको सरेआम गोलीमारी गईहै,इससे पहलेभी अमेरिका सहित कई देश के नेताओं पर जानलेवा हमला किया गया था।इस घटना ने साल 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावअभियान को भी बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। इससे देश के सामाजिक और सांस्कृतिक ताने-बाने को भी नुक़सान पहुँचा है।इस घटना से अमेरिका की राजनीति में कई दशक से बनी देश की सुरक्षा का भ्रम भी टूट गया है।इस गोलीबारी में ट्रंप को केवल मामूली चोटें आई हैं, लेकिन उनके लिए यह मामला काफ़ी क़रीबी भी हो सकता था। न्यूयॉर्क टाइम्स अख़बार के डग मिल्स की ली हुई एक तस्वीर में पूर्व राष्ट्रपति के सिर के पास से एक गोली हवा में एक लकीर की तरह चलती हुई दिखती है।इसके तुरंत बाद सुरक्षा गार्ड उनके आसपास घेरा बना लिया और ट्रंप को अस्पताल ले गए।अमेरिका में 52 साल बाद किसी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार पर हमला हुआ। इससे पहले 1972 में जॉर्ज सी वॉलेस पर गोली चलाई गई थी। इस घटना ने पूरी दुनिया को अमेरिका में हुई राजनीतिक हत्याओं की याद दिला दी। ट्रम्प अमेरिका के पहले राष्ट्रपति या पूर्व राष्ट्रपति नहीं हैं, जिनकी हत्या की कोशिश की गई है। अमेरिका के राजनीतिक इतिहास में ऐसे कई नाम हैं, जिनकी या तो हत्या कर दी गई, या फिर मारने की कोशिश की गई है। साथियों बात अगर हम अमेरिका में चुनाव में या राष्ट्रपति पर हमले के इतिहास की करें तो 9 घटनाएं संज्ञान में आई है।कांग्रेसनलरिसर्च सर्विस द्वारा 2008 में तैयार की गई रिपोर्ट के मुताबिक, राष्ट्रपति, राष्ट्रपति चुनाव और उम्मीदवारों पर 15 अलग-अलग मौके पर सीधे हमले हुए हैं।

## समानता के बगैर लोकतंत्र का कोई अर्थ नहीं

अरुण कुमार दीक्षित

भारतीय राजनीतिक चिंतन की परंपरा पाश्चात्य राजनीतिक चिंतन से अधिक पुरानी है। भारत में राजतंत्र और गणतंत्र शासन व्यवस्था प्राचीन हैं। कौटिल्य ने राज्य को अपने आप में साध्य मानते हुए समाज में सर्वोच्च स्थान दिया है। उन्होंने राजा के कार्य क्षेत्र को अत्यंत विस्तृत बताया है । कौटिल्य ने राज्य की संपूर्ण संस्थाओं को मनुष्य के आध्यात्मिक सांस्कृतिक और आर्थिक कल्याण का साधन बताया है। सुझाव दिया है कि राजा को आग, बाढ़, महामारी, अकाल और भूकंप जैसी दैवीय विपत्तियों का निवारण करना चाहिए। राजा को चाहिए कि प्रजा के प्रति पुत्रवत आचरण करे। राज्य में अपराधियों के लिए दंड, बाहरी शत्रुओं से रक्षा, राज्य की आंतरिक व्यवस्था एवं न्याय की रक्षा प्रमुख बताया है। 18वीं लोकसभा का गठन कुछ दिन पूर्व हुआ है। भाजपा के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिकगठबंधन तीसरी बार केंद्र की सत्ता में आया है। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही पिछले दिनों पूरे देश के लोगों ने संचार माध्यमों के जरिए देखी। संसद के भीतर के दृश्य काफी निराशाजनक रहे। प्रत्येक लोकसभा और राज्यसभा सदस्य का यह कर्तव्य है कि वह भारतीय संविधान की उद्देशिका में वर्णित तथ्यों के अनुसार आचरण करे। उद्देशिका में कहा गया है कि हम भारत के लोग भारत को (एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों की ,सामाजिक,आर्थिक ,राजनीतिक न्याय, विचार ,अभिव्यक्ति, विश्वास,धर्म और स्वतंत्रता प्रतिष्ठा के अवसर की समता राष्ट्र की एकता और अखंडता बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर अधिनियमित आत्मार्पित करते हैं।

भारत के संविधान के अनुसार सदन के सदस्यों का आचरण होना ही मर्यादा है । बीते कुछ समय से ऐसा नहीं हो रहा है । भारी भरकम धनराशि खर्च कर चलने वाले लोकसभा सदन में हंगामा है । शोर शराबा की स्थिति बढ़ी है। यहां तक की शपथ ग्रहण के अवसर पर विभिन्न सांसदों ने शपथ की निर्धारित शब्दावली के अतिरिक्त विशेष विचार धारा से जुड़े हुए नारे लगाए। जो संविधान सम्मत नहीं कहे जा सकते। इस पर सदन को विचार करना होगा। संसद का सदन सुचारु रूप से चले, इसकी जिम्मेदारी सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों की बराबर होती है । मगर सत्ता पक्ष और विपक्ष में सकारात्मक चर्चा का अभाव देखा जा रहा है । लोकतंत्र में सशक्त विपक्ष का होना शुभ माना जाता है । होना यह चाहिए कि पक्ष और विपक्ष दोनों मिलकर राष्ट्र के लोगों को समता समृद्धि के अवसर बगैर दलीय,जातीय,पंथिक पूर्वाग्रह के उपलब्ध कराने की कार्रवाई करें । राष्ट्र को शक्तिशाली समृद्धशाली बनाने में कोताही न बरतें नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं को लेकर की गई टिप्पणी से संसद की गरिमा को ठेस पहुंची है। अब यह कहा जा रहा है कि उन्होंने भाजपा के लोगों को लक्ष्य कर ऐसी टिप्पणी की है। संपूर्ण हिंदुओं पर नहीं की। लोकसभा भारत का हृदय स्थल है। किसी भी दल के लोकसभा व राज्यसभा के सदस्यों द्वारा भारत को आहत करने वाली टिप्पणियों को क्या जायज ठहराया जा सकता है ? उत्तर होगा नहीं। मगर ऐसा प्राय~ होता आ रहा है। इतना ही नहीं, आंध्र प्रदेश के लोकसभा सदस्य असदुद्दीन ओवैसी द्वारा एक अन्य देश का नाम लेकर लोकसभा सदन में जिंदाबाद कहा गया। यह और शर्मनाक घटना है और सीधे-सीधे भारत की संप्रभुता पर हमला है । लोकसभा के भीतर और बाहर कुछ भी बोलने के विरुद्ध आचार संहिता को कठोर बनाया जाना चाहिए ,अन्यथा की स्थिति में यह भारत विरोधी कार्रवाई रुकने वाली नहीं है। यह भी उल्लेखनीय है कि राष्ट्र के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा से पीछे हटना भी देश के लोग देख रहे हैं। यह आरोप विपक्ष पर सत्ता पक्ष और सत्ता पक्ष पर विपक्ष लगा रहा है। संविधान विशेषज्ञों द्वारा इस पर चिंता व्यक्त की जा रही है। देश की जनता जिन महानुभावों को अपने जनप्रतिनिधि बनाकर लोकसभा में भेजा है।



## राशिफल

**मेषः**- हर क्षेत्र में अडचन व संघर्ष से मन परेशान होगा। आकस्मिक कोई सुखद समाचार से मन प्रसन्न होगा। नेतृत्व की अदभुत क्षमता व कुशल नियोजन से रचनात्मक कायरे को कुशलता से पूर्ण करेंगे।

**बृषभः**- नयी योजनाओं को अंजाम देने के लिए उच्च मनोबल के साथ तत्पर होंगे। अपनी भावुकता पर नियंतण्ररखें, अन्यथा भावनात्मक शोषण के शिकार हो सकते हैं। जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

**मिथुनः**- रोजगार में लाभ के नये अवसर मिलेंगे। कोई इच्छित कार्य की पूर्ति अपेक्षित है। राजकीय कर्मचारियों के लिए नौकरी का वातावरण सुखद होगा। समाजिक मान-सम्मान व वर्चस्व में वृद्धि होगी।

**कर्कः**- सगे-संबंधियों में बड़पन व त्याग के परिचायक बनें। नये कायरें में पूंजी निवेश हेतु धनाभाव अवरोधक हो सकता है। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। रचनात्मक व सामाजिक कायरें में रुचि बढ़ेगी।

**सिंहः**- शासन-सत्ता का लाभ प्राप्त होगा। पूर्वाग्रहवश दूसरों की आलोचना करना व्यक्तित्व पर कुप्रभावी होगा। किसी महत्वपूर्ण कार्य के परिणाम के प्रति जिज्ञासा प्रबल होगी। घर में खुशहाली रहेगी।

**कन्याः**- नये कार्य की तलाश जारी रहेगी। स्वास्य व परिवार दोनों को लेकर मन परेशान होगा। दूसरों में कमियां निकालने के बजाय स्वयं को सुधारें। नई आशंकाएं मन को परेशान कर सकती हैं।

**तुलाः**- कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से हानि संभव। किसी सहकर्मी के खराब व्यवहार से कष्ट संभव। आर्थिक प्रगति के लिए मन में नई युक्तियां आएंगी।

**वृश्चिकः**- भौतिक आकांक्षाएं मन प्रभावी होंगी। नई रुचि नये व्यक्तित्व के निर्माण में सहायक होगी। घर में कुछ नये दायित्व अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगे। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

**धनुः**- संबंधों में छोटी-छोटी बातों का बुरा न माने। कसी महत्वपूर्ण दायित्व की सुव्यवस्थित पूर्ति के चिंतित होंगे। अपनी क्रियाशीलता बढ़ा प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। संतान संबंधी दायित्व की पूर्ति होगी।

**मकरः**- उच्च महत्वाकांक्षा जल्द ऊंची प्रगति के लिए आपको प्रेरित करेगी। आकस्मिक कोई यात्रा की योजना बन सकती है। कुछ सुंदर भावनाएं मन पर प्रभावी होंगी किंतु अत्याधिक अपेक्षाएं कष्ट देंगी।

**कुंभः**- अत्याधिक ब्यस्तता व परिश्रम से मन में नीरसता संभव। नये आर्थिक प्रगति के लिए मन परेशान होगा। कार्यक्षेत्र में समुचित उर्जा की अनुभूति होगी। भौतिक आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी।

**मीनः**- अपने कद व गरिमा के अनुकूल व्यावहारिक जीवन में चलने का प्रयत्न करें। राजनीतिक सक्रियता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों की मधुरता बढ़ेगी। जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

# बजट में आम संघर्षरत लोगों के लिए कोई राहत की उम्मीद नहीं

अनिल राजिमवाले

**वित्त मंत्री को कुछ हद तक मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। पिछले महीने संसद के दोनों सदनों को संयुक्त संबोधन में हमारे राष्ट्रपति ने दावा किया था कि बजट कई ऐतिहासिक कदमों से चिह्नित होगा। 4 जून को चुनाव परिणामों के बाद से, आधिकारिक आर्थिक और राजनीतिक हलकों में केवल एक ही बात चल रही है इक्विटी और शेयर बाजार तेजी के साथ पागल हो रहे हैं। बड़े व्यवसाय बड़े पैमाने पर सट्टा अवसरों के उन्माद में जकड़े हुए हैं। एनडीए गठबंधन के चुनावों में नेतृत्व करने के बाद निफ्टी और बीएसई आसमान छू गये। कागजात शेयर बाजारों और व्यावसायिक दिग्गजों के मुनाफे के आंकड़ों से भरे पड़े हैं, जिसमें उत्पादन और विनिर्माण को लगभग पूरी तरह से बाहर रखा गया है, जो इस तथ्य को दर्शाता है कि लोगों और उत्पादक अर्थव्यवस्था के लिए कुछ भी नहीं किया जा रहा है। बुनियादी ढांचे और शहरीकरण तथा अन्य पर पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) बढ़ाने की समस्याएं, व्यापार बाधाओं को दूर करना, जीएसटी के दुरुपयोग से उत्पन्न समस्याएं आदि कुछ ऐसी समस्याएं हैं जिनका सामना सरकार कर रही है।**

नरेंद्र मोदी सरकार 22 जुलाई से 12 अगस्त तक चलने वाले बजट सत्र में 23 जुलाई को अपने तीसरे कार्यकाल का पहला बजट पेश करेगी। भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार से व्यापक रूप से उम्मीद की जा रही है कि वह सुधारों का दावा करते हुए अपनी नीति को जारी रखेगी। पिछले दशक में बजट और आर्थिक नीतियों की द्वंद्वात्मकता ने भारतीय अर्थव्यवस्था पर वित्तीय कॉरपोरेट्स के पहले से ही बड़े पैमाने पर कब्जे को और मजबूत करने का काम किया है। हालांकि यह हमारी जीवंत अर्थव्यवस्था के लिए विनाश का संकेत है, लेकिन इस बार यह इतना आसान नहीं हो सकता है, क्योंकि भाजपा अल्पमत में है और बिहार और आंध्र प्रदेश के उसके सहयोगी रियायतें पाने के लिए उसके गले पर सवार हैं। वित्त मंत्री को कुछ हद तक मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। पिछले महीने संसद के दोनों सदनों को संयुक्त संबोधन में हमारे राष्ट्रपति ने दावा किया था कि बजट श्कई ऐतिहासिक कदमों से चिह्नितश् होगा। 4 जून को चुनाव परिणामों के बाद से, आधिकारिक आर्थिक और राजनीतिक हलकों में केवल एक ही बात चल रही है इक्विटी और शेयर बाजार श्तेजीश् के साथ पागल हो रहे हैं। बड़े व्यवसाय बड़े पैमाने पर सट्टा अवसरों के उन्माद में जकड़े हुए हैं। एनडीए गठबंधन के चुनावों में नेतृत्व करने के बाद निफ्टी और बीएसई आसमान छू गये। कागजात शेयर बाजारों और व्यावसायिक दिग्गजों के मुनाफे के आंकड़ों से भरे पड़े हैं, जिसमें उत्पादन और विनिर्माण को लगभग पूरी तरह से बाहर रखा गया है, जो इस तथ्य को दर्शाता है कि लोगों और उत्पादक अर्थव्यवस्था के लिए कुछ भी नहीं किया जा रहा है। बुनियादी ढांचे और शहरीकरण तथा अन्य पर पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) बढ़ाने की समस्याएं, व्यापार बाधाओं को दूर करना, जीएसटी के दुरुपयोग से उत्पन्न समस्याएं आदि कुछ ऐसी समस्याएं हैं जिनका सामना सरकार कर रही है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पूर्व परामर्श के तहत बुनियादी ढांचे और ऊर्जा क्षेत्र के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। बड़े उद्योग चाहते हैं कि सरकार शहरीकरण में तेजी लाने के लिए कदम उठाये। यह एमएसएमई और अन्य विनिर्माण को छोड़कर शहरी भूमि और संपदा सट्टेबाजी में बड़े पैमाने पर उत्पादक पूंजी के जाने को दर्शाता है। उद्योग का एक अन्य वर्ग, विशेष रूप से एमएसएमई, औद्योगिक उत्पादन और बिक्री को प्रभावित करने वाली जीएसटी की उच्च और जटिल दरों के बारे में शिकायत कर रहा है। अर्थव्यवस्था के विपरीत ध्रुव पर एक स्वाभाविक परिणाम निवेश में तेज और बड़ी गिरावट है। बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा विश्लेषित सीएमईआई आंकड़ों से पता चलता है कि जून में समाप्त होने वाली तिमाही में विनिर्माण निवेश 20 साल के निचले स्तर पर गिरकर केवल 44300 करोड़ रुपये रह गया। इससे पहले सबसे कम स्तर जून 2005 में था। यह चौतरफा आर्थिक विकास के बड़े-बड़े दावों के बावजूद था। फिर भी, भारत की बड़ी कंपनियों ने इस साल की पहले छह महीनों में इक्विटी बाजार में रिकॉर्ड2.5 लाख करोड़ रुपये (30अरब डॉलर) जुटाये हैं, जो जनवरी-जून की अवधि के लिए अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। यह पिछले साल की इसी अवधि की राशि से दोगुना है। अडानी और अंबानी भारतीय अर्थव्यवस्था के वित्तीयकरण और सट्टा प्रकृति के प्रतीक बन गये हैं। अरबपति गौतम अडानी समूह देश के सबसे बड़े मुंद्रा बंदरगाह पर जहाज बनाने की तैयारी कर रहा है, जिसमें सरकार उनकी सेवा में है। भारत शीर्ष दस जहाज निर्माण कंपनियों वाले देशों में से एक बनना चाहता है, और सरकार को सार्वजनिक क्षेत्र की कीमत पर अडानी से बेहतर कोई विकल्प नहीं दिखता। वर्तमान में भारत दुनिया में 20वें स्थान पर है। यह ध्यान रखना दिलचस्प है कि अडानी की जहाज निर्माण योजनाओं को पहले रिपोर्ट नहीं किया गया था, जिसे मुंद्रा बंदरगाह के लिए 45000 करोड़ रुपये के विस्तार योजना में छिपा दिया गया था। पर्यावरण को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाया जायेगा, लेकिन पर्यावरण और तटीय विनियमन क्षेत्र की मंजूरी पहले ही प्रबंधित की जा चुकी है। अडानी ने इस तथ्य का लाभ उठाया है कि चीन, दक्षिण कोरिया और जापान में यार्ड 2028 तक बुक हैं, जिससे वैश्विक खिलाड़ी भारत की ओर देखने को मजबूर हैं। लेकिन भारत सरकार ने इस स्थिति का उपयोग सार्वजनिक क्षेत्र के बंदरगाहों और यार्डों को दरकिनार करने के लिए किया है। महाराष्ट्र तट पर वधावन में एक और योजनाबद्ध बहुत बड़ा बंदरगाह बनाया जायेगा, जिसे दुनिया भर के दस सबसे बड़े बंदरगाहों में से एक माना जाता है। पीपीपी के तहत अनुमानित 76000 करोड़ रुपये की परियोजना में से 37244 करोड़ रुपये निजी क्षेत्र द्वारा दिये जायेंगे। यह दुर्लभ मैंग्रोव, आर्द्रभूमि आदि को बड़े पैमाने पर नष्ट कर देगा। भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता नहीं है क्योंकि यह समुद्री भूमि है। सरकार ने वित्त वर्ष 2025 के लिए विनिवेश और संपत्ति मुद्रीकरण से एक लाख करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है, जो सार्वजनिक क्षेत्र के विनाश और इसे बड़े व्यवसाय को सौंपने की योजना को छिपाने के लिए एक सम्मानजनक शब्द है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# स्टाफ नर्स प्रसूताओं से करती है धन उगाही, अधीक्षक से शिकायत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

नगर पंचायत सुबेहा में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात स्टाफ नर्स पर प्रसव के दौरान धन उगाही व शोषण करने एवं इलाज में लापरवाही बरतने का गंभीर आरोप लगाते हुए प्रसूता के पति ने अधीक्षक से शिकायत कर स्टाफ नर्स के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। असंद्रा थाना क्षेत्र के धनौली गांव निवासी दिनेश ने बताया कि बीती तीन जुलाई को प्रसव पीड़ा होने के बाद उसकी रेहुरा थाना सुबेहा गांव निवासी सास उसकी पत्नी को सी एच सी सुबेहा लेकर पहुंची थी जहां पर मौजूद स्टाफ नर्स गीता यादव द्वारा भर्ती कर लिया गया, लेकिन इसके बाद वह स्कूटी लेकर किसी दूसरे कार्य से कही चली गई। और मेरी पत्नी दर्द से तड़पती व चीखती चिल्लाती रही पत्नी की तेज दर्द व परेशानी को देखते हुए मेरी सास इलाज हेतु नर्स की तलाश में इधर उधर भटकती रही काफी देर बाद वापस लौटने के बाद मेरी सास ने स्टाफ नर्स से दवा इलाज करने के लिए कहा तो गुस्सा हो गई और कहा कि क्या हम अपना काम न करे क्या हमे खाना खिला दोगी आरोप है की बाहर से इंजेक्शन मंगाने की बात कहकर दो सौ रुपए लेकर इंजेक्शन लगाया और फिर 500 रुपए लेकर ग्लूकोज की बोतल चढ़ाई। यही नहीं सामान्य डिलीवरी होने पर भी एक हजार रुपए उससे नगद ले लिए गए। कुल मिलाकर 1700 रुपए ले लिए गये। मरीज को अस्पताल के अंदर से नाश्ता पानी तक नहीं दिया गया तीमारदार से नाश्ता भी मंगाना पड़ा। काफी देर बाद नार्मल डिलीवरी के दौरान बच्चा पैदा हो गया लेकिन ब्लड ज्यादा निकल जाने की वजह से उसकी हालत बिगड़ना शुरू हो गई। सास से मिली सूचना के बाद कानपुर से शाम 3 बजे अस्पताल पहुंचा तो पत्नी की हालत देखकर घबरा गया देखा की उसके कपड़े खून से सने हुए थे जिसके बाद मैंने अपने कपड़े उतारकर उसको पहनाया सास राधा ने बताया की डिलीवरी के दौरान झिल्ली कैची से काट देने की वजह से शरीर का सारा खून बह गया फिर आनन फानन उसे बाराबंकी अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया ।जहां पर अपना खून चढ़वाया व दवा इलाज के बाद उसकी जान बचाई जा सकी नर्स की लापरवाही को देखते हुए मेरी सास ने कई बार हैदरगढ़ सी एच सी के लिए रेफर करने की बात कही लेकिन सुनवाई नहीं की गई बस यही कहती रही की घबराओ नहीं कोई दिक्कत नहीं होगी यह हमारी जिम्मेदारी है ।इलाज के बाद पत्नी की हालत में सुधार होने के बाद प्रसूता के पति ने चिकित्सा अधीक्षक से मिलकर मामले की लिखित शिकायत की है। इस संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश कुरील ने बताया की मामला संज्ञान में आया है स्टाफ नर्स को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया जा रहा है।



## अलग-अलग गांवो में आधा दर्जन लोग हुए सर्प दंश का शिकार

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** वर्तमान समय में हो रही बरसात के कारण बीती रात क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आधा दर्जन लोग सर्पदंश का शिकार हो गए। सर्प दंश के शिकार हुये लोगो का उपचार सीएचसी हैदरगढ़ में करने के बाद छुट्टी दे दी गई। नीमामऊ गांव निवासी भाजपा नेता विवेक कुमार पुत्र सिया बिहारी 35 वर्ष बीती रात लघुशंका के लिए उठे कि तभी दरवाजे पर सर्प दंश के शिकार हो गये। परिवारीजन आनन-फानन में इलाज के लिए सीएचसी हैदरगढ़ लाए। यहां काफी देर तक चले उपचार के बाद भाजपा नेता खतरे से बाहर हुए।इसी क्रम में दौलतपुर गांव की शिवदेवी पत्नी प्रवेश 25 वर्ष,ओहरामऊ की आराधना पुत्री शिव सहाय 18 वर्ष,पूरे लाल निवासिनी पूजा पुत्री दयाराम 13 वर्ष,पूरे पाण्डे के विवेक यादव 20 वर्ष एवं लौली गांव की मायावती पत्नी रामफेर 60 वर्ष सर्पदंश का शिकार हुई। डाक्टरों ने बताया कि सर्पदंश के शिकार समय से सीएचसी आ गए।

# जलभराव से जूझ रहा राहतनगर, प्रशासन मौन

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

> कई लोग जल भराव के चलते गिरकर हो चुके हैं चोटिल

बाराबंकी शहरवासी जल भराव की समस्या से परेशान है। लोगो को आने जाने परेशानी होती है। रास्ते मे पानी भरा हुआ है। जिसकी शिकायत जिम्मेदारों से करने के बाद भी कोई भी ठोस कदम समस्या के निराकरण के लिए नहीं उठाया गया। मामला बाराबंकी शहर के मोहल्ला राहत नगर का है। जो कि नगर पालिका बाराबंकी में आता है। यहां पर जल भराव की समस्या काफी दिनों से बनी हुई है। और पानी की निकासी नहीं हो पा रही और नाली का निर्माण भी नही हुआ है। जिसके चलते स्थानीय निवासियो को कई तरीके की परेशानियो का सम्मान करना पड़ता है।और घर से निकलना भी दूभर हो गया है।ऐसे में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष से बार-बार शिकायत के बावजूद कोई कार्यवाही नही कर रहे है। और लोगो की समस्या जस की तरफ बनी हुई है। मोहल्ले के ही रहने वाले मोहम्मद हरिम बताते है कि जल भराव की समस्या काफी दिनो से है। जहां एक तरफ लोग पिछली बार बाढ़ से परेशान थे तो वही इस बार राहत नगर मोहल्ले मे जल भराव की समस्या है। लेकिन शिकायत के बावजूद जिम्मेदार कोई भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। वही मोहल्ले मे रहने वाले बुजुर्ग मोहम्मद शब्बीर बताते है कि कई बार अध्यक्ष से शिकायत की गई लेकिन कोई भी सुनने को तैयार नहीं है।अगर नाली का निर्माण हो जाता तो जल भराव की समस्या का निदान हो जाता और आने-जाने की समस्या दूर हो जाती।लेकिन कई बार नगर पालिका अध्यक्ष, सभासद से शिकायत की गई लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। बुजुर्गों को और बच्चों को भी जल भराव से दिक्कत होती है। स्कूल आने-जाने मे परेशानी होती है।और तो और कई लोग जल भराव के चलते गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है। ऐसे में सोचने वाली बात यह है कि जो सरकार प्रशासन आम आदमी के हर वादे पूरे करने हर समस्या के निदान के दावे करता है ऐसी समस्याओं को दरकिनार कैसे कर देता है। अब देखने वाली बात यह होगी की सड़क और नाली का निर्माण होता है जल भराव की समस्या दूर होती है।और राहत नगर के निवासियो को राहत मिलती है या नहीं।

# पुलिस देख भागा तस्कर, मारफीन संग गिरफ्तार



**जैदपुर, बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

गश्त के दौरान पुलिस को देख भयभीत होकर भागने वाले एक तस्कर को अवैध 315 मार्फीन के साथ गिरफ्तार किया गया जबकि दूसरा भागने मे सफल हो गया।

जैदपुर पुलिस द्वारा संबंधित धाराओ मे मुकदमा दर्ज कर एक को जेल भेजा गया। दूसरे की तलाश जारी है। बताते चलें कि एस एस आई सतीष कुमार सिंह हमराही उप निरीक्षक रनवीर सिंह व सहयोगी पुलिस के जवानों के साथ हरख रोड पर चंदौली पुलिया के पास सामने से आरहे पुलिस के लोगों को देख मोटरसाइकिल यूपी 41 एटी 4339 पर सवार दो लोग भागने लगे।उबड़-खाबड़ मार्ग होने के चलते मोटरसाइकिल गिर गयी पीछे बैठा व्यक्ति बहुत तेजी से कूदकर भागने में सफल हो गया।जबकि दूसरा मोटर साइकिल गिरने से दब गया। पुलिस ने जब उसे उठाकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास 315 ग्राम अवैध मार्फीन की पुटकी बरामद हुई।गिरफ्त मे व्यक्ति ने अपना इकलाख कुरैशी पुत्र एहसान अली निवासी टिकरा मुर्तुजा थाना जैदपुर बताया जिसकी भागने वाले का नाम जियाऊल पुत्र जब्बार उर्फ मुल्ला निवासी दादरा थाना जैदपुर बताया गया है।

जैदपुर पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर एक को जेल भेजा गया है।दूसरे की तलाश में छापेमारी की जा रही है। इस संबंध में दारोगा रनवीर सिंह ने बताया कि 315 ग्राम अवैध मार्फीन बरामद कर एक व्यक्ति को जेल भेजा गया है।वही फरार हो गये दूसरे व्यक्ति की तलाश जारी है।

# गुणवत्तापूर्ण विकास कार्य करवाना हमारी प्राथमिकता : बीडीओ

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

नवागत खण्ड विकास अधिकारी आदिती श्रीवास्तव ने सिरौलीगौसपुर ब्लाक का कार्यभार ग्रहण कर पत्रकारों से कहा है कि विकास कार्यो को समय से गुणवत्तायुक्त करवाना प्राथमिकता रहेगा। सोमवार को नवागत खण्ड विकास अधिकारी आदिती श्रीवास्तव ने सिरौलीगौसपुर का कार्यभार ग्रहण किया। तत्पश्चात ब्लाक सभागार में परिचायत्मक एंव विकास कार्य समीक्षा बैठक की। बैठक में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास चकबंधों की पटाई अमृत सरोवर आदि विकास कार्यों के बाबत ग्राम विकास ग्राम पंचायत अधिकारी एंव एपीओ मनरेगा, तकनीकी सहायकों से कार्यों बाबत जानकारी हासिल कर चल रहे विकास कार्यों को समय से गुणवत्तायुक्त करवाने की बात कही है। बैठक में एपीओ मनरेगा रेनू रावत, चेतराम जे ईआरईएस, सतीश श्रीवास्तव जेईएमआई, कुलदीप वर्मा सतीश वर्मा सुरेश चन्द्र यादव मनीष शुक्ला वीरेन्द्र तिवारी राजेश कुमार रावत, धर्मेन्द्र कुमार वर्मा, तकनीकी सहायक गुलाम याजदानी शिवनरायन मौर्या गजराज वर्मा जे बी सिंह अखिलेश वर्मा आदि मौजूद रहे।भाकियू राधे गुट के कार्यकर्ताओं ने रामपुर भवानीपुर की समस्यायों को लेकर खण्ड विकास अधिकारी से वार्ता किया। बीडीओ ने भाकियू कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान कराया जायेगा।

## पैर फिसलने से नहर में डूबा युवक, नही मिला शव

**मसौली बाराबंकी।** रविवार की देर शाम शारदा सहायक डबल नहर मे पैर फिसलने से एक 20 वर्षीय युवक नहर मे डूब गया युवक भैंस चरा कर नहर मे पैर धूल रहा था। पुलिस गोताखोरो के जरिये देर रात्रि जुटी रही। वही परिजनों का रो-रो के बुरा हाल है। थाना क्षेत्र के ग्राम किन्हौली निवासी नवनीत मिश्रा पुत्र स्वर्गीय चन्द मिश्रा रविवार की देर शाम भैंस चराकर वापस लौटते समय शारदा सहायक डबल नहर मे पैर धुलने लगा कि अचानक पैर फिसलने से नवनीत मिश्रा नहर की धारा मे चला गया लोगो को जानकारी जोते ही तलाश शुरु की और पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही मसौली पुलिस गोताखोर के साथ ग्राम किन्हौली से ग्राम पहाड़पुर पुल तक शव बरामद करने का प्रयास में लगी थी।

# पेड़ से लटकता मिला युवक का शव युवक था काफी दिन से बीमार

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

> बाग में शव के लटके होने की सूचना आग की तरह पूरे गांव में फैली

कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत बरावा गांव में 22 वर्षीय युवक का शव सोमवार की सुबह आम के पेड़ पर गमछे के सहारे लटकता हुआ पाया गया। पता चला है कि युवक पिछले चार-पांच वर्षों से मानसिक रोगो का शिकार था जिसका उपचार परिजनों द्वारा लखनऊ से कराया जा रहा था।

जानकारी के अनुसार गांव निवासी संदीप पुत्र साहबदीन रावत 25 वर्ष कल शाम 9 बजे खाना खाने के बाद टहलने के लिए घर से निकला था फिर वापस नहीं लौटा था देर रात तक वापस न आने पर परिजन तलाश कर रहे थे परंतु रात में पता नहीं लग सका आज सुबह बाग से आम बीनने पहुंचे बच्चों ने गमछे के सहारे आम के पेड़ पर एक युवक का शव लटकते पाया गया। बाग में शव के लटके होने की सूचना जंगल की आग की तरह पूरे गांव में फैल गई । सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने देखा कि आम के पेड़ से उनके पुत्र संदीप की लाश लटक रही है। परिजनों की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी भी दलबल के साधन मौके पर पहुंच गये और घटनास्थल का जायजा लिया और फिर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल के लिए रवाना कर दिया।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस टीम ने महिला को किया गिरफ्तार

**जैदपुर, बाराबंकी।** पुलिस टीम ने सोमवार को राधिका पत्नी गुड्डू निवासिनी मऊअवा थाना फरेंदा जनपद महाराजगंज को गिरफ्तार किया गया। महिला के कब्जे से दुर्गा माता मंदिर,बीबीपुर थाना जैदपुर में एक महिला से चोरी की गई सोने की चेन बरामद की गई। आरोपी महिला के विरुद्ध थाना जैदपुर पर मु0अ0सं0 254/2024 धारा 304/317(2) बीएनएस पंजीकृत किया।

### राशन नहीं वितरित करने का लगाया आरोप

**जैदपुर, बाराबंकी।** एक सप्ताह से कोटेदार द्वारा राशन का वितरण न करने से तमाम कार्ड धारक परेशानियों को देखते हुये बहुचर्चित सभासद ताहिर अंसारी ने ईओ से की शिकायत। जानकारी के अनुसार कस्बे के गढी कदीम स्थित हाजी सलीम के कोटे की सरकारी दुकान में पिछले एक सप्ताह से मशीन खराब होने के चलते कुछ केवाईसी तो की गयी मगर राशन का वितरण न होने से लगातार कार्ड धारक वापस होने से आक्रोशित लोगों ने सभासद ताहिर अंसारी को इस बात की सूचना देते रहे। जिसे लेकर बहुचर्चित सभासद ने ईओ अलोक वर्मा को लिखित पत्र देकर शिकायत की है? इस संबंध में पूर्ति निरीक्षक इमरान मंसूर से बात की गयी तो बताया गया कि ये असुविधा मशीन की खराबी के चलते हुयी है। मशीन विभाग में जमा कर आज ही कोटेदार सलीम की मशीन का दुरूस्तिकरण करा दिया जायेगा। मंगलवार से कोटेदार सलीम की दुकान से राशन वितरण किया जायेगा।

### प्रमुख प्रतिनिधि ने किया वाटर कूलर का उद्घाटन



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र पंचायत निधि से स्थानीय विकास खंड के कमेला चौराहा एवं विसेसन का पुरवा चौराहा पर स्थापित किये गए वॉटर कूलर का उदघाटन रामदेव सिंह प्र ब्लॉक प्रमुख द्वारा किया गया। कमेला बूध अध्यक्ष स्व0 शिवम सिंह की स्मृति में श्री सिंह द्वारा अपनी क्षेत्र पंचायत निधि से वॉटर कूलर को जनमानस को समर्पित किया गया सिंह ने अपने संबोधन में कहाकि वॉटर कूलर की स्थापना का प्रमुख उद्देश्य वर्तमान समय में पड़ रही भीषण गर्मी के मौसम में आम जनमानस को शीतल व शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता भाजपा मण्डल अध्यक्ष सुबेहा राम सागर मौर्य, मण्डल महामंत्री रंजीत सिंह महंत, मण्डल उपाध्यक्ष विक्रम सिंह, प्रधान बरावां राम कुमार सिंह, राम किशोर गुप्ता , हर्ष सिंह चौहान लल्लू, पवन सिंह , विनय शुक्ला सहित अनेक सम्मानित जन प्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

### मंदिर में भगवान शिव परिवार की हुई स्थापना

**हैदरगढ़,बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** नगर के रामलीला कोठी स्थित गोविन्देश्वर महादेव मंदिर की पुनर्स्थापना के तहत सोमवार को मंदिर परिसर में भगवान शिव के परिवार की स्थापना की गई। इस अवसर पर मंत्रोच्चारण के बीच शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा की गई। पुनर्स्थापना एवं मूर्ति प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में रामलीला कोठी से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। रामलीला कोठी से निकली शोभायात्रा शीतला माता मंदिर से होते हुए एवं मुख्य बाजार से रामेश्वरम शिवाला मंदिर होते हुए मार्ग में सभी मंदिरों पर दर्शन करते हुए शोभा यात्रा का समापन पुनः रामलीला कोठी पहुचकर हुआ। इस शोभायात्रा मे बड़ी संख्या में महिलाओं नगर वासियों एवं क्षेत्रवासियों ने हिस्सा लिया।

### बीडीओ ने केजीबीवी का किया निरीक्षण

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने सोमवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में कराए जा रहे टाइलीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान छात्राओ से संवाद स्थापित करते हुए बीडीओ ने पूरी लगन से पढ़ने और वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बेटियाँ आज हर क्षेत्र में पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही है। इसलिए आप भी पूरी निष्ठा व लगन से पढ़कर अपने परिवार व समाज का नाम रोशन करो। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए बालिकाओं को जागरूक करते हुए कहा कि आगामी 20 जुलाई को होने वाले बृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत विद्यालय परिसर में अपनी माँ के नाम पर वृक्षारोपण व उसके संरक्षण, संवर्द्धन की अपील की। उन्होंने मौजूद पंचायत सचिव पवन कुमार से छात्राओं को पौधे उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हुआ पौधरोपण



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

ग्राम्यांचल इंटर कॉलेज हैदरगढ़ के परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया गया। संस्था के अध्यक्ष शरद अवस्थी ने अपनी मां के नाम पर आम का पौधा लगाया। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्ष हमें जीवन देने वाली शुद्ध आक्सीजन प्रदान करते हैं। हमारे जीवन को बेहतर बनाते हैं, और पर्यावरण को शुद्ध रखते हैं। प्रधानाचार्य प्रेम कुमार गुप्ता ने कहा कि शास्त्रों में एक वृक्ष को दस पुत्रों के बराबर माना गया है। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी व छात्र-छात्राओं ने भी पौधे रोपित किये गए।

## नवागत बीडीओ ने ग्रहण किया कार्यभार

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** त्रिवेदीगंज में तैनात खंड विकास अधिकारी अदिती श्रीवास्तव का जनपद के सिरौली गौसपुर विकास खंड के लिए स्थानांतरण हो गया। वहीं जनपद लखनऊ से स्थानांतरित होकर आई प्रियंका सिंह ने सोमवार को ब्लाक मुख्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया है। पहले दिन मुख्यालय पहुंची खंड विकास अधिकारी प्रियंका सिंह का प्रभारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत विनय शुक्ला की अगुवाई में मुख्यालय पहुंचे दर्जनों पंचायत सचिवो ने पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया । इस दौरान खंड विकास अधिकारी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए गांव के विकास कार्य में हर संभव सहयोग देने की बात कही। इस मौके पर सचिव प्रफुल्ल कुमार, निर्देश कुमार शर्मा, श्रवण कुमार यादव सहित ब्लॉक मुख्यालय के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

# विद्यालयों में बालिकाओं को दी जायेगी आत्मरक्षा की ट्रेनिंग

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

> आत्मरक्षा प्रशिक्षण की अवधि तीन माह होगी, जिसमें प्रतिदिन 40 मिनट का समय निर्धारित है

रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के अन्तर्गत जनपद के चयनित 33 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्यनरत बालिकाओं को विपरीत परिस्थितियों में मानसिक एवं शारीरिक रूप से सशक्त बनाने हेतु मानदेय पर प्रशिक्षित ट्रेनर्स की आवश्यकता है।

यह जानकारी जिला विद्यालय निरीक्षक ओ पी त्रिपाठी ने दी। उन्होंने बताया कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण की अवधि 03 माह होगी, जिसमें प्रतिदिन 40 मिनट का समय निर्धारित है। आत्मरक्षा प्रशिक्षक के चयन हेतु अभ्यर्थी भारत का नागरिक हो, आयु 01 जुलाई 2024 को न्यूनतम 18 वर्ष अधिकतम 45 वर्ष के मध्य हो, जूडो या ताइक्कांडो में कम से कम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभागी रहा हो अथवा उप्र कराटे संघ द्वारा कराटे या क्राव मागा/मार्शल आर्ट में ब्लैक बेल्ट धारी हो, ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में कार्य करने के इच्छुक हों। चयन में महिला प्रशिक्षकों को वरीयता प्रदान की जायेगी। अभ्यर्थी के विरुद्ध किसी न्यायालय में आपराधिक मुकदमा लंबित नहीं होना चाहिए।

## सड़क हादसे में हुई वरिष्ठ पत्रकार की मौत से मीडिया जगत गमजदा

**उरई ,जालौन।** तीन दशक से स्थानीय और अन्य कई प्रदेश स्तरीय समाचार पत्रों में पत्रकारिता का अनुभव रखने वाले वरिष्ठ पत्रकार मुन्नालाल चौरसिया की सड़क हादसे के बाद हुई मौत ने समूचे जनपद के पत्रकारिता समाज को गमजादा कर दिया। सोमवार को जब उनका पार्थिव शरीर राजकीय मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम के लिए पहुंचा तो मुख्यालय सहित जनपद के विभिन्न तहसीलों से बड़ी संख्या में पत्रकार और अन्य कई गणमान्य लोगों का वहां तांता लगा रहा। इस दौरान लोगों ने मुन्नालाल चौरसिया को हंसमुख स्वभाव और मिलन सारिता के गुण का धनी इंसान बतलाते हुए असमय हुई उनकी मौत पर दुख जताया। बताते चलें कि विगत 10 जून को वरिष्ठ पत्रकार मुन्नालाल चौरसिया मोटरसाइकिल से अपने गांव ब्यौना से उरई आ रहे थे।

# डीएम ने इटौरा में छात्रों के साथ किया पौधरोपण



**जालौन, उरई समृद्धि न्यूज़।**

एक पेड़ मां के नाम, अभियान के तहत जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने इटौरा इंटर कॉलेज के परिसर में छात्र-छात्राओं के साथ हरि शंकरी के पौधे का रोपण किया, साथ ही छात्र-छात्राओं को पौधे वितरण किए। विद्यालय में स्थापित कंप्यूटर लैब का निरीक्षण भी किया।

उन्होंने कहा कि वर्षा काल में एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाएं तथा अपने अभिभावकों व अपने आसपास के लोगों को भी एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए जागरूक करें, पेड़ लगाने के साथ ही उसकी देखभाल भी करें। इस अभियान से विद्यार्थी व शिक्षक द्वारा लगाए गए पौधों को वृक्ष बनते तक पालन पोषण एवं सुरक्षा करेंगे।

प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप कुमार द्वारा कहा गया कि देश के प्रधानमंत्री ने मन की बात में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया, सभी लोग एक पेड़ अपनी मां के नाम जरूर लगाए। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सब की सहभागिता जरूरी है हर व्यक्ति पौधा जरूर लगाये एवं इसकी देखभाल भी अच्छी तरह से करें। उन्होंने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति में वेदों एवं पुराणों में पेड़ पौधे का बड़ा महत्व है, हम सभी को संकल्पबद्ध होकर वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाएगें।

## ससुराल छोड़ मायके में रह रही विवाहिता ने जमीन पर किया कब्जा

**जालौन, उरई।** ससुराल छोड़कर मायके में रह रही पत्नी सास को परेशान कर रही है तथा जमीन पर कब्जा कर लिया है। जमीन पर कब्जा करने के बाद अपने बच्चों, पति व सास को भरण-पोषण के लिए कुछ नहीं दे रही उल्टा मकान को अपने नाम कराने के धमकी दे रही है। पीड़ित पति ने उच्च अधिकारियों को प्रत्यावेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उरगांव निवासी विष्णु कुमार दीक्षित पुत्र मुन्नी लाल ने बताया कि उनकी पत्नी प्रियंका पुत्री देवेन्द्र निवासी गोहन 9 वर्ष पहले घर छोड़ कर चली गयी थी। घर में उसकि वृद्ध मां राजकिशोरी 86 वर्ष, बेटी खुशी 15 वर्ष बेटा ओम 13 वर्ष उसके साथ रहता है।

# घर में सो रही युवती से छेड़खानी करने वाला युवक दे रहा धमकी

**जालौन, उरई समृद्धि न्यूज़।**

घर में सो रही युवती के घर में एक युवक अंदर घुस गया और सोती हुई युवती का मुंह दबाकर उसके साथ छेड़खानी करने लगा। आंख खुलने पर जब युवती के परिजन जब कमरे में पहुंचे तो युवक मारपीट व जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गया। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को बताया कि रविवार की रात उनका परिवार खाना खा पीकर अपने कमरे में सो गया। उनकी 20 वर्षीय बेटी अलग कमरे में सो रही थी। देर रात गांव का ही युवक अभिषेक घर की दीवार फांदकर अंदर घुस गया और बेटी के कमरे में पहुंच गया और बेटी का मुंह दबाकर उसके साथ छेड़खानी करने लगा।

आंख खुलने पर जब बेटी ने किसी तरह मुंह से हाथ हटाकर जब चिल्लाया तो परिजनों की आंख खुल गई और वह बेटी के कमरे में पहुंचे तो वह बेटी के साथ मारपीट कर रहा था। उन्हें आता देख युवक शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गया। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है।

## स्वामित्व को लेकर कागज फैक्ट्री में चल रहे विवाद ने पकड़ा तूल

**कालपी (जालौन)।** विगत कई दिनों से जारी जोल्हूपुर स्थित कागज फैक्टरी का मामला तूल पकड़ रहा है। सोमवार को फैक्टरी संचालक ने अपने परिजनों पर ही तोड़फोड़ कर सामान चोरी का आरोप लगाया है। विदित हो कि कई वर्षो से जोल्हूपुर हाइवे स्थित व्यास पेट्रोल पम्प के पास नगर के मुहल्ला मिर्जामण्डी निवासी अजय सिंह यादव कागज फैक्टरी संचालित कर रहे थे लेकिन कागज उद्योग में आई मन्दी के चलते यह इकाई बंद थी। सूत्रों की माने तो वेशकीमती जमीन पर स्थित इस फैक्टरी के स्वामित्व को लेकर परिवार में ही विवाद शुरू हो गया था और कुछ दिनों पूर्व उक्त इकाई में संचालक के चाचा छुट्टी यादव ने अपना ताला डाल दिया था।

# बिगड़ी विद्युत व्यवस्था बहाली को लेकर सौंपा ज्ञापन

**जालौन, उरई समृद्धि न्यूज़।**



पहली बार लोकसभा पहुंचे नारायण दास अहिरवार ने जनपद वासियों की समस्याओं को लेकर मुहिम तेज कर दी है इसी क्रम में सोमवार को वह सैकड़ों समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने जनपद की जर्जर विद्युत व्यवस्था और किसानों को होने वाली तकलीफ से उन्हें राहत दिलाने के लिए सात सूत्रीय ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन में स्पष्ट रूप से इस बात की भी चेतावनी दी गई की समय रहते यदि समस्याओं का निराकरण नहीं कराया जाता तो समाजवादी पार्टी जनहित को देखते हुए आंदोलन के लिए बाध्य होगी। बताते चलें कि विगत कई दिनों से जनपद में अघोषित विद्युत कटौती की वजह से किसान एवं आम जनमानस पूर्ण रूप से बेहाल बना हुआ है ग्रामीण क्षेत्रों में प्राइवेट नलकूपों को 10 घंटे विद्युत सप्लाई देने की घोषणा होने के बावजूद तीन या चार घंटे बिजली दी जा रही है जिसके चलते किसानों के सामने गंभीर संकट खड़ा हो गया है जबकि नगरीय क्षेत्रों में जल संस्थाओं द्वारा जो पेयजल की सप्लाई की जा रही है वह लीकेज के कारण दूषित हो रही है तो वही जिला स्तर पर विद्युत चेकिंग बकाया बिल के नाम पर विभाग द्वारा लोगों को अनावश्यक परेशान किया जा रहा है साथ ही जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में जो ट्रांसफार्मर फूंके पड़े हैं उन्हें कई कई दिन तक बदला नहीं जाता और किसान अपनी खेती किसानी के काम करने में असमर्थ हैं।

**कार्यालय ग्रा0पं0 ज्योंता वि0ख0 मोहम्मदाबाद, फर्रु0**

पत्रांकःमीमो/ ग्रा0पं0/15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा/ टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 14/07/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत ज्योंता विकास खण्ड मोहम्मदाबाद जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निर्माण सामग्री कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 15/07/2024 से दिनांक 21/07/2024 अपरान्ह 1.00 बजे तक सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 21/07/2024 को 2.00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत कार्यालय ज्योंता में प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगीं। निविदा प्रपत्र दिनांक 15/07/2024 से दिनांक 21/07/2024 अपरान्ह 12.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय ज्योंता मे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से रु0 500-00 अदा करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | शर्वेन्द्र पुरी के घर से अवधराज बाथम के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 303751 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | अवधराज बाथम के घर से राधे मोहन के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 317022 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

**प्रधान (सावित्री देवी) ग्रा0पं0 ज्योंता, मोहम्मदाबाद सचिव ( शिवपाल सिंह)**

**कार्यालय ग्रा0पं0 हरकमपुर वि0ख0 मोहम्मदाबाद, फर्रु0**

पत्रांकःमीमो/ ग्रा0पं0/15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा/ टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 14/07/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत हरकमपुर विकास खण्ड मोहम्मदाबाद जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निर्माण सामग्री कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 15/07/2024 से दिनांक 21/07/2024 अपरान्ह 1.00 बजे तक सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 21/07/2024 को 2.00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत कार्यालय हरकमपुर में प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगीं। निविदा प्रपत्र दिनांक 15/07/2024 से दिनांक 21/07/2024 अपरान्ह 12.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय हरकमपुर मे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से रु0 500-00 अदा करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | गुल्लू के घर से बालकराम के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 246486 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | गुल्लू के घर से बालकराम के घर तक नाली निर्माण एवं मिट्टी कार्य | 164667 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

**प्रधान (मीनू शर्मा) ग्राम पंचायात हरकमपुर, विकास खण्ड मोहम्मदाबाद सचिव (रामवीर शाक्य)**

# एक्सप्रेस-वे पर हुए हादसे में चार की मौत, छह घायल

- सौरिख कट के निकट सोमवार की भोर अनियन्त्रित डीसीएम ने पिकअप में मारी टक्कर
- पिकअप पर सवार दो लोगों की मौके पर हुई मौत, दो अन्य ने मेडिकल कॉलेज में तोड़ा दम


मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती घायल — समृद्धि न्यूज

तिर्वा। समृद्धि न्यूज़

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के सौरिख कट पर सोमवार की भोर चार बजे के करीब आगरा की ओर जा रही एक डीसीएम अनियन्त्रित होकर डिवाइडर को तोड़ते हुए दूसरी तरफ से आ रही एक पिकअप से जा टकराई। हादसे में दो लोगों की मौके पर मौत हो गई। दो अन्य लोगों ने मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में घायल छह लोगों को मेडिकल कॉलेज से कानपुर रेफर कर दिया गया। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के 149 किलोमीटर पर सोमवार की भोर एक डीसीएम अनियन्त्रित होकर डिवाइडर को तोड़ते हुए दूसरी तरफ आगरा की ओर से आ रही एक पिकअप से जा टकराई। इससे पिकअप में सवार सुशीला देवी पत्नी दीनानाथ व मुन्नू पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी बिहार प्रान्त के शिवान जनपद के जमुनी बाजार की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में दीपक पुत्र राजन, राजन पुत्र दीनानाथ, रमाकान्ती पत्नी मुकेश, रज्जो देवी पत्नी राजन, मुकेश पुत्र दीनानाथ सिंह, दीपू पुत्र राजन, अंश व यश पुत्रगण मुकेश गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी पाकर यूपीडा कर्मी व सौरिख थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायलों को एम्बुलेंस की मदद से मेडिकल कॉलेज लाया गया। यहां मुकेश व रज्जो देवी की हालत गंभीर होने पर उनको मेडिकल कॉलेज ने रेफर कर दिया। रेफर होने के बाद रज्जो देवी व मुकेश ने दम तोड़ दिया। इस तरह से इस हादसे में चार लोगों की मौत हो चुकी है। छह लोग गंभीर रूप से घायल है। इनकी भी हालत में सुधार न होने पर उनको कानपुर रेफर कर दिया गया है।

# खेल मैदान में लगने लगी नुमाइश खिलाड़ी व युवा मायूस

- दुर्गानगर वार्ड के सभासद ने समस्या को लेकर एसडीएम को दिया ज्ञापन

तिर्वा। समृद्धि न्यूज़

**कस्बे के** क्रिकेट खिलाड़ियों व पुलिस भर्ती की तैयारी में जुटे युवाओं की समस्याओं को लेकर सोमवार को दुर्गा नगर वार्ड के सभासद सतेन्द्र कुशवाहा ने एसडीएम को एक ज्ञापन देकर इनकी समस्याओं के निस्तारण किए जाने की मांग रखी है। सभासद ने दिए ज्ञापन में बताया है कि नगर क्षेत्र के क्रिकेट खिलाड़ी व पुलिस भर्ती की तैयारी में जुटे शिक्षित बेरोजगार डीएन इंटर कॉलेज छात्रावास के खेल मैदान पर सुबह व शाम को अपनी प्रैटिक्स करते थे। आए दिन विभिन्न खेलों की प्रतियोगिताएं भी इसी मैदान पर आयोजित होती है। अब इस मैदान को डीएन इंटर कॉलेज प्रशासन ने एक नुमाइश को अनुमति देकर लगवाना शुरू कर दिया है। नुमाइश लगने से खिलाड़ियों व शिक्षित बेरोजगारों को नित्य अभ्यास में दिक्कतें हो रही है। जिससे खिलाड़ी व युवा काफी मायूस है। उन्होने एसडीएम से इस समस्या का निराकरण करने की मांग रखी है। इसपर एसडीएम ने बताया कि वह कॉलेज प्रशासन से इस समस्या को लेकर वार्ता करेगें।


एसडीएम को ज्ञापन सौपतें सभासद सतेन्द्र कुशवाहा

# खबरें चलते-चलते

## पैदल जा रहे किसान को बाइक सवार ने मारी टक्कर, मौत

**तिर्वा।** ठठिया थाना क्षेत्र के विलारेपुर गांव के निकट रविवार की रात खेतों से घर वापस जा रहे एक किसान को बाइक सवार ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। घायल किसान की उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची ठठिया पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ठठिया थाना क्षेत्र के रहमतपुर गांव निवासी जदुनाथ (55) पुत्र विजय बहादुर खेतीबाड़ी करके अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। उनके तीन पुत्र है। वह रविवार की रात 09 बजे के करीब वह खेतों से वापस घर जा रहे थे। जब वह दिब्बापुर-रहमतपुर मार्ग पर विलारेपुर गांव के सामने पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार बाइक चालक ने उनके टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घायल को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां उपचार के दौरान किसान ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने ठठिया थाना पुलिस को सूचना दी। जानकारी पर पहुंची ठठिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में ठठिया थानाध्यक्ष ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## जल निगम ठेकेदार की मनमानी से परेशान हुए नागरिक

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** केंद्र सरकार द्वारा घर-घर पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना को पलीता लगाते हुये जहां एक ओर ठेकेदार हठधर्मिता का परिचय देकर कहीं भी शिकायत करने की धमकी दे रहे हैं। वहीं दूसरी ओर नागरिकों के समक्ष कई प्रकार की कठिनाइयां उत्पन्न हो रहीं हैं। नागरिकों ने प्रदर्शन कर जिला प्रशासन से समस्या के निस्तारण की मांग की है। बताते चलें कि समधन नगर पंचायत के आंशिक भाग इस्माइलपुर में जल निगम के ठेकेदार द्वारा डलवाई जा रही मानक विहीन पेयजल पाइपलाइन का कार्य दो माह से अधूरा पड़ा हुआ है। जिसके कारण बाइक सवार सहित बच्चे गिरकर घायल हो रहे हैं। वहीं मांगलिक कार्यों सहित वृद्ध जनों का निधन होने पर नागरिकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों द्वारा मौखिक रूप से कई बार नगर पंचायत कार्यालय में शिकायत की गई जिस पर जल निगम के संबंधित ठेकेदार ने नागरिकों से अधूरे कार्य को पूर्ण न करने एवं कहीं भी शिकायत करने की धमकी दी गई। नागरिकों अवधेश मिश्रा, प्रवेश मिश्रा, शिवेंद्र, अंकित, सर्वेश यादव, सुनील यादव, मोहित शाक्य, भूरा बाथम सहित सोनम व नीलम आदि ने जिलाधिकारी से समस्या के निस्तारण की मांग की है।

## मुकदमा वापस लेने के लिए रिश्तेदार डाल रहे हैं दबाव, नहीं हो रही कोई कार्रवाई

**छिबरामऊ कन्नौज।** इब्राहिम गंज निवासी आस्था पुत्री प्रदीप कुमार त्रिवेदी ने प्रभारी निरीक्षक संबोधन लिखित प्रार्थना पत्र कोतवाली में दिया जिसमें कहा गया है कि प्रार्थनी का अपने पति के साथ तलाक हुआ मेंटेनेंस का मुकदमा विचाराधीन है प्रार्थनी के पति के बड़े भाई की ससुराल मोहल्ले में ही है उनके ससुराल बाले लगातार दबाव बना रहे हैं की मुकदमा वापस ले लो8/3/24 को मंदिर में जाते समय उपरोक्त लोगों द्वारा बादी को धमकाया गया घटना की सूचना कोतवाली में दी गई कोई कार्रवाई नहीं हुई कार्रवाई की मांग करते हुए प्रार्थना पत्र दिया गया।

## सभासद को जाति सूचक गालियां देकर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** बार्ड में पेंशन योजना लाभार्थियों की जांच कर रहे सभासद के साथ एक युवक ने अभद्रता करते हुए न सिर्फजाति सूचक शब्दों से अपमानित किया बल्कि धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला किदवई नगर निवासी सभासद चरणजीत सिंह पुत्र रामचंद्र दोहरे द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि सोमवार की शाम 05 बजे मोहल्ले के एक युवक ने उसके साथ जाति सूचक गाली गलौज करते हुए झगड़े पर आमादा हो गया तथा जान से मारने की धमकी दी।

# पौधे हमारी धरोहर, इनकी रक्षा करना हमारा कर्तव्यः शुभम

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़

**पर्यावरण** को शुद्ध बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करके अभियान को गति देने का काम करें। साथ ही पौधारोपण करने के बाद उसके रख रखाव की जिम्मेदारी का भी संकल्प लें।

सोमवार को कस्वा में वी.डी.टी. इंटर कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण अभियान के तहत शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं के साथ कई प्रजातियों का पौधारोपण किया। प्रबंधक प्रतिनिधि शुभम त्रिपाठी ने कहा कि पौधे हमारे देश की धरोहर हैं। इनकी रक्षा करना हम सबका कर्तव्य है। आगे कहा कि पौधे पर्यावरण को संतुलन बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाने का काम करते हैं। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से एक-एक पौधा लगाने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य सुरेंद्र प्रसाद ने कहा कि वृक्ष धरा का आभूषण है। हम सब वृक्षारोपण तो करते है। लेकिन वृक्षारोपण करने के बाद भूल जाते है। हम सभी को प्रतिदिन इनकी देखभाल करना भी आवश्यक है। इस मौके पर सीनियर लिपिक विनय अवस्थी, सौरभ तिवारी, सूर्यपाल, विनोद दुबे, रूबी शुक्ला, प्रीति तिवारी, उपासना अवस्थी, दशवंत सहित आदि लोग मौजूद रहे।


विद्यालय परिसर में पौधारोपण करती छात्राएं — समृद्धि न्यूज

# दिल्ली जा रही बस में शर्ट सर्किट से धुआं निकला सवारी में मची भगदड़

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**एनएच** 34 पर छिबरामऊ डिपो यूपी 84 टी 5062 गाड़ी नंबर जोकि छिबरामऊ से दिल्ली के लिए 25 से 30 सवारियां भरकर जा रही थी । जैसे ही निगम मंडी के फ्लावर के ऊपर पहुंची वैसे ही एक बाइक सवार पास से गुजर रहा था उसने बस चालक को आवाज दी की बस से दुआ निकल रहा है आगे इंजन से वैसे ही बस चालक सुभाष सिंह ने बस को रोका और देखा कि केबिन से धुआ निकल रहा है वैसे ही बस में बैठी सवारियों में भगदड़ मच गई इसके बाद सवारिया समान सहित नीचे उतर गई जिसके बाद कंडक्टर प्रवीन कुमार ने ड्राइवर सुभाष सिंह के साथ में केबिन के अंदर जिस कबील में धुआ निकल रहा था उसको तोड़कर अलग कर दिया जिससे कि शॉर्ट सर्किट ना हो सके और ना ही आग बढ़ सके ड्राइवर और कंडक्टर ने मिलकर शॉर्ट सर्किट होने से एवं बड़ा हादसा होने से बचाया इसके बाद कंडक्टर ने मैकेनिक को फोन करके बुलाया फिर करीब आधा पौन घंटे के बाद बस ठीक होकर दिल्ली के लिए रवाना हो गई वही इस घटना की पुलिस को भी सूचना मिल गई तो पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।



# रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म पर ही महिला को हुआ प्रसव

- सुरक्षा बल ने गर्भवती महिला की जान बचाकर दी मानवीय संवेदनाओं की मिशाल

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

**रेलवे** सुरक्षा बल चौकी फतेहगढ़ हेड कांस्टेबल नीरज कुमार, कांस्टेबल शिव कुमार उपाध्याय जो कि गाड़ी संख्या 15040 में फतेहगढ़ से गुरसहायगंज तक एस्कॉर्ट ड्यूटी पर थे। करीव 12 बजे गुरसहायगंज पहुंचने पर देखा कि एक 35 वर्षीय महिला सुखदेवी पत्नी पप्पू निवासी तेरारागी थाना गुरसहायगंज जो कि गर्भवती थी तथा स्टेशन प्लेटफार्म संख्या 01 अंतिम छोर पर प्रसव पीड़ा से कराह रही थी। मौके पर उस महिला का पति मौजूद था। उपरोक्त स्टाफद्वारा तत्काल एंबुलेंस को सूचित किया लेकिन विलंब होने पर महिला की शारीरिक स्तिथि गंभीर होती देख स्थानीय लोगो की मदद से 'धाय मां सुज्जन कठेरिया निवासी अशोक नगर व अन्य महिलाओं ने प्रसूता सुखदेवी की सहायता करते हुए सकुशलतापूर्वक प्रसव कराया गया 'प्रसूता सुखदेवी द्वारा पुत्र को जन्म दिया गया' प्रसव उपरांत उपरोक्त स्कॉर्ट ड्यूटी स्टाफ द्वारा ऑटो की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया। महिला के पति पप्पू द्वारा बताया गया कि वह अपनी पत्नी के साथ 'जसोदा से फतेहगढ़ हॉस्पिटल में डिलीवरी कराने जा रहे थे। परंतु प्रसव पीड़ा अत्यधिक बढ़ जाने के कारण गुरसहायगंज में ही उतरना पड़ा। रेलवे सुरक्षा बल स्टाफ द्वारा किए गए अभूतपूर्व सराहनीय सहयोग के लिए पप्पू उपरोक्त द्वारा हृदय से रेलवे सुरक्षा बल के प्रति आभार प्रकट किया गया।

# ऑनलाईन हाजिरी के विरोध में संकुल पद से दिया सामूहिक इस्तीफा

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

**शिक्षकों की** विभिन्न मांगें ना मानने के विरोध में चल रहे आंदोलन के दौरान सोमवार को ब्लॉक तालग्राम के सभी शिक्षक संकुलों ने ब्लॉक संसाधन केंद्र सराय प्रयाग पर पहुंच कर प्रदर्शन कर विरोध भी जताया। विकास खंड के समस्त शिक्षक संकुलों ने एकत्र होकर सामूहिक रूप से खंड शिक्षा अधिकारी रमेश चंद्र चौधरी को त्याग पत्र सौंपा।

बताते चलें कि परिषदीय विद्यालयों में आनलाइन उपस्थिति एवं अभिलेखों के डिजिटलाईजेशन के बढ़ते विरोध के बाद शिक्षक संकुलों ने सामूहिक इस्तीफा देनें के बाद बताया कि प्रदेश को प्रेरक प्रदेश बनाने एवं गुणवत्ता संवर्धन हेतु संचालित गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु न्याय पंचायत स्तर पर एक वर्ष के कार्यकाल हेतु किया गया था। किन्तु तबसे लगातार पूर्व में चयनित शिक्षक ही संकुल की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नये शिक्षकों को चयनित करना चाहिए किन्तु शासन व प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया। त्यागपत्र आनलाइन उपस्थिति एवं अभिलेखों के डिजिटलाईजेशन के विरोध में दिया गया है। विभागीय उच्चाधिकारी पूरा उत्तरदायित्व शिक्षक के हवाले कर देना चाहते हैं जबकि विषम परिस्थितियों में भी शिक्षक अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों की उपस्थिति, रास्ते आदि चुनौतीपूर्ण है। किंतु उच्चाधिकारी उन चुनौतियों को नजरंदाज कर रहे हैं। शिक्षकों ने कहा कि हमें ऑनलाइन हाजिरी से कोई दिक्कत नहीं है। सभी हाजिरी टेबलेट के माध्यम से ही दर्ज कराएंगे, लेकिन सिर्फ शिक्षकों के लिए ही ऑनलाइन हाजिरी व्यवस्था लागू करना अन्याय है। यदि सरकार को इस व्यवस्था को लागू करना है तो पूरे शिक्षा विभाग के लिए करे। पूरे विभाग के लिए यही व्यवस्था लागू नहीं हुई तो कोई शिक्षक ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं कराएगा। इस दौरान नवीन मिश्रा, संजीव कुमार, उमेश कुमार, सुभाष चंद्र पाल, जयवीर सिंह, वीरपाल कुशवाहा, पवन कुशवाहा, कदीर अहमद, साक्षी कटियार, अंजली वर्मा, मीनू सिंह सहित सभी शिक्षक संकुल मौजूद रहे।



बीईओ को सामूहिक त्यागपत्र सौंपतें संकुल शिक्षक — समृद्धि न्यूज

# छिबरामऊ क्षेत्र में किसानों की होगी एक बड़ी महा पंचायत जिसमें करीब 25 संगठन लेंगे भाग

छिबरामऊ। समृद्धि न्यूज



**बहबलपुर में** स्थित भारतीय किसान यूनियन बलराज के प्रदेश अध्यक्ष जी के निवास पर नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट अरुण यादव का आगमन हुआ वही इस दौरान उनका फूल मालाओं से स्वागत किया गया इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अवधेश सिंह ने कहा कि जिले में संगठन की मजबूती और किसानो की समस्याओं को लेकर हमारा संगठन हमेशा तत्पर रहेगा, प्राइवेट स्कूलों में हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर भी प्रदेश अध्यक्ष व जिला अध्यक्ष ने कहा की जिस तरह से प्राइवेट स्कूल वाले अपने स्कूल से किताबें और कापी एवं ड्रेसे, टाई, बेल्ट बगैरा अपनी मनमर्जी दामों में बच्चों को बेच रहे हैं इन सभी पर भारतीय किसान यूनियन बलराज आवाज उठाएगा क्योंकि जितने भी प्राइवेट स्कूल हैं उन सभी में अधिक रैटों में कॉपी किताबें टाई बेल्ट ड्रेस से देकर एक कमाई का जो गोरख धंधा चलाया जा रहा है उन सभी के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन बलराज आवाज उठाएगी और जहां भी इस तरह के मामले आ रहे हैं सुनने में उन पर कार्रवाई कराएगा, वही किसानों के के साथ बिजली विभाग जो आंख मिचौली का खेल खेल रहा है उस पर भी किसी किसान यूनियन आवाज उठाएगा क्योंकि बिजली विभाग को सरकार ने ट्यूबवेल कनेक्शन धारको को 8 घंटे बिजली देने का जो वादा किया था उसे पर ना तो सरकार खरी उतरी है और ना ही बिजली विभाग क्योंकि किसानों को 8 घंटे बिजली देने के बजाय तीन से चार घंटे या 5 घंटे बिजली दी जाती है कभी-कभी तो ऐसा होता है कि किसानों की बिजली टू फेस आने पर लाइनमैन किसानों से वसूली करके फिर उनके फेस बाधते हैं अगर इन सभी समस्याओं को शासन प्रशासन ने गंभीरता से नहीं लिया तो किसान यूनियन बलराज ने बताया की छिबरामऊ क्षेत्र में होने वाली एक बड़ी महापंचायत जिसमे करीब 25 संगठन शामिल होंगे उस दौरान इन सभी समस्याओं को रखेगा अगर मांग पूरी नहीं हुई तो एक बड़ा आंदोलन करेगा इस दौरान जिला अध्यक्ष कन्नौज चौधरी प्रताप सिंह जी, प्रदेश अध्यक्ष युवा इंजी सौरव यादव,प्रदेश सचिव आमिर खान, अंकेश कुमार,राजन यादव, फैजान मंसूरी आदि लोग मौजूद रहे।

**बैठक** — गांधी सभागार में निर्माण कार्यो के संबंध में बैठक संपन्न

# सभी निर्माण कार्य समय से पूर्ण कराएं जाएंः जिलाधिकारी

- डीएम बोले निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़


बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल — समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी शुभ्रान्त** कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में 50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं के निर्माण कार्यो के संबंध में बैठक संपन्न हुई।

जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थान राजकीय निर्माण निगम मेडिकल कालेज आशासकीय इकाई को निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस लाइन में पुरूषों हेतु 100 क्षमता के हास्टल का जो कार्य शेष रह गया है। उसे पूर्ण कर अगस्त माह में हैंडओवर करें तथा परिसर में पर्किंग की व्यवस्था भी करायी जाएं। यूपी प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन लि. निर्माण इकाई को निर्देश दिए कि राजकीय पॉलिटेक्निक तिर्वा में आवासीय भवनों का निर्माण, कन्नौज में बाल संग्रहालय की स्थापना, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में व्यावसायिक मैकेनिक आर.ए.सी फिटर, मैकेनिक ट्रैक्टर हेतु कार्यशालाओं का निर्माण व 88.62 रनिंग मीटर चहार दिवारी तथा 5889.45 वर्ग मीटर सीसी रोड ड्रेनेज के कार्य में जो कार्य शेष बचा है उसे समय सीमा के अंदर पूर्ण किया जाए। निर्माण कार्यो में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए। कहा कि 50 शैय्या फील्ड हॉस्पिटल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसेरन का कार्य पूर्ण हो चुका है। जिसके हैंडओवर की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण की जाए। उन्होंने सी0एण्ड डी0एस0, यूनिट-43 उ0प्र0 जल निगम को निर्देश दिए कि गंगा में जलेशर घाट एक रमणीय व मनमोहक स्थान है। जिसके विस्तारीकरण का कार्य पूरा हो गया है। इसे ग्राम पंचायत को हस्तान्तरित करें। जिससे घाट का अच्छे से सद्पयोग हो सके। लोगो के डूबने की रोकथाम हेतु घाट की सीढ़ियों में चैन से वैरिकेटिंग की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि नगर पालिका परिषद छिबरामऊ के गंगेश्वर तालाब अमृतसर सरोवर के सुदृढ़ीकरण का कार्य निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण किया जाए। उन्होंनें राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कन्नौज, छिबरामऊ में आधुनिक कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कक्ष का निर्माण, विद्युत कनेक्शन का कार्य, शेष डाटा द्वारा मशीनों व फर्नीचर के प्रतिस्थापन के कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि क्षेत्रीय पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान अनौगी में चहार दिवारी, पेंटिंग, ऑडिटोरियम, ट्रेनिंग सेंटर आदि जो कार्य प्रगति पर चल रहे हैं उन्हें यथाशीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी लंबित प्रकरण नहीं होना चाहिए, समय से निस्तारण किया। उन्होनें सिचाई विभाग को निर्देश दिये कि डार्क जोन विकास क्षेत्र तालग्राम एंव जलालाबाद में सिचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु कार्य में तेजी लाकर पूर्ण करें। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उमर्दा, समधन, विशुनगण एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी, घुरपुर, निजामपुर के निर्माण आदि कार्यो की समीक्षा करते हुए कार्यदाई संस्था को निर्देश दिए कि सभी कार्य समय सीमा के अंदर पूर्ण किए जाएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, सहित संबंधित कार्यदायी संस्था के अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।









# ट्रैक्टर की टक्कर से अधेड़ की मौत, बच्ची घायल

- गुस्साये ग्रामीणों ने सड़क पर शव रखकर लगाया जाम
- सीओ व कोतवाली प्रभारी कम्पिल व कायमगंज पहुंचे
- काफी समझाने बुझाने पर खोला जाम, मुकदमा दर्ज

कायमगंज, समृद्धि न्यूज



घटनास्थल पर जाम लगाये ग्रामीण — समृद्धि न्यूज

**ट्रैक्टर की** टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की मौत हो गयी, जबकि बच्ची गम्भीर रुप से घायल हो गयी। घटना से गुस्साये ग्रामीणों ने जाम लगा दिया। सूचना मिलने पर सीओ व कोतवाली प्रभारी कम्पिल व कायमगंज मौके पर पहुंचे और परिजनों को काफी समझा बुझाकर जाम खुलवाया। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। वही घायल बच्ची को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जनपद कासगंज थाना सोनगढ़ी क्षेत्र के गॉव महमूदपुर निवासी ओमकार जाटव उम्र 40 वर्षीय पुत्र नाथूराम जाटव गाँव की भतीजी बॉबी उम्र 8 वर्षीय पुत्री राजबहादुर के साथ बाइक से रुबी पुत्री रिषीपाल जाटव निवासी रौकरी थाना कम्पिल की बारात में शामिल होने आ रहे थे। जैसे ही वह सिवारा खास चौराहे पर पहुँचे, तभी ट्रैक्टर चालक ने उसकी बाइक मे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार ओमकार की घटनास्थल पर मौत हो गई। वहीं बॉबी गम्भीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना पर पहुँची मृतक की पत्नी सरवेसा सहित 5 बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी। सूचना मिलने पर मृतक के बहनोई रमेश व अन्य लोग रौकरी से मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों के सहयोग से शव को रखकर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंचे कम्पिल थाना प्रभारी जितेन्द्र चौधरी, कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम अवतार, क्षेत्राधिकारी जयसिंह परिहार ने घटनास्थल पर पहुँचकर मृतक के परिजनों को काफी समझाने का प्रयास किया। इस दौरान परिजनों व ग्रामीणों की पुलिस से तीखी नोकझोंक हुई। काफी समझाने बुझाने के बाद परिजनों ने जाम खोला। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया। वहीं मृतक के शव का पंचनामा भरवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घायल बच्ची बॉबी को 108 एम्बुलेन्स के ईएम टी अनुदम धनकर ने कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ से डाक्टर जितेन्द्र ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# नाबालिग किशोरी से तीन लोगों ने किया सामूहिक दुष्कर्म

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

- पुलिस ने किया चलता, एसपी से पहुंचकर लगायी गुहार

**नाबालिग किशोरी** से तीन लोगों ने बारी-बारी से दुष्कर्म किया। पीड़ित की मां ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई।

जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा अंतर्गत एक ग्राम निवासी पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक को दी गयी तहरीर में कहा है कि उसकी 14 वर्षीय नाबालिग पुत्री 13 जुलाई को समय दोपहर लगभग 2 बजे खेत में शौच करने गयी थी, तभी गांव का सत्यवीर, बलवीर पुत्रगण जदुनाथ कुशवाहा व अंकित पुत्र मनोहर कुशवाहा मेरी पुत्री को जबरदस्ती खींचकर गांव में बंद पड़े स्वास्थ्य केंद्र में ले गये और तीनों ने बारी-बारी से गंदा काम किया। चीख पुकार करने पर उसे मारापीटा और चिल्लाने पर जान से मारने की धमकी दी। जब पुत्री देर शाम तक घर वापस नहीं आयी, तो पीड़ित खेतों में ढूंढने गयी, तो पुत्री की चीख पुकार बंद पड़े स्वास्थ्य केंद्र में पहुंची, तो देखा कि उसकी पुत्री लेट्रीन में बंद है। बाहर से कुंडी लगी है। पीड़िता ने पुत्री को बाहर निकाला और घर ले गयी। पुत्री ने अपनी मां को सारी बात बतायी। मारपीट में पुत्री के चोटें आयी हैं। पीड़ित रिपोर्ट लिखाने थाना मऊदरवाजा पर गयी, लेकिन उसकी रिपोर्ट नहीं लिखी गयी। उल्टे पुलिसकर्मी पीड़िता के घर आये और गाड़ी में बैठाकर पीड़िता की पुत्री को ले गये। रात लगभग 10 तथा 10.30 बजे के बीच थाने से फोन आया कि अपनी पुत्री को ले जाओ। जिस पर पीड़िता पति के साथ थाने गयी और पुत्री को घर ले आयी। पीड़ित की पुत्री ने बताया कि रास्ते में महिला पुलिसकर्मी ने उससे कहा कि कोई पूछे, तो कह देना बलात्कार नहीं हुआ। सिर्फ छेड़छाड़ की गयी है। अगर यह बात नहीं कहोगी, तो तुम्हारे माता-पिता को जेल में डाल देंगे। पुलिस पीड़िता की रिपोर्ट नहीं लिख रही है और कहती है कि छेड़छाड़ की रिपोर्ट लिखवानी हो तो बताओ। पीड़िता का कहना है कि वह अनुसूचित जाति महिला है। पीड़िता का पति मजदूरी करता है। उसने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगायी है।

# सपा के प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस अधीक्षक से की मुलाकात

- बच्ची के साथ हुए बलात्कार के आरोपियों की शीघ्र हो गिरफ्तारी
- सपा लोकसभा प्रत्याशी पर दर्ज मुकदमे खारिज करने की उठायी मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



पुलिस अधीक्षक से मिलते जिलाध्यक्ष व प्रतिनिधि मंडल के लोग

**सपा जिलाध्यक्ष** के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनायें दीं। साथ ही नगर में गत दिनों चार वर्षीय बालिका के साथ हुए बलात्कार के आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी तथा देवेन्द्र यादव उर्फ जग्गू यादव पर दर्ज किये गये मुकदमे की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की तथा लोकसभा प्रत्याशी नवल किशोर शाक्य के साथ अन्य लोगों पर आचार संहिता के दौरान दर्ज हुए मुकदमे को गलत ठहराते हुए पुलिस द्वारा ठीक से विवेचना कर मुकदमे को खारिज करने का अनुरोध किया। पुलिस अधीक्षक ने जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव को भरोसा दिया कि बच्ची के साथ हुए बलात्कार के आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़ा जायेगा। इसके अलावा अन्य मामलों की निष्पक्ष जांच कराने का भरोसा दिया। इस अवसर पर उनके साथ जिला उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र शाक्य, जिला प्रवक्ता विवेक यादव, सदर विधानसभा के अध्यक्ष चंद्रेश राजपूत, शिव शंकर शर्मा, रामपाल सिंह यादव एवं अंकित यादव आदि सपा नेता मौजूद रहे।

# टैम्पो की टक्कर से बाइक सवार की मौत



पीएम हाउस में बैठे मृतक के परिजन — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** टेंपो की टक्कर से बाइक सवार वृद्ध की मौत हो गयी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। जानकारी के अनुसार नगला बनी थाना राजा का रामपुर अलीगंज एटा निवासी 60 वर्षीय किशन पुत्र स्व0 हेत सिंह बीते दिन नगला बनी से अलीगंज बाइक द्वारा जा रहे थे, तभी रास्ते में टेंपो ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे किशन गम्भीर रुप से घायल हो गये। उनको डॉ0 योगेश के यहां ले जाया गया। जहां से डाक्टर ने उन्हें बढ़पुर स्थित सिटी हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान करीब 10.30 बजे उनकी मौत हो गयी। मृतक की पत्ना रामा देवी व पुत्र प्रदीप, सिंह, दिलीप सिंह, अमरदीप सिंह, कुलदीप सिंह है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया।

## खबरें चलते-चलते

### धोखाधड़ी व फर्जी शपथ पत्र के मामले में अनुपम दुबे को कोर्ट ने किया तलब

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** धोखाधड़ी कर फर्जी प्रपत्र तैयार कर जमीन हड़पने व दलित उत्पीड़न के मामले में न्यायालय ने अनुपम दुबे को तलब किया था। सोमवार को मथुरा जेल से कड़ी सुरक्षा के बीच फतेहगढ़ न्यायालय अपर जिला जज एससी/एसटी एक्ट के न्यायालय में पेश किया गया। इसी मामले में विवेचक ने केस डायरी व अन्य सभी प्रपत्रों प्रस्तुत कर अभियुक्त की रिमाण्ड की याचना की गई। जिस पर न्यायालय ने सभी प्रपत्रों का अवलोकन कर 26 जुलाई तक अभियुक्त अनुपम दुबे की रिमाण्ड मंजूरी कर दी है और वारंट बनाकर जेल जेल भेजने का आदेश दिया है। वहीं समीम हत्याकाण्ड में फर्जी शपथ पत्र प्रस्तुत करने के मामले में अनुपम दुबे को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट त्वरित के न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हे 26 जुलाई तक रिमांड पर भेज दिया गया। थाना मऊदरवाजा के ग्राम बहादुरगंज निवासी एकलव्य कुमार पुत्र रामलाल ने 17 मार्च 2023 को अनुपम दुबे, अमित दुबे उर्फ बब्बन, अनुराग दुबे उर्फ डब्बन, अभिषेक दुबे उर्फ जीतू पुत्रगण महेशचन्द्र दुबे निवासी सद्गुरु सदन कसरट्टा फतेहगढ़ के अलावा इसरार अहमद, रामश्याम, राकेश कुमार, सत्यप्रकाश सचान, हरिओम रस्तोगी, अनिरुद्ध त्रिवेदी के विरुद्ध धारा 419, 420, 467, 468, 471, 504, 506, 3(1)(द),3(1)(ध) के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। इसी मामले में विवेचक ने अभियुक्त को तलब व रिमांड पर दिये जाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। 21 जून के आदेश पर अपर जिला जज एससी/एसटी एक्ट न्यायाधीश ने तलब किया और प्रपत्रों का अवलोकन करते हुए 26 जुलाई तक अभियुक्त अनुपम दुबे की रिमाण्ड मंजूरी कर दी है। वहीं समीम हत्याकाण्ड में फर्जी शपथ पत्र प्रस्तुत करने के मामले में तत्कालीन फतेहगढ़ कोतवाली प्रभारी सचिन सिंह ने 1 जुलाई 2023 को अनुपम दुबे व शिशु उर्फ बालकिशन तथा आरपी सिंह एडवोकेट व एक अज्ञात के विरुद्ध धारा 419, 465, 466, 471 के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। इसी मामले में अनुपम दुबे को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट त्वरित के न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हे 26 जुलाई तक रिमांड पर भेज दिया गया।

### साइड न देने पर ट्रैक्टर सवार लोगों ने ट्रक चालक को पीटा, छीने रुपये

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** ट्रैक्टर को साइड न देने पर दबंगों ने ट्रक चालक को रास्ते में उतारकर जमकर पीटा। साथ ही ट्रैक्टर सवार लोग ट्रक चालक को अपने साथ ले गये और घर में बंधक बनाकर पीटा। सूचना पर पहुंची पुलिस युवक को मुक्त कराकर थाने लायी। जहां ट्रक चालक ने 44500 रुपया लूटने का आरोप लगाया है। 112 पुलिस ने ट्रक चालक को दबंगों के गांव से किया बरामद मामला थाने में। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम बराकेशव निवासी तपेश्वरी देवी पत्नी अनवेर सिंह ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका पुत्र लालू जो ट्रक चलाता है। सोमवार लगभग 1.30 बजे वह अपना ट्रक लेकर गांव आ रहा था। करणपुर चौराहे पर ट्रैक्टर को साइड न देने के विवाद में दबंगों ने चौराहे पर ट्रक चालक लालू को उतार लिया और जमकर मारपीट की। महिला का आरोप है की दबंग उसे अपने साथ घर ले गए और उसको घर पर बंधक बनाकर मारापीटा। डायल 112 को सूचना दी गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस लालू को दबंगों के घर से नवाबगंज थाने लाई। जहां पर लालू ने मारपीट के साथ 44500 लूट लेने की बात पुलिस को बतायी। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### रंजिशन विकलांग युवक को पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुबेरपुर निवासी विकलांग जाकिर अली उम्र 23 वर्षीय पुत्र अकबर अली ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि मेरे चाचा मोहमद हुसैन पुत्र खुर्शीद व उनके परिजन मकान के बंटवारे को लेकर खुन्नस मानते है। जिस कारण सोमवार सुबह विकलांग जाकिर घर से कुछ ही दूरी पर स्थित अपने बाग मे देखरेख हेतु गया था, तभी अचानक से जाकिर के चाचा मोहम्मद हुसैन, रिजवान, रेहान ने आकर मुझे घेर लिया और गाली-गलौज करते हुए लात-घूसों व लाठी-डन्डो से मारापीटा। मारपीट के दौरान जाकिर की ऑख के पास व शरीर मे अन्दरूनी गम्भीर चोटे आई है।

### बैलगाड़ी से टकराकर बाइक सवार घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** अनियंत्रित बाइक बैलगाड़ी से टकरा गयी। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन गंभीर अवस्था में चिकित्सा के यहां ले गए। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव नगला बारग निवासी निवासी सनी पुत्र राकेश यादव अपनी बाइक से अपने घर से कस्बा नवाबगंज के जा रहा था, तभी गांव जाफर नगर वाले मोड़ पर गांव बरतल निवासी रामपाल सिंह अपनी बैलगाड़ी लेकर जा रहे थे। बाइक चालक हड़बड़ाहट में अनियंत्रित हो गया। जिससे उसकी बाइक बैलगाड़ी से जा टकरायी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक 10-15 मीटर आगे जा गिरी और बाइक चालक सनी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी सूचना राहगीरों ने चालक के परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने गंभीर अवस्था में चालक सनी यादव को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया।

# बिना परमिट संचालित दो स्कूली वाहन सीज, पांच का चालान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी के निर्देश पर चलाये गये सघन चेकिंग अभियान में एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा सोमवार को मेरापुर थाना क्षेत्र में स्कूली वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान दो वाहनों में गंभीर कमियां पाए जाने पर उन्हें थाना मेरापुर में सीज कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त पांच स्कूली वाहनों का चालान किया गया है और निर्देशित किया गया है कि वह अपने वाहन का निरीक्षण कार्यालय में कराएं। इन स्कूली वाहनों पर रूपए 98000 का अर्थ दंड लगाया गया है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। एआरटीओ प्रवर्तन ने बताया कि स्कूली वाहन पूरे नियमानुसार चलायें। स्कूली वाहनों का रंग पीला होना चाहिए। साथ ही फर्स्ट एड की भी हर वाहन में सुविधा होनी चाहिए, परमिट होना चाहिए, अन्यथा की स्थिति में कार्यवाही की जायेगी।

### चोरी का झूठा आरोप लगाकर गर्भवती को किया बेघर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला काजम खाँ निवासी लक्ष्मी उम्र 22 वर्षीय पुत्री विनोद कुमार बाल्मीक ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा कि मेरे पिता ने मेरी शादी हिन्दू रीतिरिवाज के अनुसार वर्ष 2012 में रवि पुत्र रोशनलाल निवासी सोनई अशोकपुर कुरावली जनपद मैनपुरी के साथ की थी। जिससे दो बच्चे रियान्श (5) व लकी (4) है। लक्ष्मी ने कहा कि वह 7 माह की गर्भवती है। सोमवार को सास विमलेश, ननन्द रजनी, देवर, सुनील व अनिल ने हमारे ऊपर चोरी का झूठा आरोप लगाकर हमारे साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता किसी तरह अपने मायके पहुंची। जहां उसने अपने माता पिता को आपबीती बतायी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

# अज्ञात बाइक की टक्कर से युवक की मौत, पत्नी व पुत्र घायल



मृतक का फाइल फोटो



अस्पताल में मौजूद मृतक के परिजन — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अज्ञात बाइक की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गयी, जबकि पत्नी व बच्चा घायल हो गया। घटना सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायलों को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार गौरव पुत्र नरेशचंद्र राजपूत (34) निवासी नगला भूड़ थाना कमालगंज अपनी पत्नी दानवती तथा 1 वर्षीय पुत्र अर्श के साथ बाइक से अपनी नानी के घर अल्लाहगंज से कमालगंज जा रहे थे, तभी रास्ते में अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे तीनों घायल हो गये। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस घायलों को लेकर लोहिया अस्पताल लेकर पहुंची। जहां डाक्टर ने गौरव को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर माता शांति देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घटना के संबंध में अज्ञात वाहन के खिलाफ तहरीर दी गयी है।

### ई-रिक्शा पलटने से मां-बेटी घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** ई-रिक्शा पलटने से मां बेटी गंभीर रूप से घायल हो गयीं। पिता ने थाने में ई-रिक्शा चालक के खिलाफ तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर निवासी अनार सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया 12 जुलाई को उसकी पत्नी कपूर श्री और उसकी पुत्री रीना उसके गांव से एक शादी विवाह में शामिल होने गांव बसंतपुर जा रही थी। गांव का ही ई-रिक्शा चालक उन दोनों को ई-रिक्शा पर बैठालकर ले जा रहा था। ई-रिक्शा चालक की लापरवाही से रिक्शा पलट गयाष जिससे मां बेटी रिक्शा में दब गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। कपूरश्री की हालत गंभीर देखकर सामुदायिक स्वास्थ्य के नवाबगंज से उसे लोहिया रेफर कर दिया गया। जहां कपूरश्री की हालत गंभीर बताई गई है। वहीं रीना के भी गंभीर चोटें आई हैं। आज अनार सिंह ने थाने पहुंचकर गांव के ही रिक्शा चालक के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है।

# संचारी रोगों के नियंत्रण के संबंध में सीडीओ ने की समीक्षा



समीक्षा बैठक लेते मुख्य विकास अधिकारी — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 01 जुलाई 2024 से 31 जुलाई 2024 तक चलाये जा रहे विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत किये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अभियान के तहत किये जा रहे कार्यो की समीक्षा की गई। समीक्षा में झाड़ियों की कटाई में बढ़पुर ब्लॉक पीछे पाया गया। एमओआईसी द्वारा सही से कार्य नहीं किया जा रहा है। बैठक में सी0डी0ओ0 द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी गांवों में नालियों का ढाल सही करायें। जिससे पानी न भरे। सभी हैंडपंपों के ड्रेनेज के लिये सोकपिट बनाये जायें। समीक्षा में कायमगंज ब्लॉक में तालाबों की सफाई सही नहीं पाई गई। नगर क्षेत्रों में ड्रेनेज क्लीनिंग कम हुई है। कमालगंज व नवाबगंज ब्लॉक में फॉगिंग कम हुई है। नवाबगंज व फर्रूखाबाद में एन्टी लार्वा का छिड़काव कम हुआ है। शमसाबाद व बढ़पुर ब्लॉक में ऑगनबाड़ी की विजिट कम पाई गई। शमसाबाद ब्लॉक में आशा की विजिट कम पाई गई। आशाओं द्वारा घर-घर जाकर विजिट नहीं किया जा रहा है। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी सदर व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### सरसों की बोरी चोरी कर ले जाते चोर को पकड़ा, पुलिस को सौंपा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** चोरी से सरसों की बोरी ले जाते समय चोर को पकड़ लिया। पूछताछ पर उसने करीब 20 बोरी सरसों चोरी करना स्वीकार किया। पीड़ित ने चोर को पुलिस को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार राजीव कुमार पुत्र बुद्धसेन राठौर निवासी दलेलगंज थाना शमशाबाद की गोदाम दलेलगंज बड़ी कुइयां रोड पर बनी हुई है। जिसमें लगभग 100 बोरी सरसों की रखी हुई थी। जिसमें से धीरे-धीरे बड़ी कुइयां निवासी प्रवेश पुत्र हवलदार उम्र लगभग 28 वर्ष ने एक-एक सरसों की 20 बोरियां गायब कर दी। जिसको सोमवार को राजीव कुमार ने सुबह पांच बजे के लगभग गांव के रास्ते में सरसों की एक बोरी को फैजबाग की ओर ले जाते देखा। बोरी पर लगे मार्का को देखकर बोरी को पहचान लिया और चोर को पकड़ लिया। राजीव ने बताया कि पूछताछ करने पर उसने कबूल कर लिया कि मैंने चोरी की। घटना की सूचना डायल 112 पर पुलिस को दी गयी। डायल 112 गाड़ी मौके पर पहुंची और चोर प्रवेश को पकड़कर थाने ले आई। राजीव ने बताया है 20 सरसों की बोरियों की कीमत लगभग 50000 हजार रुपए होगी। पीड़ित ने थाने में लिखित प्रार्थना पत्र नहीं दिया है। वहीं पुलिस का कहना है कि जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

### पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** कानून व्यवस्था स्वस्थ दुरुस्त रखने के लिए कस्बा इंचार्ज ने पुलिस के साथ सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान कई वाहनों की तलाशी ली। कस्बा नवाबगंज स्थित चौराहे पर कस्बा इंचार्ज मोहम्मद अकरम ने अपने साथी दरोगाओं के साथ चलाया सघन चेकिंग अभियान चलाया। वहीं संदिग्ध व्यक्ति कार को चौराहे पर छोड़कर चले गये। पुलिस ने उसका चालान कर दिया। वहीं कई वाहनों के हैंडल लॉक न लगे होने के कारण बाइकों के चालान किये गये। वहीं चौराहे पर दोनों तरफ शराब की दुकानों के देखते हुए भारी भीड़ तथा बाहर दुकानदार ग्राहकों को अपनी-अपनी दुकानों में शराब पिलाते हैं। यह जानकारी जब कस्बा इंचार्ज दरोगा मोहम्मद अकरम को हुई तो उन्होंने संदिग्ध दुकानों की भी तलाशी ली और वहां मौजूद संदिग्ध लोगों को हिदायत दी की दुकानों में अंदर शराब न पिलाई जाए और शराब की दुकान के समय खुलने के पहले कोई भी दुकानदार शराब ना बेचे नहीं तो दंडात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है। इस मौके पर कस्बा इंचार्ज मोहम्मद अकरमस दरोगा गिरीश चंद्र, दरोगा हेमंत कुमार मौजूद रहे।

# संदिग्ध अवस्था में युवक का पड़ा मिला शव

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज



मौके पर मौजूद पुलिस व ग्रामीण — समृद्धि न्यूज

**संदिग्ध अवस्था** में युवक का शव सड़क किनारे पड़ा मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम समैचीपुर के प्राथमिक विद्यालय के पास गांव वीरपुर निवासी अशोक जाटव पुत्र परशुराम जाटव उम्र 40 वर्ष का शव सड़क किनारे पड़ा मिला। थाने के चौकीदार कुर्बान अली द्वारा थाना पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे सब इंस्पेक्टर इंद्रजीत सिंह, हल्का प्रभारी संतोष सिंह, दरोगा गिरीश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया। बताया जाता है अशोक कुमार की पत्नी कई महीने पहले अपने बच्चों को लेकर अपने मायके चली गई थी। कई बार अशोक ने प्रयास किया लेकिन उसकी पत्नी मायके से नहीं आई। वह अपने बंद मकान के सामने अक्सर लेट जाया करता था और दिन में शराब पीता था। सोमवार दोपहर गांव वालों ने बताया शराब ठेका पर शराब पीने गया था। इसके बाद वह सड़क किनारे पड़ा रहा। कई राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे सब इंस्पेक्टर इंद्रजीत सिंह ने बताया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर चौकीदार कुर्बान अली की फौती सूचना पर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पत्नी राजेश्वरी देवी और उसके दो पुत्र अभिषेक 18 वर्ष और आर्यन 16 वर्ष का रो-रोकर बुरा हाल है।

### उलाहना देने जा रहे युवक को दबंगों ने पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लोकमन गंगा दरवाजा निवासी सचिन गुप्ता उम्र 27 वर्षीय पुत्र अशोक कुमार ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि उसकी मोटर साइकिल गेलरी मे खड़ी थी, तभी पड़ोसी ग्रीशचन्द्र कौशल पुत्र महेश चन्द्र ने ऊपर छत से हमारी मोटर साइकिल पर पल्टी कर दी। इसकी शिकायत करने हम उसके घर जा रहे थे उसी दौरान ग्रीश चन्द्र, मुकेश उर्फसोनू, तनिष्क, कौशल उर्फ उदय छत से ही हमारे साथ गली-गलौज करने लगे। मेरे द्वारा गाली देने का विरोध करने पर उक्त लोगो ने छत से ईट पत्थर चला दिए। जिस पर सचिन के सर पे ईट लगने से वह घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित के शिकायती पत्र के आधार पर मामला दर्ज कर मेडीकल परीक्षण करवाया।

### पूर्व विधायक विजय सिंह न्यायालय में तलब, नहीं हुए पेश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर निकाय के चुनाव के समय समाजवादी पार्टी से विजय सिंह की पुत्रवधू नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद की प्रत्याशी थीं। उसी समय पूर्व विधायक विजय सिंह ने सोशल मीडिया के माध्यम से फर्रुखाबाद शहर की जनता से अपील की थी। उक्त मामले में फर्रूखाबाद कोतवाली पुलिस ने ईटी एक्ट के मामले में अपराध संख्या 253/2023 के तहत मुकदमा दर्ज किया था। जिसमें विवेचक ने साक्ष्य के आधार पर न्यायलाय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। उक्त मुकदमे में न्यायायल ने बी वारंट के माध्यम से विजय सिंह को वाराणसी जेल से तलब किया था। वाराणसी में वीआईपी प्रोग्राम के पुलिस फोर्स की कमी की वजह से पुलिस ने सोमवार को विजय सिंह को न्यायालय में पेश नहीं किया। उक्त मामले पुनः बी वारंट जारी कर पूर्व विधायक विजय सिंह को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष 26 जुलाई को पेश किया जाएगा।

# ऑन लाइन उपस्थिति के विरोध में पैदल मार्च कर शिक्षक संगठनों ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

- बड़ी संख्या में शिक्षक, अनुदेशक, शिक्षामित्रों ने लिया भाग
- समस्याओं का निदान न हुआ तो होगा आंदोलन

**ऑनलाइन डिजिटल** उपस्थिति के विरोध में शिक्षक संगठनों, कर्मचारी संगठनों ने विभाग भवन स्थित जिला पंचायत कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकायें व कर्मचारी, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों, शिक्षामित्र, अनुदेशक आदि लोगों ने संयुक्त रुप से एकत्र होकर पैदल मार्च करते हुए मांगो को लेकर मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट पहुंचकर एसडीएम को सौंपा। शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, कर्मचारी, संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में पैदल मार्च कर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया। अटेवा के प्रदेश संयुक्त मंत्री संरक्षक ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भूपेश पाठक, अटेवा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह जाटव, जिलाध्यक्ष पीयूष कटियार, जिलाध्यक्ष अविनेश मिश्रा, पीएसपीए जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह राठौर, माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे, राज्य कर्मचारी महासंघ के जिला महामंत्री प्रमोद दीक्षित सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाली व अन्य मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए पैदल मार्च निकालकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में दर्शाया कि किसी भी कीमत पर ऑन लाइन हाजिरी शिक्षक कर्मचारी नहीं भरेंगे। जब तक उनकी लंबित समस्याओं का निराकरण नहीं किया जाता है। स्कूली शिक्षा महानिदेशक द्वारा 18 जून व 5 जुलाई को



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते शिक्षक — समृद्धि न्यूज

भेजे गये पत्र में बेसिक शिक्षकों को ऑन लाइन उपस्थिति का आदेश हुआ है जो अव्यवहारिक है। ऑन लाइन उपस्थिति में जमीनी स्तर पर समस्या हो सकती है। कई विद्यालयों में नेटवर्क नहीं आता है। विद्यालय जाने में कई बार सवारियां बदलनी पड़ती है। भौतिक स्थिति के अनुसार बरसात, जल भराव आदि की समस्यायें आती है। दूर-दराज से रहने वाले शिक्षक 60-70 किलो मीटर का भ्रमण करते है। आंधी, तूफान, बारिश, रेलवे क्रांसिंग बंद होना, गाड़ी धोखा दे जाना आदि समस्यायें उत्पन्न होती रहती है। जिस कारण कई शिक्षक विद्यालय पहुंचने में लेट हो जाता है। ऐसी आपाधापी में सड़क दुर्घटना आदि होने की समस्या उत्पन्न हो सकती है। इन दिक्कतों के कारण ऑन लाइन उपस्थिति जबरदस्ती थोपना अव्यवहारिक है। साथ ही शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक कर्मचारी, संयुक्त मोर्चा द्वारा संगठन ने समस्याओं को पहुंचाने का प्रयास किया है। समस्याओं के समर्थन में विभागीय व्यवहार से क्षुब्ध जनपद के हजारों शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक व कर्मचारी एकत्रित होकर डिजिटाइजेशन का विरोध करते हुए 7 सूत्रीयें मांग पत्र मुख्यमंत्री को भेजा है। इस मौके पर संयुक्त मोर्चा के संयोजक व मण्डल पदाधिकारी ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, भूपेश प्रकाश पाठक, नरेन्द्र सिंह जाटव, पीयूष कटियार, अभिनेष मिश्र, आलोक द्विवेदी, सुजीत कुमार, ऋषिपाल यादव, अनुराग पाण्डेय, विमलेश कुमार, प्रवेश राठौर, पंकज यादव, डा0 वीरेन्द्र त्रिवेदी, डा0 मनोज कुमार दुबे, संजेश यादव, प्रदीप कुमार गौतम, दीपक भास्कर, फूल सिंह शाक्य, विमलेश शाक्य, सतेन्द्र सिंह, देवेन्द्र कुमार, हिमांशु शुक्ला, धर्मेन्द्र गुप्ता, दीपक शाक्य, नागेश गंगवार, अंजू कटियार, ऊषा दीक्षित, बीना गौतम, विमलेश कुमारी राजपूत, नम्रता सिंह, सुधीर शाक्य, मयंक दुबे, आरेन्द्र यादव, अनुराग गंगवार, अनिल वर्मा, देवेश यादव सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षिकायें, शिक्षामित्र, अनुदेश व कर्मचारी मौजूद रहे।

## बीएलसीपी के जिलाध्यक्ष बने पंकज कुमार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**उप कृषि** निदेशक कार्यालय में नियुक्त ब्लाक लेवल कम्प्यूटर प्रोग्रामर की बैठक हुई। समस्त बीएलसीपी ने सर्वसम्मति से बीएलसीसी पंकज कुमार की स्वीकृति से संतोष कुमार ग्राम कलुआपुर को जिलाध्यक्ष मनोनित किया है।

संतोष कुमार ने समस्त बीएलसीपी का अभिनंदन स्वीकार कर संगठन को मजबूत करने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर अंकुल, अनिल, सतेन्द्र, बलराम, पंकज कुमार, सुरेन्द्र सिंह, विकास कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### मिशन वात्सल्य योजना की बैठक ब्लाक शमशाबाद में हुई सम्पन्न



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चन्द्र के निर्देशानुसार शमसाबाद ब्लॉक में मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत गठित ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ब्लॉक स्तर पर बच्चों के संरक्षण और भागीदारी के अधिकार एवं आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराए जाने पर चर्चा की गई। बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारीगणों को महिला कल्याण विभाग के द्वारा महिलाओं एवं बच्चों के सशक्तिकरण हेतु संचालित योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य, स्पॉन्सरशिप योजना आदि के संबंध में जानकारी प्रदान कर ग्राम स्तर पर गठित ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की नियमित बैठक कराकर गांव समुदाय में कठिन परिस्थितियों में रह रहे बच्चों को चिन्हित करने हेतु कहा गया। बैठक में उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारी से कक्षा 5 कक्षा 8 के बाद ड्रॉप आउट हो रही बालिकाओं को चिन्हित कर उन्हें स्कूल में प्रवेश कराए जाने तथा स्कूलों में बाल विवाह, गुड टच बेड टच के संबंध में बच्चों को जागरुक कराए। खण्ड विकास अधिकारी शमीम अशरफ ने अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र सिंह, खंड चिकित्साधिकारी डॉ0 कल्पना, सहायक विकास अधिकारी पंचायत आफाक हुसैन, मुख्य सेविका मंजू पाल, परामर्शदाता प्रवीण गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ता रूबी सिंह, चाइल्ड हेल्पलाइन सुपरवाइजर रुचि दीक्षित आदि मौजूद रहे।

### रेल संरक्षा जागरुकता के तहत नुक्कड़ नाटक कर यात्रियों को किया गया जागरुक



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पूर्वोत्तर रेलवे भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ इज्जतनगर महादेवी वर्मा ग्रुप फतेहगढ़ द्वारा ग्रुप लीडर किरन कुमार कश्यप ने गाइड टीम के साथ रेल संरक्षा जागरुकता अभियान चलाया। पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर द्वारा मण्डल संरक्षाधिकारी नीतू द्वारा दिये गये आदेशानुसार विभिन्न विषय पर नुक्कड़ नाटक द्वारा रेल संरक्षा जागरुकता अभियान के तहत यात्रियों को जागरुक किया गया। टीम ने यात्रियों को जागरुक किया कि यात्रा करते समय ज्वलनशील पदार्थ (स्टोव, गैस सिलेण्डर, कैरोसिन, पैट्रोल, डीजल, विस्फोटक पदार्थ आदि), धूम्रपान (बीड़ी, सिगरेट), पायेदान यात्रा, छत, वफर पर कपलिंग, पुलिंग/चलती रेलगाड़ी में एसीपी ना करें। केवल आपात स्थिति में ही एसीपी का प्रयोग करें। दिव्यांगजन कोच में अनाधिकृत यात्रा ना करें। ट्रैक पासिंग/ट्रैक के किनारे जानवर मवेशी ना चराये और ना ही ट्रैक को पार करें। सभी को रेल संरक्षण की जानकारी दी और जागरूक किया। साथ स्काउट गाइड के बच्चों ने यात्रियों को समझाया और बताया कि आप लोग और लोगों को भी रेल संरक्षण के बारे में जागरुक करें। इस मौके पर गाइड कैप्टन ज्योति शुक्ला व आरपीएफ व स्टेशन अधीक्षक ने सहयोग किया।

### डीएन कालेज में एनएसएस के तहत 150 रोपे गये पौधे



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दुर्गा नारायण महाविद्यालय में शासन के निर्देशानुसार एनएसएस के तत्वाधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। महाविद्यालय के एनएसएस, स्वयंसेवकों, रोवर्स रेंजर्स, एनसीसी कैडेट्स तथा छात्र-छात्राओं ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा0 मनोज गर्ग ने छात्र-छात्राओं को वृक्षों का मानव जीवन में क्या महत्व है इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा0 प्रज्ञा त्रिपाठी के निर्देशन में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। विद्यालय प्रांगण में सभी ने मिलकर लगभग 150 पौधे लगाये। अमरुद, गुलाब, आम, जामुन, बेर, शीशम, इमली, नीबू तथा अन्य प्रकार के पौधे रोपे गये। इस अवसर पर डा0 वीके तिवारी, एचएसएन गुप्ता, डा0 सतेन्द्र मिश्रा, डा0 अजहर जुनैद आलम, डा0 रामनरेश सिंह, डा0 पंचम कुमार, डा0 मोहम्मद अमीन, डा0 अशोक कुमार शर्मा, सरस पाठक, विनय कुमार बाथम, वीरभान सिंह, प्रियांशु सिन्हा, अनामिका मिश्रा, शीतल त्रिवेदी के अलावा छात्र-छात्रायें मौजूद रही।

# विश्व युवा कौशल दिवस पर हुनरबंद हुए सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



कौशल दिवस पर सम्मानित लोग — समृद्धि न्यूज

**विश्व युवा** कौशल दिवस के उपलक्ष में विश्वनाथ सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा हुनरमंद युवाओं का सम्मान समारोह का आयोजन जोगराज स्थित एशियन कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट पर किया गया। शुभारम्भ मुख्य अतिथि रोहित गोयल एवं सुरेन्द्र पाण्डेय ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन के साथ किया। कार्यक्रम में उन युवाओं को भी सम्मानित किया गया जो आज अपने हुनर के बल पर समाज में अपनी अलग पहचान बनाने के साथ-साथ युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत भी हैं। गुतासी के प्रधान आशीष मिश्रा जिन्होंने अपने गांव में अगरबत्ती उद्योग लगाकर लोगों को रोजगार से जोड़ा है। अजय चौहान जो ओडीओपी में आने वाले ब्लाक कारीगर हैं। भारतीय स्टेट बैंक के कर्मचारी जितेन्द्र सिंह जो कि जन्म से ही दृष्टिहीन होते हुए भी अपनी मेहनत व कौशल के कारण सम्मान जनक जीवन व्यतीत करते हुए आज के युवाओं के लिए प्रेरणा श्रोत बनें हैं आदि को संस्था द्वारा अभिनंदन पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कौशल दिवस के अवसर पर छात्रों को प्रमाण पत्र भी वितरित किये गए। उन्होंने कहा कि आज प्रत्येक व्यक्ति को अपने हुनर को तरास कर आगे बढ़ने कि आवश्यकता है। संस्था का उद्देश्य है कि जन सामान्य को रोजगार से जोड़े एवं उसके कौशल का विकास करें। इसके लिए संस्थान समय-समय पर सेमिनार व गोष्ठी के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता है। इस अवसर पर प्रबन्ध निदेशक आकांक्षा सक्सेना, पूर्णिमा दीक्षित, सुपर्णा मिश्रा, दर्पण श्रीवास्तव, अरविन्द दीक्षित, वंशिका मिश्रा, फाल्गुनी सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सविता समाज उत्थान समिति द्वारा गांधी जयंती पर किया जायेगा सम्मेलन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**सविता समाज** उत्थान समिति संगठन का स्थापना दिवस हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीराम श्रीवास्तव के निवास बीबीगंज में मनाया गया। अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष रमेश ठाकुर ने की। संचालन रामनिवास ने किया। मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व पूजन के साथ स्थापना दिवस मनाया गया। 1980 से स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। समाज में जागरुकता, समाजिकता व शैक्षिक स्तर पर कार्यक्रम चलाना, छात्र-छात्रा सम्मान, वृद्धजन सम्मान, सामूहिक विवाह, निर्धनों की आर्थिक मदद, जिला व प्रदेश स्तर पर की जा रही है। रामनिवास ने कहा कि बड़ी संख्या में लोग जुड़ रहे है। देवीदयाल ने कहा कि समाज में कार्य करने वाले राजनैतिक, समाजिक क्षेत्रों में लोग है उन्हे सम्मानित किया जाता है। श्रीराम मास्टर ने कहा कि लोग समाज में भागीदारी के साथ जुड़े। अध्यक्षता करते हुए रमेश ठाकुर ने कहा कि संगठन को मजबूत करें और समाजहित में कार्य करें। गांधी जयंती पर एक सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया है। इस मौके पर सुरेन्द्र कुमार, राकेश कुमार, देवीदयाल, प्रेमप्रकाश, महावीर, उधन सिंह, कमलेश, रामकिशन, अनूप, गंगाराम, अनिल कुमार, दयाशंकर, मुन्नाबाबू, सीपी सिंह, डा0 महेन्द्र कुमार व जीएल श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

# फतेहगढ़ महोत्सव आयोजन समिति ने एसपी को किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



एसपी को सम्मानित करते फतेहगढ़ महोत्सव समिति के लोग

**नवांगतुक** पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी को फतेहगढ़ महोत्सव आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया। समिति के संयोजक व पदाधिकारियों ने एसपी को स्मृति चिन्ह व बुके देकर सम्मानित किया। सदस्यों ने कहा कि आशा के साथ आपके कुशल नेतृत्व में भय मुक्त समाज आम मानस में कानून व्यवस्था कायम रहे। पुलिस अधीक्षक पद का कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात समिति के सदस्यों के साथ मिलकर स्वागत बन्धन अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर संयोजक रिजवान अहमद ताज, हाजी वसीम जमां खां, मुहम्मद तारिक बशीर, यूनुस अंसारी, मनोज कुमार मंजुल, ओम प्रकाश, अलीम अब्बासी, शाहिद उर्फ जुम्मन आदि लोग मौजूद रहे।

# स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में भाविप पदाधिकारियों ने किया रक्तदान, हुए सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



सुरेश गुप्ता को सम्मानित करते भाविप पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

**भारत विकास** परिषद स्थापना दिवस के उपलक्ष में कन्हैयालाल जैन एवं शाखा अध्यक्ष सरदार जगदीप सिंह, सचिव किशन वर्मा के मार्गदर्शन में रक्तदान शिविर एसएम ब्लड बैंक में लगाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में दिलशाद हुसैन एवं विशिष्ट अतिथि डा0 प्रशांत श्रीवास्तव मौजूद रहे। पांचाल शाखा के पदाधिकारियों के सहयोग से विवेकानंद शाखा, महादेवी वर्मा शाखा व व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने रक्तदान शिविर में भाग लिया। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र गुप्ता को शाखा के सदस्यों ने शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। रक्तदाता प्रवनीत कौर ने गीत सुनाया। दिलशाद हुसैन एवम डा0 प्रशांत श्रीवास्तव ने रक्तदाताओं को एक-एक टी-शर्ट व कैप एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। अनुराग गहोई व अभिषेक ने सहयोग किया। अनिता पाठक व केके पाठक ने विचार व्यक्त किये। कन्हैया लाल जैन ने व्यवस्था संभाली। एसएम ब्लड कंपोनेंट सेंटर के डायरेक्टर नायाब हुसैन ने कहा कि रक्त की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जाता है। अध्यक्ष सरदार जगदीप सिंह ने कहा कि ब्लड बैंक में जमा रहता है। जरुरत पड़ने पर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि फतेहगढ़ में अगस्त माह में हड्डियों की जांच एवं स्वास्थ्य जांच शिविर बीएमडी कैम्प भी लगाया जाएगा। शिविर में 20 लोग सिरदार हरजोत सिंह, परवनीत कौर, रोमी छाबड़ा, गगन चतुर्वेदी, किशन सिंह वर्मा, सरदार प्रभजोत सिंह, अनुराग गहोई, रागिनी गहोई, आयुष सक्सेना, शिवम पाठक, सोनू मिश्रा, प्रवीण माथुर, शिवम शर्मा, विनोद अग्रवाल, रचित मिश्रा, अभिषेक, राहुल गुप्ता ने रक्तदान किया। इस मौके पर प्रवीण माथुर, श्याम प्रकाश श्रीवास्तव, नैमिश मिश्रा, मोहित वर्मा आदि लोग मौजूद रहे। संचालन जगदीप सिंह ने किया।

# कार्यशाला में कलाकारों को सिखाये गये अभिनय के गुर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



कार्यक्रम के दौरान मौजूद संस्कार भारती के लोग व कलाकार

**कार्यशाला** में युवा पीढ़ी के नवोदित कलाकारों के साथ रोजगार के अवसर भारतेंदु नाट्य अकादमी एवं संस्कार भारती द्वारा नाट्य विधा की एशियन कम्प्यूटर सेण्टर में चल रहीं कार्यशाला में युवा पीढ़ी के नवोदित कला साधको का कैरियर के साथ- साथ विविध कलाओं के माध्यम से कौशल विकास के साथ उनकी प्रतिभा का विकास हो रहा है। रंग कर्मी एवं प्रशिक्षक अमित सक्सेना द्वारा कला साधको कला का नाट्यकला (अभिनय) के माध्यम से नाटक की स्क्रिप्ट का अभ्यास, संवाद बोलना, शारीरिक अंगों, मुख मुद्राओं का अभिनय के माध्यम से संचालन करना, नाटक में रस-अलंकार लोक कथाओं के महत्व को सिखा रहे हैं। वही रंगकर्मी राजगौरव पाण्डेय, डॉ0 नावेद अंन्सारी, शैली दिवाकर, धीराज मौर्य, सत्या सिंह, दिलीप कश्यप नाट्य कला अभिनय के माध्यम से से ऐतिहासिक नाटक के पात्रों की अहम भूमिका निभा रहे हैं। प्रात्तीय महामन्त्री सुरेंद्र पांडेय ने नाट्य कला में युवा प्रशिक्षार्थियों का कालाओं के माध्यम से उनकी प्रतिभा का विकास उनके कैरियर के साथ रोजगार के अवसर प्रदान कर रहे हैं। संस्कार भारती ऐसी कार्यशाला समय-समय पर सरकार के साथ अथवा संस्था के द्वारा आयोजित करती रहती है। नाट्य विधा के संयोजक अरविंद दीक्षित ने कार्यशाला के संयोजन में भूमिका प्रस्तुत की। संस्था के अध्यक्ष डॉ0 नवनीत गुप्ता ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर समाजसेवी संजय गर्ग, डॉ0 रविंदर यादव, नवीन मिश्रा, आदेश अवस्थी, रविंद्र भदोरिया, नरेन्द्र मिश्रा, नवीन मिश्रा, अनुराग पाण्डेय, भूपेन्द्र प्रताप सिंह, सोनेलाल, कुलभूषण श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। नाट्य समारोह का समापन गुरु पूर्णिमा पर किया जायेगा।

# एफएएई व्यापार मण्डल ने अनिल मिश्रा व अंकुर मिश्रा को बनाया पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



अनिल मिश्रा व अंकुर मिश्रा को मनोनयन पत्र देते जिलाध्यक्ष — समृद्धि न्यूज

**फेडरेशन आफ** आल इंडिया व्यापार मंडल के प्रतिनीधि मंडल द्वारा अध्यक्ष मनोज मिश्रा ने पक्केपुल निवासी अधिवक्ता अनिल मिश्रा को विधिक व अंकुर मिश्रा को लीगल एडवाइजर मनोनित किया है। इनके पदाधिकारी बनने से संगठन को मजबूती मिलेगी। मनोज मिश्रा ने बताया कि लगातार व्यापार मण्डल व्यापारी हित में कार्य कर रहा है। समय-समय पर गोष्ठियां कर लोगों को जागरुक कर रहा है और व्यापारियों की समस्याओं का निदान कर रहा है। शीघ्र ही व्यापारियों की समस्याओं को लेकर बैठक होगी। जो समस्यायें सामने आयेगी उनका निस्तारण कराया जायेगा। इस मौके पर प्रवक्ता लाखन सिंह शाक्य, संजीव वर्मा, प्रशांत, अतुल आदि लोग मौजूद रहे।

# विश्व युवा कौशल दिवस पर जीवीए इंस्टीट्यूट द्वारा छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



छात्रा को सम्मानित करते विपिन अवस्थी

**विश्व** युवा कौशल दिवस के अवसर पर जीवीए ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट में संस्थापक विपिन अवस्थी ने युवाओं को जागरुक करते हुए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। युवा कौशल दिवस पर उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भारत के विकास में युवा अपना अमूल्य योगदान देकर अग्रणी भूमिका निभरएं। आज देश दुनिया में युवा अपने मार्ग से भटक रहे हैं। जहां एक तरफभारतीय युवा देश और विदेश में भारत को गौरवान्वित करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देकर देश को सम्मान दिलाने का कार्य कर रहे हैं। वहीं हमारे समाज में कुछ युवा वर्ग अपनी ताकत और बल को पहचानने में संदेह कर रहे हैं। अब डिजिटाइजेशन का समय है। इसीलिए आज युवाओं को स्वामी विवेकानंद के द्वारा दिए गए संदेश को सिर माथे रख कर जाग्रत हो जाना चाहिए। स्वामी विवेकानंद का कहना था कि उठो जागो और तब तक ना रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए। संस्था द्वारा युवाओं के हित में कल्याणकारी योजनाओं के तहत छात्राओं को लाभांवित किया जाता है और उनकों आर्थिक शैक्षिक क्षेत्र में आगे बढ़ाने के अवसर प्रदान किये जाते है।

# प्राथमिक शिक्षक संघ ने समस्याओं को लेकर बीएसए को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

- डिजिटाइजेशन का विरोध कर दिया धरना

**उत्तर प्रादेशीय** प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विजय बहादुर यादव, जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ला ने अपने शिक्षक साथियों के साथ शिक्षकों की समस्यायें व पंजिका के डिजिटाइजेशन के विरोध में बेसिक शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि 18 जून एवं 5 जुलाई को शिक्षकों की डिजिटाइजेशन उपस्थिति अनिवार्य किये जाने के निर्देश दिये गये। जिसको लेकर शिक्षकों में असंतोष व्याप्त है। ब्लाकों के शिक्षकों ने 11 व 12 जुलाई को ब्लाक संसाधन केंद्र पर एकत्र होकर डिजिटल उपस्थिति का विरोध करते हुए प्रस्ताव पारित किया। संघ द्वारा शिक्षकों की लंबित समस्याओं का निराकरण किया जाये। पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल की जाये। राज्य कर्मचारियों की भांति शिक्षकों को 31 उपार्जित अवकाश दिये जाये। 12 द्वितीय शनिवार अवकाश दिये जाये। आकास्मिक अवकाश, प्रतिकर एवं अध्ययन अवकाश के अलावा निःशुल्क चिकित्सा सुविधा दी जाये। शिक्षकों की प्रोन्नति की जाये आदि मांगों को लेकर समस्याओं का निराकरण हेतु ज्ञापन सौंपा। शिक्षा परिषद के शिक्षक दुर्गम स्थानों पर सेवा प्रदान कर रहे है। आवागमन हेतु सड़क नहीं है, सुविधा नहीं है। निजी वाहन तथा पैदल से पहुंचते है। जल भराव की स्थिति मिलती है। 50-60 किलो मीटर यात्रा करके पहुंचना होता है। ऐसे में दुर्घटना हो सकती है, इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा, आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विजय बहादुर यादव, जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ला, राजेश यादव, मुन्नालाल, अमित मिश्रा, निर्देश गंगवार, अवनीश चौहान, राकेश यादव, डा0 देवेन्द्र यादव, सतेन्द्र राठौर, रामपाल यादव, बलवीर सिंह, डा0 उपेन्द्र गंगवार, सुशील माथुर, नीरज सक्सेना, जितेन्द्र यादव, अश्वनी चतुर्वेदी, उदय यादव, रहवर हुसैन, लक्ष्मीदेवी, फारिया, अस्सीनाज, साक्षी पटेल, आसमीन नाज, अमित, पारुल चौरसिया, अर्चना मिश्रा, पृथ्वीराज राजपूत, चन्द्रकांत दुबे, आलोक, नंदराम, मंजीत यादव, प्रभाकर, विकास गंगवार, शकील खान, राजीव यादव, विजय पाल, रामवीर, आशीष, उजैफ पठान, आकाश पाल, योगेन्द्र कुमार आदि शिक्षक-शिक्षिकायें बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



बीएसए को ज्ञापन सौंपते शिक्षक नेता — समृद्धि न्यूज

# काशी में गंगा का जलस्तर बढ़ा, लहरों में डूबा दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती स्थल

▸ वरुणा नदी का बड़ा हिस्सा जलकुम्भी से पटा, पानी कॉरिडोर के मुहाने पर पहुंचा

समृद्धि न्यूज

**वाराणसी।** पहाड़ों पर लगातार बारिश से गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने लगा है। गंगा की लहरों में दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती स्थल भी डूब गया है। गंगा सीढ़ियों को अपने आगोश में लेने के बाद तेजी से उपर चढ़ने लगी हैं। गंगा की लहरों में बढ़ाव का रुख देख गंगा आरती अब उंची सीढ़ियों पर होगी।



**मणिकर्णिका घाट स्थित रत्नेश्वर महादेव मंदिर, प्रयागघाट स्थित रुक्मिणी मंदिर, ललिता घाट पर बनी जेटी भी लहरों में समाया**

मणिकर्णिका घाट स्थित रत्नेश्वर महादेव मंदिर, प्रयागघाट स्थित रुक्मिणी मंदिर, ललिता घाट पर बनी जेटी भी लहरों में समा गई है। सोमवार को गंगा का जलस्तर 61.79 मीटर रिकार्ड पर पहुंच गया। हालांकि अभी जलस्तर चेतावनी बिंदु 70.262 मीटर से काफी नीचे है। इसके बावजूद गंगा किनारे घाट पर तीर्थ पुरोहित और पंडे अपनी चौकियां उपर की सीढ़ियों पर लगाने लगे हैं। रविवार को गंगा के जलस्तर में 36 घंटों से 10 सेमी प्रति घंटा की दर से वृद्धि दर्ज की गई। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार शनिवार की सुबह गंगा का जलस्तर 58.87 मीटर था।

24 घंटे बाद रविवार सुबह आठ बजे तक 1.14 मीटर जलस्तर बढ़कर 60.1 मीटर पहुंच गया। सुबह आठ बजे के बाद जलस्तर के वृद्धि की रफ्तार कम हुई। जलस्तर 09 सेमी प्रति घंटा की गति से बढ़ रहा था। जल पुलिस व एनडीआरएफ की टीम गंगा में नौका संचालन को लेकर सतर्क है। टीमें लगातार गंगा में गश्त कर रही हैं और नाविकों को सजग कर रही हैं। माना जा रहा है कि गंगा के जलस्तर में इसी तरह बढ़ाव होता रहा तो नौका संचालन पर रोक लग जाएगी।

नावों पर क्षमता से अधिक सवारी न बैठाने और लाइफ जैकेट को लेकर भी माझी समाज को जागरूक किया जा रहा है। उधर, गंगा के जलस्तर में बढ़ाव से वरुणा नदी के जलस्तर में तेजी से वृद्धि आरंभ हो गई है। गंगा के पानी के पहले वरुणापार के सीवर का पानी भी नदी में गिर रहा है। वरुणा नदी का बड़ा हिस्सा जलकुम्भी से भी पट गया है। जलकुंभी से पटी वरुणा नदी का पानी कॉरिडोर के मुहाने पर पहुंच गया हैं।

## कांग्रेस का महंगाई को लेकर मोदी पर तीखा हमला

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने महंगाई को लेकर सरकार पर जमकर हमला बोला और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गरीब का निवाला छीनकर अपने दोस्तों को देते हैं इसलिए महंगाई से पीड़ित गरीब की तकलीफ से उन पर कोई फर्क नहीं पड़ता। पार्टी ने कहा जनता पर महंगाई मैन मोदी का चाबुक फिर चला। थोक महंगाई दर ने एक साल चार महीने का रिकॉर्ड तोड़ दिया है और सब्जियों से लेकर खाने की वस्तुओं में बेतहाशा महंगाई दर्ज हुई है। कांग्रेस ने आवश्यक वस्तुओं की महंगाई का आंकड़ा देते हुए ट्वीट कर आज कहा खाद्य वस्तुओं की महंगाई 8.68 प्रतिशत बढ़ी है जबकि दालों की महंगाई 21.64 प्रतिशत और सब्जियों की महंगाई 38.76 प्रतिशत तक बढ़ चुकी है। सब्जियों में सबसे महंगा प्याज चल रहा है और इस बारे में पार्टी ने कहा, प्याज की महंगाई दर 93.35 प्रतिशत है जबकि आलू की महंगाई दर 66.37 प्रतिशत और फलों की महंगाई 10.14 प्रतिशत बढ़ गई है।

## व्यापम घोटाले के सरपरस्त झारखंड में आकर ईमानदारी का ढोंग रच रहे

▸ महासचिव सह मीडिया प्रभारी ने शिवराज सिंह चौहान पर साधा निशाना

एजेंसी

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने शिवराज सिंह चौहान पर निशाना साधते हुए कहा कि व्यापम घोटाले के सरपरस्त अब झारखंड में आकर ईमानदारी का ढोंग रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपने शासनकाल में 50 फीसदी कमीशन के जनक बने हुए थे। दस साल केन्द्र में पूर्ण बहुमत की भाजपा की सरकार रही। रोज नये-नये वादे देश के प्रधानमंत्री ने किए।

शिवराज सिंह चौहान उन वादों का भी बात करें। देश के कृषि मंत्री हैं तो बतायें, किसानों की एमएसपी की गारंटी क्या है। सिन्हा ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कोरी बयानबाजी न करें, बल्कि हकीकत जानें। हकीकत यह है कि महागठबंधन की सरकार इस राज्य में दो लाख रुपये किसानों की ऋण माफी किये हैं, 200 यूनिट बिजली मुफ्त, विधवा पेंशन की उम्र सीमा हटाई गई, प्रधानमंत्री आवास योजना की पैसा केन्द्र सरकार जरिये रोक दी गई तब हमने अबुआ आवास योजना के तहत राज्य के गरीब परिवारों को आवास मुहैया कराने का काम शुरू किया। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत युवाओं को आरक्षण, पुरानी पेंशन योजना, मनरेगा मजदूरों का मानदेय बढ़ोतरी, आगंनबाडी सेविका, सहायिका की मानदेय बढोतरी ऐसे कई जनहित की योजनाए राज्य सरकार की ओर से चालू है। यदि शिवराज सिंह चौहान कहें तो कुल 461 नहीं, बल्कि उससे भी कहीं ज्यादा धरातल पर उतरी जनयोजनाओं की सूची उन्हें उपलब्ध करवा दें।

# देश का निर्यात बढ़कर 35.20 अरब डॉलर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश के वस्तुओं का निर्यात जून में 2.56 फीसदी बढ़कर 35.20 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया। पिछले साल इसी महीने में निर्यात 34.32 अरब डॉलर रहा था। वहीं, जून में कुल वस्तुओं और सेवाओं का संयुक्त निर्यात 65.47 अरब अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है। जून 2024 के लिए कुल आयात (वस्तुओं और सेवाओं) 73.47 अरब अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है, जो जून 2023 की तुलना में 6.29 फीसदी की सकारात्मक वृद्धि को दर्शाता है।



वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया कि पिछले साल इसी महीने में निर्यात 34.32 अरब डॉलर रहा था। जून में आयात करीब पांच फीसदी बढ़कर 56.18 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले साल की सामान अवधि में 53.51 अरब डॉलर था। इस तरह जून में व्यापार घाटा (आयात और निर्यात का अंतर) 20.98 अरब डॉलर रहा।मंत्रालय के मुताबिक जून 2024 के लिए भारत के कुल (वस्तुओं और सेवाओं) का संयुक्त निर्यात 65.47 अरब अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है, जो जून 2023 की तुलना में 5.40 फीसदी की सकारात्मक वृद्धि है। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने निर्यात के आंकड़ों की जानकारी देते हुए कहा कि मौजूदा रुख को देखते हुए देश के वस्तुओं और सेवाओं का कुल निर्यात चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 800 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर सकता है। उन्होंने कहा कि वित?त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के दौरान वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात करीब 200 अरब अमेरिकी डॉलर रहा है। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल-जून तिमाही के दौरान निर्यात 5.84 फीसदी बढ़कर 109.96 अरब डॉलर और आयात 7.6 फीसदी बढ़कर 172.23 अरब डॉलर रहा है। गौरतलब है कि मई में देश के वस्तुओं का निर्यात 9.1 फीसदी बढ़कर 38.13 अरब डॉलर रहा था, जबकि व्यापार घाटा बढ़कर सात महीने के उच्चतम स्तर 23.78 अरब डॉलर पर पहुंच गया था।

## सीबीआई जांच के खिलाफ उप मुख्यमंत्री शिवकुमार की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कथित तौर पर आय से अधिक संपत्ति बरामद होने के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से अपने खिलाफ दर्ज एक प्राथमिक को चुनौती देने वाली कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने सीबीआई की उक्त प्राथमिकी को रद्द करने की मांग वाली शिवकुमार की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। पीठ के समक्ष वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री शिवकुमार की ओर पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने दलील दी कि आयकर अधिकारियों ने 2 अगस्त 2017 को उनके कथित परिसरों पर छापेमारी की थी। इस कार्रवाई का उल्लेख करते हुए उन्होने कहा कि एक ही घटना में दो कार्यवाही नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा कि इस मामले में आयकर कार्यवाही पहले से चल रही है।

## हाईकोर्ट ममता पर राज्यपाल के मानहानि केस की गुरुवार को करेगा सुनवाई

एजेंसी


**कोलकाता।** कलकत्ता हाई कोर्ट ने बुधवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और कुछ अन्य तृणमूल कांग्रेस नेताओं के खिलाफ राज्यपाल सीवी आनंद बोस की ओर से दायर मानहानि के मुकदमे की सुनवाई गुरुवार तक स्थगित कर दी। इस मामले की सुनवाई गुरुवार को होगी। जस्टिस कृष्ण राव ने कहा कि मुकदमे में उल्लिखित प्रकाशनों को इसमें पक्ष नहीं बनाया गया है।

बोस के वकील ने कहा कि राज्यपाल के खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगाए जा रहे हैं और उन्होंने ऐसा करने वालों के आगे बयान देने पर अस्थायी निषेधाज्ञा की मांग की है। बोस के वकील ने एक नया आवेदन दाखिल करने के लिए समय मांगा, जिसमें आवश्यक संशोधन शामिल होंगे। हाई कोर्ट ने अनुमति देते हुए कहा कि मामले की सुनवाई गुरुवार को होगी।



बोस ने 28 जून को बनर्जी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था, एक दिन बाद जब उन्होंने दावा किया कि महिलाओं ने उन्हें शिकायत की कि वे राजभवन जाने से डरती हैं क्योंकि वहां की गतिविधियों से वे असुरक्षित महसूस करती हैं। 27 जून को राज्य सचिवालय में एक प्रशासनिक बैठक के दौरान बनर्जी ने कहा था, महिलाओं ने मुझे सूचित किया कि वे हाल ही में राजभवन में हुई घटनाओं के कारण वहां जाने से डरती हैं।

## राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से मिले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पत्नी कल्पना सोरेन के साथ सोमवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। दोबारा मुख्यमंत्री बनने के बाद राष्ट्रपति से हेमंत सोरेन की यह पहली मुलाकात है। हेमंत सोरेन ने अपने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर ट्वीट कर राष्ट्रपति के साथ फोटो शेयर की है। इसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा कि राष्ट्रपति से शिष्टाचार मुलाकात हुई।

# वेविन ने रोहित शर्मा को बनाया ब्रांड एम्बेसडर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** ऑर्बिया बिज़नेस एवं इनोवेटिव पाईपिंग समाधानों और एडवांस्ड वॉटर मैनेजमेंट सिस्टम्स में ग्लोबल लीडर, वेविन ने भारत के लिए रोहित शर्मा को अपना ब्रांड एम्बेसडर बनाया है, जिन्होंने हाल ही में देश को टी-20 वर्ल्ड कप दिलाया। 60 सालों से ज्यादा समय के अनुभव के साथ वेविन उसी प्रकार परफॉर्मेंस और ड्यूरेबिलिटी के मानक स्थापित करता है, जैसे भारत के कप्तान और हिटमैन रोहित शर्मा करते हैं।

वेविन पाईपिंग और वाटर स्टोरेज/मैनेजमेंट के विस्तृत समाधान प्रदान करता है। यह पिछले कुछ सालों से भारत में अपना काफी विस्तार कर चुका है। इसने विकसित होते देश की जरूरतों को पूरा करते हुए उद्योग के लिए मानक स्थापित कर दिए हैं। भारत में कंपनी दो ब्रांड्स, वेविन और वेक्टस पाईप्स का संचालन करती है और अपने अंतर्राष्ट्रीय स्तर के उत्पादों द्वारा देश में ड्रेनेज और प्लम्बिंग की समस्याओं का समाधान करती है। कंपनी के पास शोध एवं विकास का दशकों पुराना इतिहास है। रोहित शर्मा और वेविन के बीच गठबंधन देश की जनता के साथ अपना जुड़ाव बढ़ाने के कंपनी के उद्देश्य के अनुरूप है, साथ ही, कंपनी रोहित शर्मा के करियर और छवि का प्रदर्शन करने वाली उत्कृष्टता की ओर अपनी प्रतिबद्धता को उजागर करना चाहती है। ऑर्बिया इंडिया के प्रेसिडेंट, श्री रणधीर चौहान ने कहा, ''सालों से वेविन भारत के विभिन्न शहरों और समुदायों में उच्च गुणवत्ता के प्लम्बिंग और ड्रेनेज सिस्टम उपलब्ध कराते हुए विकसित होते देश की जरूरतों को पूरा करने के लिए समर्पित है। हमें अब रोहित शर्मा को अपनी कंपनी का चेहरा बनाने की खुशी है। उन्हें अपने बेहतरीन प्रदर्शन के लिए देश के लाखों लोग प्यार करते हैं। इस गठबंधन से अत्याधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के समाधान और बेहतर उत्पाद प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। हाल ही में भारत को ऐतिहासिक जीत दिलाने के बाद उनका व्यक्तित्व हमारे ब्रांड के मूल्यों से मेल खाता है और हम मिलकर एक मजबूत भावना का प्रदर्शन करते हैं, जो हमारे व्यवसाय की उत्कृष्टता के अनुरूप है।'' इस गठबंधन के लिए उत्साहित, रोहित शर्मा ने कहा, ''मुझे वेविन के साथ गठबंधन करने की खुशी है। इस ब्रांड ने उच्च गुणवत्ता के इनोवेटिव उत्पाद प्रदान करने में काफी प्रगति की है। मैं इस साझेदारी के लिए आशान्वित हूँ और हम मिलकर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करेंगे।'' यह साझेदारी भारत में कंपनी के लगातार निवेश का हिस्सा है। इससे पहले भारत की पूरी आबादी के मास मीडियम के रूप में क्रिकेट के अतुलनीय प्रभाव को स्वीकार करके कंपनी देश के विकसित होते हुए बाजार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन कर चुकी है।




# गर्मियों में अच्छी सेहत के लिए वरदान है लौकी

गर्मियों में स्वास्थ्य के लिए सही आहार बहुत महत्वपूर्ण होता है और इस समय में खासकर वे आहार पदार्थ जो शरीर को ठंडा रखने में मदद करते हैं, विशेष महत्व रखते हैं। लौकी इसी तरह की एक स्वास्थ्यवर्धक सब्जी है जो गर्मियों में आसानी से उपलब्ध होती है और इसका अनेक तरीकों में सेवन किया जा सकता है। इसके साथ ही, लौकी के फायदों के बारे में भी जान कर आप हैरान हो जाएंगे। लेकिन अगर आपको ये पसंद नहीं है तो आप इसे किस तरह से अलग-अलग रुपों में बना कर खा सकते हैं।

**लोई के फायदे**

लौकी एक स्वस्थ और पोषण से भरपूर सब्जी है जो कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करती है। इसमें पाए जाने वाले पोषक तत्व और उपयोगी गुण इसे एक उत्कृष्ट आहार बनाते हैं। यहां लौकी के कुछ महत्वपूर्ण फायदे हैं

**पोषण से भरपूर**



लौकी में विटामिन सी, विटामिन बी, कैल्शियम, मैग्नीशियम, और पोटैशियम जैसे पोषक तत्व होते हैं जो स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं।

**वजन नियंत्रण**

लौकी में कम कैलोरी होती है व यह वजन नियंत्रण में मदद कर सकती है।

**पाचन क्रिया को सुधारती है**

लौकी पाचन को सुधारने में मदद कर सकती है और अपच में लाभकारी हो सकती है।

**हार्ट हेल्थ**

लौकी में फाइबर होता है जो हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है और रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद करता है।

**लौकी का उपयोग**

अगर आपको लौकी पसंद नहीं है, तो इसे विभिन्न तरीकों में खाने के ये उपाय आपके लिए उपयुक्त हो सकते हैं

**लौकी की सब्जी**

लौकी को प्याज, टमाटर और मसालों के साथ पकाकर स्वादिष्ट सब्जी बना सकते हैं।

**लौकी की खीर**

लौकी को दूध में पकाकर मिठी खीर बना सकते हैं। इसमें चीनी, दालचीनी और काजू डालकर स्वादिष्टता बढ़ा सकते हैं।

**लौकी के कोफ्ते**

लौकी को गोले बनाकर उसे मटर या टमाटर की ग्रेवी में पकाकर मजेदार कोफ्ते बना सकते हैं।

**लौकी का रायता**

लौकी को दही के साथ मिलाकर रायता बना सकते हैं और इसे चावल या पराठे के साथ सर्व कर सकते हैं। इन तरीकों से आप लौकी को स्वादिष्ट बना सकते हैं और इसके सभी स्वास्थ्य लाभों को प्रास कर सकते हैं। अपने आहार में लौकी को शामिल करके आप अपने स्वास्थ्य को बनाए रख सकते हैं और इसके फायदे उठा सकते हैं।

### स्लिम व फिट रहने के लिए इस रूटीन का करें पालन

आज कल पतले रहना बेहद मुश्किल है लेकिन अगर आप चाहते हैं कि आप स्लिम और फिट रहें तो उसके लिए आपको स्वस्थ रूटीन का पालन करना चाहिए। यहां हमने कुछ महत्वपूर्ण टिप्स दी हैं जिन्हें आप भी अपनी जीवनशैली में जरूर अपनाएं –

**1. प्रात:काल की व्यायाम**
रोजाना सुबह उठकर कम से कम 30–45 मिनट की व्यायाम करें। यह दौड़ना, योग या गहरी श्वासायाम हो सकती है।

**2. समय पर नाश्ता**
सुबह का नाश्ता समय पर करें, जिसमें प्रोटीन और फाइबर युक्त आहार शामिल हो।

**3. पानी पिएं**
दिन भर में नियमित अंतरालों में पानी पिएं, कम से कम 8–10 गिलास।

**4. फल और सब्जी खाएं**
अपने भोजन में फल और सब्जियों को शामिल करें, जो कम कैलोरी वाले और पौष्टिक हों।

**5. संतुलित भोजन**
मीठे और तली हुई चीजें को कम करें, और उचित मात्रा में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट्स और फैट्स लें।

**6. रात का भोजन**
रात का भोजन हल्का होना चाहिए, और खाने के बाद अधिक से अधिक दो घंटे का विश्राम लें।

**7. नियमित व्यायाम**
हफ्ते में कम से कम 5 दिन व्यायाम करें, जैसे चलना, जिम या योगा।
इस रूटीन को अपनाकर आप स्वस्थ और फिट रह सकते हैं।

## खबरें एक नजर में

### करंट लगने से बस पर सवार तीन बारातियों की मौत

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में रविवार रात बारातियों से खचाखच भरी एक बस बिजली तार के संपर्क में आ गई। इससे पूरी बस में करंट दौड़ गया। हादसे में बस की छत पर बैठे तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। गंभीर रूप से झुलसे बारातियों को रांची के राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स) रेफर किया गया है। बताया गया है कि यह बस सरायकेला जिले के कुचई थाना क्षेत्र के बारूहातु गांव से राजधानी रांची के तमाड़ थाना क्षेत्र के चोगागुटू जा रही थी। गांव में प्रवेश करने से पहले ही बस विद्युत तार के संपर्क में आ गई। मृतकों की पहचान दिनेश सिंह मुंडा (36), मुंडा (25) और जितेन सिंह मुंडा (12) के रूप में हुई है। हादसे के बाद दोनों पक्षों के बड़े–बुजुर्गों ने बैठकर बात की और तय किया कि शादी नहीं रुकनी चाहिए। इसके बाद किसी तरह से शादी संपन्न कराया गया। लोगों ने बताया कि बस में 80 से 90 बाराती सवार थे। अंदर बस फुल थी। बस की छत पर भी काफी संख्या में लोग बैठे थे। करंट लगने के बाद बस पर सवार लोगों में चीख–पुकार मच गयी। तत्काल बस को रोककर उस पर सवार लोगों को सुरक्षित उतारा गया। घायल हुए पांच लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों में लंबार मुंडा, शंकर मुंडा, सुभाष मुंडा, उपेन मुंडा और चरण मुंडा हैं। बारातियों ने बताया कि इस दुर्घटना की खबर लड़की वालों को हुई तो वे भी गमगीन हो गए।

### मोदी ने ओली को नेपाल का प्रधानमंत्री बनने पर दी बधाई

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खड्ग प्रसाद शर्मा ओली को नेपाल का प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर सोमवार को बधाई संदेश में कहा, नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में आपकी नियुक्ति पर केपी शर्मा ओली को बधाई। श्री मोदी ने बधाई संदेश में कहा, हम दोनों देशों के बीच मित्रता के गहरे संबंधों को और मजबूत करने तथा हमारे लोगों की प्रगति और समृद्धि के लिए पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग को और विस्तारित करने के लिए मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं। नेपाल में श्री पुष्प कमल दहल प्रचंड की सरकार के अल्पमत में आने के बाद नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (यूएमएल) के नेता श्री ओली नेपाली कांग्रेस के समर्थन से दोबारा प्रधानमंत्री बने हैं।

### 4,875 श्रद्धालुओं का एक और जत्था जम्मू से रवाना

**जम्मू।** 4,875 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था अमरनाथ गुफा के लिए जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से कश्मीर घाटी के लिए रवाना हुआ। तीर्थयात्री सोमवार सुबह 162 वाहनों के काफिले में जम्मू आधार शिविर से रवाना हुए। जत्थे में 3464 पुरुष, 1333 महिलाएं, 14 बच्चे, 57 साधु और 7 साध्वियां शामिल थीं। इनमें से 1918 तीर्थयात्री सुबह 3:05 बजे बालटाल आधार शिविर और 2957 तीर्थयात्री सुबह 3:50 बजे पहलगाम आधार शिविर के लिए रवाना हुए, जहां से वे पवित्र गुफा की अपनी आगे की यात्रा के लिए आगे बढ़ेंगे। अभी तक 3 लाख से भी ज्यादा श्रद्धालु बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके हैं।

### ठाणे में गोरखपुर एक्सप्रेस में लगी आग, सभी यात्री सुरक्षित

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में सोमवार सुबह लोकमान्य तिलक टर्मिनस–गोरखपुर एक्सप्रेस के कोच में ब्रेक बाइंडिंग के कारण पहियों के पास आग लग गयी लेकिन किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। रेलवे अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि दो अग्निशामक यंत्रों का उपयोग करके तुरंत आग पर काबू पा लिया गया और बताया गया कि सभी यात्री सुरक्षित हैं। मध्य रेलवे (सीआर) के एक प्रवक्ता ने कहा कि सुबह करीब साढ़े छह बजे एस–8 कोच की ब्रेक बाइंडिंग के कारण गोरखपुर जाने वाली ट्रेन को ठाकुर्ली स्टेशन (ठाणे जिले में) के पास रोक दिया गया। ब्रेक बाइंडिंग प्रक्रिया में ट्रेन के ब्रेक पहियों से जाम हो जाते हैं। इससे भारी धुआं निकलता है, कभी–कभी अधिक गर्मी के कारण आग लग जाती है।

### लखनऊवासियों पर जादू कर गया मैंगो-मिनो फेस्ट




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आलमबाग बस स्टैंड और मेट्रो स्टेशन के पास रणनीतिक रूप से स्थित प्रमुख शॉपिंग और मनोरंजन स्थल शालीमार गेटवे मॉल, जहां होटल बाय सरोवर का होमटेल भी स्थित है, ने अपने यहां मैंगो–मिनो फेस्ट का सफल आयोजन किया। यह बच्चों के लिए बेहद मनमोहक उत्सव साबित हुआ, जिसने पूरे लखनऊ के परिवारों को अपनी ओर आकर्षित किया। 12 जुलाई से शुरू हुआ तीन दिवसीय आम उत्सव लखनऊ में एक शानदार सफलता के साथ संपन्न हुआ। इस उत्सव ने पूरे शहर के परिवारों को आमों के स्वाद, मस्ती और रचनात्मकता से भरपूर तीन दिनों का अनुभव दिया। शालीमार गेटवे मॉल के डायरेक्टर कुणाल सेठ ने कहा, एक प्रमुख रिटेल और मनोरंजन केंद्र के रूप में, हम अपने ग्राहकों की बदलती जरूरतों और प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम समझते हैं कि ग्राहक केवल खरीदारी से अधिक की तलाश में हैं, वे ऐसे अनुभव चाहते हैं जो विशिष्ट, मनोरंजक और यादगार हों। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए, हमने मैंगो–मिनो फेस्टिवल का आयोजन किया। यह त्योहार न केवल लखनऊ के बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए बनाया गया था, बल्कि यह परिवारों को एक साथ आने और हमारे क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाने का अवसर भी प्रदान करता है। मैंगो–मिनो फेस्टिवल स्थानीय समुदाय के साथ हमारे मजबूत संबंधों का प्रतीक है। यह आलमबाग क्षेत्र और आसपास के निवासियों के साथ जुड़ने की हमारी निरंतर पहल का हिस्सा है। इस फेस्ट में कई रोचक और मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें आम से विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाना, जैसे आम का हलवा, आम के सैंडविच, और आम की आइसक्रीम शामिल थे। बच्चों ने आम पर आधारित खेलों का आनंद लिया, जबकि छोटे बच्चों ने आम पेंटिंग में मस्ती की। इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य बच्चों को उनकी रचनात्मकता को खोजने और अपने परिवारों के साथ एक मजेदार दिन बिताने का अवसर प्रदान करना था।

### फिलिस्तीन का झंडा लहराने का वीडियो वायरल, 3 गिरफ्तार

**नवादा।** मोहर्रम जुलूस के दौरान फिलिस्तीन का झंडा लहराने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। इस संबंध में सोमवार को झंडा लहराने वाला तीन लड़कों को पुलिस ने गिरफ्तार भी कर लिया है ।पर्व के दौरान मजार पर चादर पोशी करने जुलूस की शक्ल में जा रहे लोगों के बीच में फिलिस्तीन का झंडा लहराते देखा जा रहा था। झंडा लहराने का वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय पुलिस काफी एक्टिव हो गई। एसडीपीओ पकरीबरावां के नेतृत्व में पुलिस बल ने कार्रवाई करते हुए कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जिसके बाद जुलूस में प्रयुक्त झंडा को भी बरामद की। एसडीपीओ पकरीबरावां महेश कुमार चौधरी ने सोमवार को आधिकारिक बयान जारी कर बताया कि धमौल बाजार में अनाधिकृत जुलूस में दूसरे देश का झंडा लहराने की सूचना के बाद कार्रवाई की गई है। झंडा को जब्त किया गया है। 3 लड़कों को निरुद्ध किया गया है। सभी को न्यायालय भेजा जा रहा है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।